WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 214 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज दुर्ग में रहेगी पूरी छत्तीसगढ़ सरकार, प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक 19 सितंबर को सुबह 11 बजे पीडब्लूडी सभाकक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, विभागीय सचिव सहित 17 जिलों के कलेक्टर मौजूद रहेंगे। दुर्ग में वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर है।

जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था पर खास फोकस किया है। यातायात पुलिस ने रूट डायवर्ट करने के साथ ही अलग अलग स्थानों पर यात्री बसों की पार्किंग की व्यवस्था की है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि दुर्ग शहर में यात्री बसों सहित सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। दूसरे जिले से आने वाली बसें शहीद चौक, पुलिस लाइन समृद्धि बाजार तक ही जाएगी।

इसके लिए शहर की सीमाओं पर अवरोधक लगाने के साथ ही पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। एएसपी ट्रैफिक ने सभी बस चालकों, संचालकों और नागरिकों से व्यवस्था का पालन कर यातायात पुलिस को सहयोग करने की अपील की है। जानकारी के अनुसार बालोद, अर्जुंदा, डोंगरगढ़, दल्लीराजहरा, धमतरी, राजनांदगांव और खैरागढ़ से आने वाली बसें पुलिस लाइन में खड़ी होंगी। जीवन प्लाजा के सामने से रवाना होगी। धमधा नाका और बायपास होकर ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

मिनी बस मालिक संघ ने अपील की

दुर्ग जिला बस मिनी बस मालिक संघ ने जिले के समस्त पदाधिकारियों और वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की आवश्यक बैठक दुर्ग शहर में रखी गई है। जिला प्रशासन ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए बसों के मार्ग में परिवर्तन किया है। दुर्ग से राजनांदगांव, खैरागढ़ और अंडा गुण्डरदेही की ओर जाने वाली सभी गाडियां अपने परमिट समय पर सवारी भरने के लिए गंज मंडी गंजपारा से लगेगी। इस ओर जाने-आने वाली सभी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था पुलिस ग्राउंड गंजपारा के अंदर की गई है, जिन्हें बस स्टैंड नहीं आने दिया जाएगा। मिनी बस मालिक संघ ने अपील की है कि चालक-परिचालक अपने भोजन, पानी की व्यवस्था पहले से कर लें।

इसी तरह दुर्ग से रायपुर और धमधा, बेमेतरा, कवर्धा की ओर जाने वाली सभी बसें अपने परमिट समय से शहीद चौक से सवारी भरेगी। इस रोड की सभी बसों की पार्किंग व्यवस्था रेलवे स्टेशन माल धक्का और थोक सब्जी मंडी परिसर में की गई है। दुर्ग से पाटन, रानीतराई की ओर जाने वाली सभी बसें खालसा स्कूल या समृद्धि बाजार से जाएगी। अंडा की ओर जाने वाली बसों और धमधा की ओर जाने वाली बसों को 19 सितंबर को सुबह 6 बजे तक बस स्टैंड या आसपास कंपनी से हटाना आवश्यक है। ऐसा न करने पर 19 सितंबर को सुबह रोड ब्लॉक होने के बाद गाड़ी निकालने नहीं दिया जाएगा।

आज बेबाक

न इज्जत की चिंता न फिक्र कोई अपमान की वाला गाना पाकिस्तान के लिए ही बना है। टी-20 एशिया कप में वह पहले भारत से बुरी तरह हारा। फिर भारतीय क्रिकेटरों ने पाकिस्तानी खिलाडिय़ों से हाथ न मिलाकर उनके मुंह पर दरवाजा बंद कर करारा तमाचा जड़ा। पाकिस्तान ने मैच रेफरी को हटाने की मांग की तो आईसीसी ने उसे ठुकरा कर जले पर नमक छिड़क दिया। इससे बौखलाकर पाकिस्तान ने एशिया कप के बहिष्कार का ऐलान किया लेकिन तत्काल बाद इसे वापस लेकर थूंक कर चाटने वाला काम कर दिया। लगता है वो अभी और बेइज्जती खराब कराएगा।

एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना समृद्ध होगा : अमित शाह

सासाराम (आईएएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही समृद्ध होगा। लालू परिवार पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव बिहार का विकास नहीं कर सकते हैं। रोहतास जिले के डेहरी में 10 जिलों के चयनित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अन्य दलों में नेता चुनाव जीतते हैं, लेकिन भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता ही चुनाव जीतते हैं।

अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा

मुंबई(आईएएनएस)। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा तेजी से बढ़ता जा रहा है और 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 9 प्रतिशत हो जाएगी, जो कि 2024 में 6.5 प्रतिशत थी। यह बयान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू की ओर से गुरुवार को दिया गया।

राहुल ने लगाए थे चुनाव आयोग पर आरोप

ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे : राहुल

नई दिल्ली/आईएएनएस। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र को बर्बाद करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग को इसे रोकना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी की ओर से मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज उनके खुलासे इस देश के युवाओं को यह दिखाने में एक और मील का पत्थर हैं कि चुनावों में कैसे धांधली की जा रही है। उन्होंने शुरू में ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि ये खुलासों का वह 'हाइड्रोजन बम' नहीं है, जिसका उन्होंने वादा किया था और ये जल्द ही सामने आएगा।

अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण: राहुल गांधी ने 2023 में कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्र का भी उदाहरण दिया, जहां उन्होंने दावा किया कि स्वचालित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके धोखाधड़ी से मतदाताओं को जोड़ा गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, 'मैं ज्ञानेश कुमार के बारे में एक गंभीर दावा करने जा रहा हूं। मैं इसे हल्के में नहीं कह रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरों और भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचा रहे हैं।

राहुल ने कहा, 'आइए जानते हैं कि मैं ज्ञानेश कुमार पर इतना सीधा आरोप क्यों लगा रहा हूं। कर्नाटक में इस मामले की जांच चल रही है। कर्नाटक की सीआईडी ने चुनाव आयोग को 18 महीनों में 18 पत्र भेजे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं। पहला- हमें वह डेस्टिनेशन ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी को चुनाव आयोग का जवाब

■ इससे पहले राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे।

■ प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत यह कहकर की थी कि किसी ने कर्नाटक की अलंद सीट पर 6,018 वोटों को राज्य के बाहर के सॉफ्टवेयर और फोन नंबरों का इस्तेमाल करके डिलीट करने की कोशिश की थी। मोबाइल नंबर भी दिखाए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर वोटरों के नाम मिटाने के लिए किया गया था।

वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते, सभी आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली/आईएएनएस। भारत के चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से हाल ही में संपन्न प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए मतदाताओं के नाम हटाने के आरोपों को गलत और निराधार बताया है। चुनाव आयोग ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि जनता की ओर से ऑनलाइन कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

गुजरात कोल फ्रॉड के आरोपी कुरुद से गिरफ्तार

दो सौ करोड़ के कोयला घोटाले का आरोप

धमतरी/नवप्रदेश। गुजरात के बहुचर्चित कोल फ्रॉड मामले में दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों को गुजरात साइबर टीम ने छत्तीसगढ़ के कुरूद से दबोचा है। आरोपियों ने अपने रिश्तेदार भाजपा नेता के यहां शरण ली थी। वहीं दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद साइबर टीम गुजरात रवाना हो गई है।

कोल फ्रॉड के फरार दोनों आरोपियों ने कुरूद में अपने एक रिश्तेदार भाजपा नेता के घर कई दिनों से रह रहे थे। जिसकी सूचना पर गुजरात साइबर टीम की पुलिस ने कुरूद पुलिस की मदद से बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे धर दबोचा। जिसके बाद दोनों को गुरुवार सुबह सिविल कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया गया।

दोनों आरोपी दो सौ करोड़ के घोटाला में शामिल

मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ गुजरात में केस दर्ज है। दोनों पर करीब दो सौ करोड़ के कोयला घोटाला में शामिल होने के आरोप लगे हैं। आरोपियों के नाम छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी संजय अग्रवाल और सचिन अग्रवाल है। जिनका ठिकाना गुजरात भी है। कोल फ्रॉड मामले में दोनों आरोपियों के अन्य साथी फरार है।

एक्शन मोड में शिक्षा मंत्री

आदेश की अनदेखी पर अधिकारियों को मंत्री गजेंद्र यादव ने लगाई फटकार

■ **डीईओ-बीईओ ऑफिस में सालों से जमे बाबुओं को तुरंत हटाने के निर्देश**

रायपुर /नवप्रदेश। गुजरात दौरे से लौटने के बाद मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग के सभी विंग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मंत्री ने कहा कि वर्षों से एक ही जगह पर जमे हुए डीईओ और बीईओ कार्यालय के बाबू सहित विभागीय अधिकारियों का प्रभार बदला जाए और उन्हें हटाया जाए। इसी दौरान मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आज सख्त तेवर में नजर आए। मंत्रालय से आदेश जारी होने के बाद भी उसका पालन न होने पर मंत्री गजेंद्र यादव ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने साफ कहा कि खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आदेश का पालन हर हाल में होना चाहिए।

मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आदेशों का पालन हर हाल में हो। लापरवाही करने वाले अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

इससे पहले मंत्री गजेंद्र यादव ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए थे, जिसके लिए मंत्रालय से आदेश भी जारी किया गया था। गुजरात से लौटने के बाद गुरुवार को शिक्षा मंत्री ने ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री से की बात कहा- भारत शांति के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की पीएम सुशीला कार्की से फोन पर बातचीत की। उन्होंने हाल ही में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों को प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और शांति तथा स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के समर्थन को दोहराया। पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए सुशीला कार्की के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की। ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी ने 10 अलग-अलग जिलों में दी दबिश

कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच में ईडी ने हुडको भिलाई में छापा मारा

■ **सुधाकर रावके के ठिकानों पर तलाशी और पूछताछ**

दुर्ग/भिलाई/नवप्रदेश। कथित कस्टम मिलिंग घोटाले केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को भिलाई के हुडको में छापेमारी की। चार सदस्यीय ईडी टीम सुबह करीब 6 बजे भिलाई पहुंची और सुधाकर रावके के ठिकानों पर तलाशी और पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी कस्टम मिलिंग अनुबंधों में वित्तीय अनियमितताओं को लक्षित करने वाले एक व्यापक अभियान का हिस्सा है, जो राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति क्षेत्र में खरीद और भुगतान प्रक्रियाओं पर गंभीर चिंताएं पैदा करने वाला मुद्दा है। ईडी टीम कथित रूप से हुडको में भूमि आवंटन, वित्तीय लेन-देन और अनुबंध रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है, जो इस घोटाले में महत्वपूर्ण सबूत हो सकते हैं। यह छापेमारी समूचे छत्तीसगढ़ में की जा रही कई समन्वित कार्रवाइयों में से एक है। सूत्रों के अनुसार, 10 अलग-अलग जिलों में एक साथ छापेमारी चल रही है। ईडी ने जांच के दायरे में आने वाले प्रमुख स्थानों और व्यक्तियों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कस्टम मिलिंग अनुबंधों में शामिल कई सरकारी कार्यालय और निजी संस्थाएं जांच के घेरे में हैं। ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट ने सरेंडर करने से रोका

बहुचर्चित नान घोटाला मामले में मुख्य आरोपी और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला गुरुवार को ईडी स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे, लेकिन कोर्ट ने फिलहाल उन्हें सरेंडर करने से रोक दिया। कोर्ट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश अभी अपलोड नहीं हुआ है, इसलिए सरेंडर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। सुबह डॉ. शुक्ला के घर में ईडी ने दबिश दी । छानबीन पूरी होने के बाद ईडी उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकती है। इसी गिरफ्तारी से बचने के लिए डॉ. शुक्ला ईडी स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे। डॉ. शुक्ला के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आने के बाद ही सरेंडर किया जा सकता है।

गरमा - गरम

सौगात

रायपुर से राजिम ट्रेन सेवा फिर शुरू, -क्षेत्र के लोगों को मिलेगी सुविधा

छत्तीसगढ़ का प्रयाग 'राजिम' अब रेल नेटवर्क से जुड़ा : साय

मनीष जैन

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने आज शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के प्रयागराज यानी राजिम के लिये हरी झंडी दिखाकर नई मेमू ट्रेन सेवा की शुरुआत की। रायपुर से राजिम में नई रेल सेवा के शुभारंभ पर बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर पहुंचे। इस दौरान राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा और रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार सेवा का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में यात्री ट्रेन में सवार होकर रवाना हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी राजधानी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा। ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक होगा। 19 सितम्बर 2025 से नियमित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 68766/68767 राजिम-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों छोरों-राजिम और रायपुर से चलेगी। इस ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी के डिब्बे और 2 पावरकार सहित कुल 8 कोच होंगे। किराया की बात करें तो रायपुर से अभनपुर का किराया महज 10 रुपये है।

19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढिय़ों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। उन्होंने बताया कि लगभग आठ वर्ष पूर्व धमतरी से रायपुर तक नैरोगेज ट्रेन चलती थी और अब आठ वर्षों के अंतराल के बाद यहां ब्रॉडगेज ट्रेन सुविधा उपलब्ध हुई है। इसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन

तीन इनामी नक्सली ढेर हथियार एवं विस्फोटक बरामद

बीजापुर/सुकमा/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित सुकमा और बीजापुर जिलों में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कुल 12 लाख रुपए के इनामी तीन माओवादी मारे गए, जिनमें एक महिला माओवादी भी शामिल है। दोनों ही मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और दस्तावेज भी बरामद किए हैं। सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस दौरान 5 लाख की इनामी महिला माओवादी बूस्की नुप्पों (35) मारी गई। वह मलांगीर एरिया कमेटी की सक्रिय सदस्य (एसीएम) थी और सुकमा एवं दंतेवाड़ा में दर्ज 9 गंभीर मामलों की आरोपी थी। इसके पास से 315 बोर रायफल, रायफल कारतूस, वायरलेस सेट, डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड, पि_ बैग, बारूद, रेडियो, बंडा, नक्सली साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी ❑ शेष पृष्ठ 6 पर

जीएसटी सुधार से देश में नकली सामानों पर नकेल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। जीएसटी सुधार से देश में बड़े स्तर पर सभी सेक्टर्स में टैक्स में कटौती हुई है। इससे नकली सामानों के व्यापार में कमी देखने को मिलेगी। यह बयान फिक्की कैस्केड के चेयरमैन अनिल राजपूत ने गुरुवार को दिया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित फिक्की के एक कार्यक्रम में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए अनिल राजपूत ने कहा, ÷फिक्की कैस्केड की ओर से हर साल मैसकरेड को आयोजित किया जाता है। यह जो तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के

खिलाफ एक आंदोलन है। उन्होंने आगे कहा कि तस्करी और नकली सामानों का व्यापार अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है और हमें इसमें शामिल सभी लोगों को संवेदनशील बनाने की जरूरत है, चाहे वे नीति निर्माता हों, उद्योग या उपभोक्ता हों। जीएसटी 2.0 पर सवाल पूछे जाने पर राजपूत ने कहा कि यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला सुधार है।

'भारत में बांग्लादेश-नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल गांधी'

'बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत'

नई दिल्ली/आईएएनएस। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने केंद्र और चुनाव आयोग के खिलाफ राहुल गांधी के 'वोट चोरी' आरोप की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति

पैदा करना चाहते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, 'भारत का चुनाव आयोग बिना किसी पूर्वाग्रह के काम कर रहा है। राहुल गांधी लोकतंत्र को कमजोर करने, नागरिकों को गुमराह करने और बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश में व्यस्त हैं।'पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 'घुसपैठिए की राजनीति पहले' ही राहुल गांधी का एकमात्र एजेंडा है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के अवैध मतदाताओं को संरक्षण देने के कथित एजेंडे को अनुमति दी गई तो अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के हितों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बार-बार आलोचना किए जाने के बाद चुनाव आयोग का बचाव करते हुए भाजपा नेता ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों एमएस गिल, जो यूपीए सरकार में मंत्री बने थे और टीएन शेषन, जिन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों के संबंधों का हवाला देते हुए पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने कहा, 'एक ऐसा नेता जो चुनाव दर चुनाव हारता है और जनता की ओर से बार-बार नकारा जाता है, जिसके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी लगभग 90 चुनाव हार चुकी है।

साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों को हाईकोर्ट का नोटिस

मुंबई(आईएएनएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में बरी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात लोगों को नोटिस जारी किया। हाई कोर्ट ने उन्हें 6 हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा है। साथ ही अदालत ने एनआईए को भी नोटिस जारी किया है। विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के फैसले को चुनौती दी है। यह सुनवाई मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की बेंच के समक्ष हुई। याचिका में कहा गया है कि जांच में हुई गलतियों या कुछ त्रुटियों के आधार पर आरोपियों को

बरी नहीं किया जा सकता। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि विस्फोट की साजिश रचते समय गोपनीयता बरती गई थी, इसलिए प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। इससे पहले, 16 सितंबर को महाराष्ट्र के मालेगांव में साल 2008 में हुए विस्फोट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की थी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. नं. 202509100400179 /वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती संजू साहू आ./पति जितेश साहू निवासी ग्राम मड़ियापार, पोस्ट हिर्री तह धमधा जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बघेरा प. ह. नं. 07/18 खसरा नं 53/187, रकबा 0.0148 हे. 1595 वर्गफीट दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित आवासीय मिश्रित मार्ग प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति,संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अयया अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./2025081030018 /अ-06 अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिशचंद साहू पिता स्व. चरण साहू निवासी ग्राम खम्हरिया, पोष्ट पुरई थाना- उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदक हरिशचंद है। लेकिन त्रुटिवश नाम राजस्व अभिलेख में हरचंद दर्ज हो गया है। जिसका खसरा नं. 105/1, 311 रकबा 0.38, 0.37 है, है। ऋणपुस्तिका कमांक - 0930982 है। कृषि कार्य के लिए के.सी.सी. बनाने के लिए एवं अन्य कार्य के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में नाम हरिशचंद साहू है। राजस्व अभिलेख में हरचंद को सुधारकर हरिशचंद साहू पिता स्व. चरण साहू दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900358

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी सुमनबाई पिता/पति विट्ठल राव पता संतराबाड़ी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1179/148 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमरीतलाल रामटेके पिता/पति स्व. विठट्ल राव रामटेके पता 221 वार्ड नं. 26 संतराबाड़ी दुर्ग, गीता रामटेके पिता/पति स्व. विठट्ल राव रामटेके पता 221 वार्ड नं. 26 संतराबाड़ी दुर्ग, रतनलाल रामटेके पिता/पति स्व. विठट्ल राव रामटेके पता 221 वार्ड नं. 26 संतराबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.09.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र/202509104700018 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र कुमार जैन पिता- श्री गोकुल चंद जैन उम्र 66 वर्ष निवासी मकान नंबर 152, शिवाजी चौक मॉडल टॉउन भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प0ह0न0 43, रा0नि0म0 जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 1084/411 रकबा 0.0100 हे0 लगान 302.400 रु भूमि आवेदक के पिता के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक के पिता गोकुल चंद जैन पिता राजाराम सराफका स्वर्गवास दिनांक 31/05/2015, को हो जाने एवं आवेदक की माता शांति बाई सराफकी मृत्यु दिनांक 24/12/2018 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202509104500035
विषयः अ-74 सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व
जमराव प.ह.न. 00004 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- संगीता नन्हारे
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका संगीता नन्हारे पति स्वं. धर्मेन्द्र कुमार जाति महरा ग्राम जमराव तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.), द्वारा ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 272, 698, 709, 728 रकबा 1.14, 0.04, 0.68., 0.11 हे. का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आदेशिका ऋण पुस्तिका की छायाप्रति थाना अमलेश्वर का रिपोर्ट, भुईयां अभिलेख, नो-ड्यूज शपथ-पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 26.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202509103300026 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वंदना हरमुख पिता/पति स्व. हेमंत कुमार हरमुख निवासी 1/सी/6 मान सरोवर कालोनी भिलाई-03 जिला दुर्ग छ.ग. मौजा ग्राम थनौद प.ह.न 24 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 61, 754, 1292, 1426, 1478, 1498/1, 1501, 1542, 1555, 1560/1 रकबा कुल 1.6000 हे. हेमंत कुमार हरमुख के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 26.05.2025 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.10.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जागेश्वर कुम्भकार पिता स्व. नारद कुम्भकार निवासी सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा नारद कुम्भकार आ. हिरऊ कुम्भकार की जन्म/मृत्यु दिनांक 27.04.2000 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202509103300022 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वंदना हरमुख पिता/पति स्व. हेमंत कुमार हरमुख निवासी 1/सी/6 मान सरोवर कालोनी भिलाई-03 जिला दुर्ग छ.ग. मौजा ग्राम थनौद प.ह.न 24 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 673/24 रकबा कुल 0.0140 हे. हेमंत कुमार हरमुख के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 26.05.2025 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.10.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202509101200024 /अ-06 अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202509101200024/ अ-06/वर्ष 2024-25 आवेदक रामकुमार पिता स्व. दशरू राम साहू व अन्य-1 निवासी ग्राम कोनारी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम-कोनारी प.ह.नं. 35 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 126/1, 252, 318, 389 रकबा 0.126, 0.32, 0.28, 0.42 हे. आवेदक रामकुमार पिता स्व. दशरू व अन्य-2 सहखातेदारो के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार सगुना बाई साहू पति दशरू राम साहू कि मृत्यु दिनांक 26.11.2023 को हो जाने पर राजस्व अभिलेख से मृतिका सहखातेदार के नाम को विलोपित कर अन्य सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00002 मोहलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107100023

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम मोहलई के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मला बत्रा पिता/पति दयाराम शिवा बत्रा पता भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 3/1(0.0700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता काजल बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, तनिष्का बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, शिवा बत्रा पिता/पति प्रीतम पता भिलाई, नाबालिग भ्रिती बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200114

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर बत्रा पिता/पति दयाराम बत्रा पता वैशाली नगर सुंदर नगर, रितेश बत्रा पिता/पति दयाराम बत्रा पता वैशाली नगर सुंदर नगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 804/5(0.6380), 805/2(0.0360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नाबालिग भ्रिती बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, काजल बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, रितेश बत्रा पिता/पति दयाराम बत्रा पता वैशालीनगर सुंदर नगर, तनिष्का बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200113

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी निर्मला बत्रा पिता/पति दयाराम शिवा बत्रा पता मकान नं. 139 सुंदर नगर भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 804/30(0.0180), 811/3(0.0600) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रितेश बत्रा पिता/पति स्व. दयाराम बत्रा पता प्लाट नं. 139 सुंदरनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
मा.क्र.202509100700076 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव देवजी बोधमागे पिता स्व. देव जी बोधमागे, निवासी वार्ड नं. 43, एफ7, पुराना आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कसारीडीह, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. कसारीडीह, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नम्बर 775/15 रकबा 0.028 हे. भू-राजस्व 0.50 पै. भूमि वर्तमान में आवेदक केशव देवजी बोधमागे पिता स्व. देव जी बोधमागे के नाम पर दर्ज है। आवेदक ने पंजीकृत बयनामा द्वारा दिनांक 05/10/1979 को विक्रेता मंगतू वल्द साधू यादव, निवासी कसारीडीह, तह.व जिला दुर्ग से क्रय किया था। आवेदक ने आदर्श गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित पोटियाकला कसारीडीह दुर्ग के पंजी क्रमांक 62, दिनांक 18/09/79 के अनुसार दिनांक 10/08/81 के अनुसार भूमि आवेदक को आबंटन में प्राप्त कर प्रमाणिकरण करवाकर, ऋणपुस्तिका प्राप्त कर मालिक काबिज होकर मकान निर्माण कर निवास करते चला आ रहा है। त्रुटिवश वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में अध्यक्ष आदर्श गृह निर्माण सहकारी समिति के नाम पर दर्ज हो गया है जिसे विलोपित करते हुए आवेदक केशव देवजी बोधमागे पिता स्व. देव जी बोधमागे, निवासी वार्ड नं. 43. एफ7 पुराना आदर्श नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 10.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही, नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103800045

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी चंदनबाला हीरालाल शाह पिता/पति स्व. हीरालालभान शाह पता मालवीय नगर दुर्ग, विजय हीरालाल शाह पिता/पति स्व. हीरालालभान शाह पता मालवीय नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/9(0.0750) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विजयहीरालाल शाह पिता/पति स्व. हीरालाल भान जी शाह पता मालवीय नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.09.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202509104500034
विषयः अ-74 सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व
जमराव प.ह.न. 00004 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- शिवलाल नन्हारे
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवलाल नन्हारे पिता राजाराम नन्हारे ग्राम जमराव तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 379, 731 रकबा 0.36, 1.31 हे. का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आदेशिका ऋण पुस्तिका की छायाप्रति थाना अमलेश्वर का रिपोर्ट, भुईयां अभिलेख, नो-ड्यूज शपथ-पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 26.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल साहू पिता सेखूराम निवासी खपरी बजरंग चौक के पास तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के हक स्वामित्व की भूमि ग्राम खपरी प.ह.न. 23 रा. नि.म. अंजोरा (ख) तह. व जिला दुर्ग स्थित है जिकसा पुराना खसरा नंबर 571 रकबा 0.595 है. जो वर्तमान मे खसरा नंबर 751 रकबा हे. दर्ज हो गया है तथा रकबा की कमी के साथ पूर्व नक्शा एवं वर्तमान नक्शा त्रुटिवश नक्शे का कुछ हिस्सा एवं रकबा अनावेदक के खाते में अंकित हो गया है। अनावेदक के स्वामित्व हक की भूमि जिसका पुराना ख. न. 579/870 रकबा 0.76 है. वर्तमान ख. न. 750/2 रकबा 0.5000 हे. दर्ज हो गया है एवं रकबा बढ़ने के साथ नक्शा का विस्तार होकर खाते की भूमि का अनावेदक के खसरा नंबर पर अंकित हो गया है। उभय पक्षकारगण अपने मूल नक्शा एवं रकबा में काबिज होकर कास्त कर रहे है मात्र भू अभिलेख में त्रुटिवश आवेदन की खसरे की भूमि का रकबा एवं नक्शा कम दर्ज होकर अनावेदक की खाते की खसरे पर व नक्शा में वद्धि / विस्तार होकर अभिलेख में दर्ज हो गया है जो लिपिकीय त्रुटि मात्र है। उपरोक्त आवेदन पत्र स्वीकार कर आवेदन खाते में जो रकबा 30 डिसमिल भूमि कमी एवं नक्शा में त्रुटि हुई है उसे सुधार करने की कृपा करे।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202509101200022 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202509101200022/ अ-06/वर्ष 2024-25 आवेदक केशवराम साहू पिता स्व.हनुमानशरण साहू निवासी ग्राम चंदखुरी, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम-चंदखुरी प.ह.नं. 37 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 619/4, 619/6, 1472/4, 1512 रकबा 1.4400, 0.5200, 0.2100, 0.3400 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 2.5100 हे. आवेदक के पिता हनुमानशरण साहू पिता स्व. गंगाराम साहू के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार हनुमानशरण साहू पिता स्व. गंगाराम साहू कि मृत्यु दिनांक 17.01.2025 को हो जाने पर राजस्व अभिलेख से मृतक खातेदार के नाम को विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
पंजी. नं. 202509100600035 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मधु वर्मा पिता/पति श्री भूपेश वर्मा, निवासी ग्राम पन्दर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग), के द्वारा ग्राम- पाटन, प.ह.न. 35, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 604/9 रकबा 0.0110 हे. भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 23.09.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100238

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी खेदन सिंह पिता/पति पिननकू सिंह पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 708/39 (0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहनीचंद्र सिंह पिता/पति स्व. खेदन सिंह राजपूत पता वार्ड 41 सुभाषनगर केलाबाड़ी दुर्ग, सुकृति बाई पिता/पति स्व. खेदन सिंह राजपूत पता वार्ड 41 सुभाषनगर केलाबाड़ी दुर्ग, गरिमा राजपूत पिता/पति स्व. तिलकराज सिंह पता वार्ड 12 झलमला बालोद, दिग्विजय सिंह राजपूत पिता/पति स्व. खेदन सिंह राजपूत पता वार्ड 41 सुभाषनगर केलाबाड़ी दुर्ग, सोनिया ठाकुर पिता/पति स्व. खेदन सिंह राजपूत पता वार्ड 41 सुभाषनगर केलाबाड़ी दुर्ग, ना.बा. अनिका सिंह वली पालक मां गरिमा राजपूत पिता/पति स्व. खेदन सिंह राजपूत पता वार्ड 41 सुभाषनगर केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103500076

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती विमलबाई भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, सुनील कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, अनिल कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, अजित कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, श्रीमती शीला चौधरी पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/88 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिल कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, श्रीमती शीला चौधरी पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, अजित कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड, सुनील कुमार भांडेकर पिता/पति स्व. जीवराखन लाल भांडेकर पता मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट कातुलबोर्ड के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00002 मोहलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107100022

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम मोहलई के वर्तमान भूमिस्वामी इन्द्रावतीन पिता/पति हीरालाल पता तितुरडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 46/4(0.0134) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता युवनकिशोरी नेताम पिता/पति भगत सिंह नेताम पता मकान नं. 28 वार्ड 5 गोटीपारा कुंजकन्हार भर्रीटोला तह. डौण्डी जिला बालोद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00002 मोहलई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107100021

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00002 के अंतर्गत ग्राम मोहलई के वर्तमान भूमिस्वामी इन्द्रावतीन पिता/पति हीरालाल पता तितुरडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 46/4(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती भुनेश्वरी ध्रुवे पिता/पति जितेन्द्र कुमार ध्रुवे पता वार्ड 5 बाजार चौक गुरुर तह. गुरुर जिला बालोद छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.10.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./202509104400008 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका चम्पा देशमुख पिता बंशीलाल देशमुख जाति कुर्मी निवासी ग्राम एम.आई.जी.आई./717 आमदी नगर हुड़को भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पोटिया प0ह0नं0-11 तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक मे दर्ज भूमि ख0नं0 67 (0.1300 हे.), 261 (0.0200 है.), 293 (0.0600 हे.), 568 (0.1400 है.), 569 (0.2400 है.), 572 (0.0900 हे.), 573 (0.3800 हे.), 576 (0.0500 है.), 575 (0.0500 है.), 588/2 (0.0600 हे.), कुल खसरा नंबर-10 कुल रकबा 1.22 हे. चम्पा बाई देशमुख पिता बंशी देशमुख के पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 19.09.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./202509104400009 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चितरंजन दुर्गा देशमुख पिता दुर्गाराम देशमुख जाति कुर्मी निवासी ग्राम एम.आई.जी.आई./717 आमदी नगर हुड़को भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम पोटिया प0ह0नं0-11 तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक मे दर्ज भूमि ख0नं0 कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0. 62 हे. चितरंजन दुर्गा देशमुख पिता दुर्गाराम देशमुख के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 19.09.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202509101000075 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202509101000075/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक विष्णु कुमार बोरकर पिता स्व. विपतराम बोरकर निवासी राधिका नगर सुपेला द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 3789 रकबा 0.060 हे. है। जो भूमिस्वामी विपतराम पिता चंगिया के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी विपतराम पिता चंगिया एवं श्रीमती रत्नी पति विपतराम की मृत्यु दिनांक 01.10.1998, 04.12.2011 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 02.10.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुखिया बाई पिता/पति राम खिलावन निवासी पंचशील नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा रामखिलावन गुप्ता पिता गमेश गुप्ता की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.04.2015 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
पंजी. नं. 202509100600036 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मीनल यदु पिता/पति श्री विष्णु यदु, अन्य 1, निवासी लिली चौक पुरानी बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 261/4, 261/13 रकबा 0.0130, 0.0037 हे. भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.09.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100237

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी राजेश कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता क्वा. नं. 517/बी सेक्टर-6 विशाखापट्नम, हेमंत कुमार साहू पिता/पति स्व. पुनाराम साहू पता एचआईजी 2/464 वार्ड 51 प्रगति मैदान के पास बोरसी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726/6(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भीषमलाल देवांगन पिता/पति स्व. श्यामलाल देवांगन पता वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: तामेश्वर प्रसाद साहू — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400231/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तामेश्वर प्रसाद साहू आ./पति रेवाराम साहू निवासी वार्ड नं. 4 गयानगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	851/177	0.004 हें वर्गफीट 400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: ना.बा. योगेश सोनी वली — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400230/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ना.बा. योगेश सोनी वली आ./पति गोपाल सोनी निवासी वार्ड नं. 57 उरला दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	850/144	0.0116 हें वर्गफीट 1250	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: तारेश्वरी तिवारी — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400245/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तारेश्वरी तिवारी आ./पति परसराम तिवारी निवासी सेक्टर-7 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	610/7	0.0230 हें वर्गफिट 2500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: ए.अताउल्लाह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400165/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ए. अताउल्लाह आ./पति नबीबबक्श निवासी बैलाडीला द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	3171/3	0.020 हें वर्गफीट 2000	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

■ ▌ न्यूज गैलरी

कहावत पर गरमाई राजनीति: सिंहदेव के वार पर चौधरी का पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि 'अंग्रेज चले गए, औलाद छोड़ गए' कहावत भाजपा पर सटीक बैठती है. भाजपा अंग्रेजों की सिखाई विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ा रही। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सिंहदेव के बयान पर पटलवार करते हुए कहा है कि अंग्रेजों के कौन करीब था यह सब जानते हैं. हमारे देश की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हुए बीजेपी काम कर रही है। टीएस सिंहदेव ने पोस्ट में कहा है कि बहुसंख्यकों को डराना, अल्पसंख्यकों को अमानवीय बताना और नफरत फैलाकर वोट मांगना भाजपा का हथकंडा है. उन्होंने चुनाव आयोग से भी सवाल किया है कि क्या किसी दल को ऐसे नफरती और विभाजनकारी वीडियो साझा करनी चाहिए? सिंहदेव के बयान पर पलटवार करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि अंग्रेजों के कौन करीब था यह सब जानते हैं. हमारे देश की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हुए बीजेपी काम कर रही है. सोनिया गांधी रिमोट से सरकार चलाती थी. देश पर पहला हक माइनोरिटी का है, यह कांग्रेस ने पीएम से कहलवाया था।

चौथा हिंद युग्म उत्सव 20 से, छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की दिखेगी झलक

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में साहित्य प्रेमियों के लिए 2 दिवसीय हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन 20 व 21 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जा रहा है जहां कहानियाँ, कविताएँ, संगीत और कला का संगम होगा। इस उत्सव में देश भर से करीब 100 लेखक व साहित्यकार शामिल होंगं जिसमें राहगीर, फैजल मलिक (पंचायत फेम), नीलोत्पल मृणाल जैसे बहुत से लोगों को करीब से जानने और सुनने को मिलेगा। हिंद युग्म उत्सव 2025 का आयोजन साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को केंद्र में रखकर आयोजित हो रहा है जिसमें शुक्ल पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

हिन्द युग्म के संस्थापक शैलेश भारतवासी ने पत्रकारों से चर्चा करते बताया कि हिंदी साहित्य की किताबें बहुत ज़्यादा बिक रही हैं, इसका प्रमाण है कि लेखक विनोद कुमार शुक्ल को इस वित्तीय वर्ष में अब तक लगभग 6 माह की रॉयल्टी की रकम 30 लाख रुपए इस आयोजन में ससम्मान दी जा रही है। इसके अलावा इस आयोजन में शामिल हो रहे साहित्यप्रेमियों को किताबों की दुनिया, इसके नए ट्रेंड पर परिचर्चाएँ, लेखकों से मुलाक़ात, सिने-अभिनेताओं और सिनेमा-विशेषज्ञों से बातचीत एवं मुलाक़ात, हिन्दी के 'कैंपस-कविता' कार्यक्रम का विशेष आयोजन, ओपन माइक 'छत्तीसगढ़ : मंच खुला है' का डेडीकेटेड मंच जहाँ 200 से अधिक नई प्रतिभाएँ अपनी प्रस्तुतियाँ देंगी। संगीतमय शाम, स्टैंड-अप कॉमेडी, बच्चों एवं बड़ों के लिए टेराकोटा, पेंटिंग इत्यादि की कार्यशालाएँ, देशभर के सभी महत्वपूर्ण प्रकाशकों की किताबों की प्रदर्शनियाँ, बिक्री के स्टॉल, आर्टिफ़िशियल इंटिजेंस पर विशेष-सत्र एवं प्रस्तुति, नई किताबों का लोकार्पण, आने वाली किताबों को कवर-रिलीज, स्टोरीटेलिंग, लाइव-सिंगिंग का विशेष सत्र जैसे कई महत्वपूर्ण स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण पदक

■ राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए खिलाड़ी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कूड़ो प्रतियोगिता दुर्ग जिले में आयोजित हुआ। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 40 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वेट कैटिगरी में भाग लिया। प्रतियोगिता में 18 पुरुष एवं 22 महिला खिलाडियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक, 7 रजत पदक और 13 कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय कूड़ो चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर माह में गुजरात मे होने वाले राष्ट्रीय कूड़ो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खेल छत्तीसगढ़ शासन और भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है। विजेता खिलाड़ियों शासन द्वारा नगद राशि प्रदान

कर सम्मानित किया जाता है। जिसमें बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न कटेगरी में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खिलाड़ियों विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप में विजेता खिलाडियों को कूड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष ने भी बधाई दी।

नए शिक्षा सत्र से स्कूल खुलते ही छात्रों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश व साइकिल वितरण सुनिश्चित करें

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी जिले में बनेगा मॉडल स्कूल : शिक्षा मंत्री

■ 'कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका नवंबर तक अपडेट करने कहा , सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन के लिए भटकना न पड़े'

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आज मंत्रालय, महानदी भवन में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्षों की ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक लोक शिक्षण ऋतुराज रघुवंशी, एवं प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा संजीव झा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बैठक में मंत्री श्री यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे। मॉडल स्कूल स्थापित करने योग्य स्कूलों की जानकारी 10 दिन में संचालनालय को प्रस्तुत की जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा डीएवी, इग्नाइट और पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने भवन विहीन और भवन की आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्यात्मक जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि जहां भवन बनाना आवश्यक हो वहां प्राथमिकता से इस कार्य को करें। उन्होंने कहा कि डिस्मेन्टल योग्य भवनों की स्थिति का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने लघु मरम्मत और शौचालय मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

बच्चों के प्रतिभा में कोई कमी नहीं : गजेन्द्र

मंत्री श्री यादव ने कहा कि नए शिक्षा सत्र शुरू होते ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और सायकल का वितरण स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों तक पहुँच जाना चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएँ समय रहते पूरी कर ली जाएँ। मंत्री श्री यादव ने प्रशासनिक कार्यों में उदासीनता के कारण मनेंद्रगढ़- चिरमिरी - भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आर पी मिरे को शो कॉस नोटिस देने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री यादव ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रारंभ से ही विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के है। उन्होंने विभाग के अंतर्गत न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेकर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना, विद्यार्थियों के बैंक खाते खोलने तथा उनके जाति प्रमाण पत्र आदि के संबंध में विशेष चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

रिटायर्ड आईएएस निरंजन दास को ईओडब्ल्यू ने लिया हिरासत में

■ शराब घोटाले में निरंजन दास की भूमिका रही है: ईडी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में एक बड़ा ब्रेकथ्रू आया है। आर्थिक अपराध विंग ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी निरंजन दास को हिरासत में ले लिया है। कांग्रेस सरकार में निरंजन दास आबकारी आयुक्त की हैसियत से काम कर रहे थे। शराब घोटाले में निरंजन दास की भूमिका रही है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, निरंजन दास ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा (सिंडिकेट के कथित संरक्षक), अरुणपति त्रिपाठी (तत्कालीन विशेष सचिव आबकारी), अनवर ढेबर (व्यवसायी, रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई), और अन्य के साथ मिलकर सिंडिकेट चलाया। इस सिंडिकेट ने आबकारी विभाग की मिलीभगत से राज्य को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इसमें सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करना, डिस्टिलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाना, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई पर वसूली, और डुप्लीकेट होलोग्राम (सुरक्षा फीचर) का इस्तेमाल कर अनियमित शराब बेचना शामिल था।

जांच एजेंसियों ने अपनी चार्जशीट में पहले भी यह बताया है कि नोएडा की कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स (विधु गुप्ता की) को टेंडर देने में निरंजन दास की भूमिका थी। यह कंपनी योग्य नहीं थी, लेकिन निरंजन दास, त्रिपाठी और टुटेजा ने टेंडर शर्तें बदलकर इसे अवैध रूप से आवंटित किया। इससे डुप्लीकेट होलोग्राम बनाए गए, जो अवैध शराब की बिक्री को वैध दिखाने के लिए इस्तेमाल हुए। प्रत्येक होलोग्राम पर 8 पैसे का कमीशन लिया गया, जिससे 1200 करोड़ का नुकसान हुआ।

सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, मुख्यालय वनधन भवन, सेक्टर-24, नवा रायपुर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 11.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत मानव सेवा और सामाजिक योगदान का एक प्रेरणादायक उदाहरण बना।

इस शिविर में वनोपज संघ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 40 यूनिट रक्त स्वेच्छा से दान किया। खास बात यह रही कि इस शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। यह आयोजन लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने भी रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित किया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी चिकित्सीय नियमों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया।

इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। प्रबंध संचालक श्री साहू ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और जनहित के कार्यों को नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।

व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में हुई शामिल

दिव्यांग खिलाड़ियों के साहस व संघर्ष है मिसाल: राजवाड़े

रायपुर/ नवप्रदेश। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आज रायपुर सिविल लाइन स्थित शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुईं। मंत्री ने आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि व्हीलचेयर रग्बी जैसे खेल दिव्यांग खिलाड़ियों के साहस और संघर्ष की प्रेरणादायी मिसाल हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें खेल और अन्य गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं दिव्यांग खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देती हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी, खिलाड़ी, विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला के मोबाइल पर आया फर्जी ट्रैफिक ई-चालान का लिंक

■ क्लिक करते ही मोबाइल हो गया हैक, साइबर ठगों ने बैंक अकाउंट किया खाली

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में फर्जी ई-चालान लिंक के जरिए साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। संजय नगर निवासी एक महिला का मोबाइल हैक कर ठगों ने उनके बैंक खाते से 5 लाख 12 हजार 900 रुपये उड़ा लिए। इससे पहले दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर में पार्षदों व कारोबारियों से ठगों ने करीब 10 लाख रुपये हड़पे थे।

टीकरापारा पुलिस के अनुसार संजय नगर की रहने वाली अर्चना भदौरिया के व्हाट्सऐप पर 15 सितंबर की सुबह एक मैसेज आया, जिसमें 1,000 रुपये का ई-चालान भरने का लिंक दिया गया था। मैसेज देखकर वह घबरा गई कि उनका चालान कैसे कट गया। उन्होंने लिंक खोला तो उनका मोबाइल हैक हो गया। फोन कुछ देर तक काम ही नहीं कर रहा था और बाद में वाट्सएप का सारा डेटा डिलीट हो गया। इसके दो दिन बाद बुधवार 17 सितंबर की सुबह 6 बजे उनके मोबाइल पर ओटीपी आया और कुछ ही मिनटों में अलग-अलग किस्तों में खाते से 5.12 लाख रुपये निकाल लिए गए।

पहले भी पार्षद और कारोबारी बने शिकार

छत्तीसगढ़ में ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी के लगातार मामले सामने आ रहे है। इससे पहले दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर में पार्षदों व कारोबारियों से ठगों ने करीब 10 लाख रुपये हड़पे थे। लगातार बढ़ रही इन घटनाओं ने पुलिस और परिवहन विभाग दोनों को अलर्ट कर दिया है। दुर्ग- मठपारा वार्ड के पार्षद नरेन्द्र कुमार बंजारे से 9 सितंबर को 89,500 रुपये की ठगी हुई। उनके मोबाइल पर ई-चालान लिंक आया, जिसे क्लिक करते ही रकम दो ट्रांजेक्शन में उड़ गई। बिलासपुर-दयालबंद वार्ड 36 के पार्षद बंधु मौर्य से 3 सितंबर को 3 लाख रुपये की ठगी हुई। उन्होंने लिंक के जरिए आधार, पैन और बैंक डिटेल भर दीं। इसके बाद उनके एचडीएफसी खाते से लगातार पैसे ट्रांसफर होते रहे।

युवाओं को रोजगार दिलाना सरकार की पहली प्राथमिकता : राजस्व मंत्री वर्मा

■ छत्तीसगढ़ में एआई हब और तकनीकी शिक्षा से खुलेगा रोजगार का नया द्वार: गुरु खुशवंत

रायपुर/नवप्रदेश । स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदाबाज़ार में जिला प्रशासन की ओर से आज भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विजन है कि प्रदेश के प्रत्येक युवा को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का प्रयास है कि कॉलेज की पढ़ाई पूरी करते ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का एकमात्र रास्ता कड़ी मेहनत है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी लेकर सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में साढ़े 13 एकड़ में एआई हब का निर्माण किया जाएगा।

पक्का आशियाना मिलने से खिले चेहरे

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े में हितग्राहियों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। अपनी जरूरते पूरी होने और परेशानियों से मुक्ति मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बिलासपुर में हुए कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को पक्के आशियाने की चाबी, भवन अनुज्ञा, पहले किश्त की राशि और वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए। इसके साथ ही लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लाभान्वित कुदुदन निवासी ममता दुबे को आवास स्वीकृत हुआ और भवन का नक्शा मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें किराए के घर से निजात मिल गई है। इसी तरह हेमूनगर की गोटीवाड़ा विजया और बिजौर निवासी ओम साहू को घर की चाबी मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विजय ने बताया कि पति ड्राइविंग का काम करते हैं।

महाजेनको ने छत्तीसगढ़ की बड़ी खदानों में से एक

गारे-पल्मा सेक्टर II कोयला खदान का उद्घाटन

रायपुर/ नवप्रदेश। महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) ने आज रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में स्थित गारे-पल्मा सेक्टर II (GP-II) कोयला खदान का कार्य प्रारंभ किया। खदान के बॉक्स कट गतिविधि की शुरुआत महाजेनको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बी. राधाकृष्णन (IAS) की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर निदेशक (वित्त)मनीष विश्वनाथ वाघिरकर, निदेशक अभय हरने, कार्यकारी निदेशक नितिन वाघ, पंकज सपाटे, प्रशासनिक अधिकारीगण, वरिष्ठ अधिकारी और समस्त टीम उपस्थित रहे।

महाजेनको ने इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक पर्यावरणीय, वन, खनन और प्रशासनिक अनुमतियाँ प्राप्त कर ली हैं। आज खदान का विधिवत शुभारंभ किया गया और संचालन की सभी आवश्यक अनुमतियों के तहत बॉक्स कट गतिविधि स्थानीय ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। खदान से कोयले का निष्पादन जनवरी माह से करने की योजना है।

GP-II कोयला खदान परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे बड़ी खदानों में से एक है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन टन है। यह खदान महाराष्ट्र राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, विशेष रूप से चंद्रपुर, कोराडी और पारली जैसे थर्मल पावर प्लांट्स को कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इससे राष्ट्रीय ग्रिड को 3200 मेगावाट से अधिक बिजली प्राप्त होगी। इस खदान के संचालन से भारत की कोयला आयात निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आएगी और देश को स्थानीय कोयला संसाधनों के माध्यम से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूती मिलेगी। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

परियोजना से करीब 3400 प्रत्यक्ष और हजारों अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका के नए साधन प्राप्त होंगे। साथ ही, खदान के संचालन से राज्य को रॉयल्टी, जीएसटी और अन्य करों के रूप में भारी राजस्व प्राप्त होगा।

सुविचार

दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान वह होता है जो लोगों के ताने सुनकर भी सबकी भलाई करना नहीं छोड़ता। - अज्ञात

पाकिस्तान ने ट्रंप को दिखाया आईना

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आखिरकार पाकिस्तान ने भी आईना दिखा दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की क्रेडिट लुटने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने 30 बार यह झूठ बोला था कि उन्होंने ही भारत और पाकिस्तान पर व्यापार रोकने की चेतावनी देकर सीजफायर कराया था जिसका भारत ने खंडन किया था इसके बावजूद डोनाल्ड ट्रंप लगातार इसका श्रेय लुटने के लिए झूठ बोलते रहे। डोनाल्ड ट्रंप के ऐसे बयानों को भारत में विपक्षी पार्टियों ने भी बड़ा मुद्दा बना लिया था और उन्होंने भारत पर अमेरिका के सामने झुकने का आरोप लगाया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो इसे लेकर नरेन्द्र सरेंडर का नारा ही उछाल दिया था किन्तु अब खुद पाकिस्तान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के झूठ का पर्दाफाश करते हुए उनके खोखले दावे की पोल खोलकर रख दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उपप्रधानत्री इशाक डार ने अलजजीरा को दिये गये एक इंटरव्यू में यह स्पष्ट कर दिया है कि आपरेशन सिंदूर के बाद किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं हुई थी, इस बारे में अमेरिकी विदेश मंत्री मारको रूबीयों ने भी पाकिस्तान के साथ बातचीच के दौरान यह माना था कि इस मामले में भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता करने के लिए तैयार नहीं है। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर कराने का दावा करना जारी रखा था। बाद में उन्होंने अपने बयान में थोड़ा संशोधन कर यह कहना शुरू किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को खत्म करने में मदद की थी लेकिन भारत ने उनके इस दावे को भी खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों देशों की सेनाओं के महानिदेशकों के बीच हुई बातचीत के बाद भारत ने अपनी शर्तों पर सीजफायर के लिए सहमति दी थी और पाकिस्तान को यह भी चेतावनी दी थी कि यदि इसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कोई आतंकवादी घटना को अंजाम दिया तो उसे युद्ध माना जाएगा और आपरेशन सिंदूर फिर शुरू हो जाएगा। भारत की बात को पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने सही साबित कर दिया है और उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान तो भारत के साथ हर तरह की बातचीत के लिए हमेशा तैयार है लेकिन भारत ही बातचीत के लिए तैयार नहीं हो रहा है और इसके लिए पाकिस्तान भारत से याचना नहीं करेगा। वैसे उन्होंने उम्मीद जताई है कि पाकिस्तान के साथ भारत भविष्य में बातचीत के लिए तैयार होगा। इशाक डार के इस बयान से स्पष्ट है कि अब पाकिस्तान भारत के साथ रिश्ते सुधारने का इच्छुक है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए कि जब तक पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद की आग को हवा देना बंद नहीं करेगा तब तक उसके साथ भारत बातचीत के लिए अपने दावाजे नहीं खोलेगा।

आईसीसी ने निकाली पाकिस्तान की हेकड़ी

टी-20 एशिया कप में पाकिस्तान की क्रिकेट टीम ने भारत से मिली हार पर मैच रेफरी पर बेइमानी करने का आरोप लगाया था। उसने इसकी शिकायत आईसीसी से की थी और यह धमकी दी थी कि यह मैच रेफरी को हटाया नहीं गया तो पाकिस्तान एशिया कप का बहिष्कार कर देगा। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि उसकी धमकी के सामने आईसीसी झुक जाएगा लेकिन उसने मैच रेफरी को हटाने से इंकार करते पाकिस्तान की हेकड़ी निकाल दी। नतीजतन ओमान के खिलाफ पाकिस्तान ने मैच खेलने से इंकार कर दिया, लेकिन बाद में उसने अपना यह फैसला बदल दिया और एक घंटे देर से स्टेडियम में पहुंचकर मैच खेला और यह मैच जीत भी लिया। किन्तु पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ने बेवजह हेकड़ी दिखाकर अपनी भद पिटवा ली। दरअसल पाकिस्तानी क्रिकेट टीम हैंडसेक विवाद से बुरी तरह आहत थी और इसका बदला निकालने के लिए उसने मैच रेफरी पर पक्षपात करने का बेबुनियाद आरोप लगाया था। जो जांच में गलत पाया गया। बहरहाल पाकिस्तान को बाद में अपनी गलती का एहसास हुआ और एशिया कप के बहिष्कार के कारण पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड को जो लगभग 140 करोड़ रूपये के नुकसान होने का खतरा नजर आया तो उसने मैच में भाग लेने का फैसला किया। अब पाकिस्तान का भारत के साथ एक और मुकाबला हो सकता है।

भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर की नई रफ़्तार: विकास और उम्मीदों की ओर

तान्या सचदेव

भारत आज एक ऐसे दौर से गुज़र रहा है, जहाँ इन्फ्रास्ट्रक्चर केवल "निर्माण" भर नहीं रह गया है, बल्कि लोगों की उम्मीदों और सपनों से जुड़ा हुआ है। सरकार ने हाल ही में यह तय किया है कि बड़े प्रोजेक्ट्स जैसे बुलेट ट्रेन कॉरिडोर, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब, स्मार्ट शहर और आधुनिक मेट्रो को तेज़ी से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दिशा में कई योजनाएँ पहले से गति पकड़ चुकी हैं। उदाहरण के लिए, नोएडा के पास जेवर में बन रहा लॉजिस्टिक और कार्गो हब और महाराष्ट्र का औरंगाबाद औद्योगिक शहर (AURIC), जहाँ Toyota और Ather Energy जैसी कंपनियाँ निवेश कर रही हैं। वहीं मुंबई में रेल विकास निगम ने 21,000 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की है, जिसके तहत हज़ारों नए एसी वंदे मेट्रो कोच तैयार होंगे। इन कदमों से न सिर्फ़करोड़ों का निवेश आ रहा है, बल्कि रोज़गार के हज़ारों अवसर भी पैदा हो रहे हैं। लेकिन इन आँकड़ों से आगे बढ़कर देखें तो असली असर आम लोगों पर पड़ता है। कल्पना कीजिए, किसान अगर अपनी उपज जल्दी से मंडी पहुँचा सके तो उसे सही दाम मिलेगा। एक छात्र अगर छोटे कस्बे से तेज़ और सस्ती ट्रेन पकड़ सके तो उसे शहर के बड़े कॉलेज और रोज़गार के अवसर मिल पाएंगे। यही कारण है कि ये प्रोजेक्ट लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बदलाव लाने की ताक़त रखते हैं। बेशक चुनौतियाँ भी हैं जैसे भूमि अधिग्रहण की दिक्कतें, पर्यावरणीय मंज़ूरियाँ और समयबद्धता। लेकिन अगर इन्हें सही ढंग से हल किया जाए तो ये योजनाएँ केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि सामाजिक समानता और क्षेत्रीय संतुलन को भी मज़बूत करेंगी। निष्कर्ष यह है कि भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर की यह नई रफ़्तार भविष्य की उस नींव को तैयार कर रही है जिस पर हर नागरिक की उम्मीदें टिकी हुई हैं। आने वाले समय में यह न सिर्फ़देश की अर्थव्यवस्था को गति देगी, बल्कि लोगों की ज़िंदगी को आसान और बेहतर बनाने का भी वादा करती है।

अश्विनी वैष्णव

सबके लिए तकनीक: तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है। डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं। सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

याद है कि जब सरकारी दस्तावेज बनवाना बड़ा मुश्किल काम हुआ करता था। कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती। यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

गुजरात: जहां से शुरुआत हुई

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 24×7 नियमित बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे के पानी का स्तर कम गति से घटने लगा। महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ढाई साल में हो गई। 2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है। ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल

हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

राष्ट्रीय परिदृश्य: 2014 में उन्होंने गुजरात के अनुभव और सीख को दिल्ली में उतारा। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ तक पहुंचने का अवसर मिला। आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है। पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर सैकड़ों रुपये खर्च करने पड़ते थे। आधार आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं। यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है।

आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया। जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है। 'प्रगति' ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है।

संजीव ठाकुर

चीन के साथ सीमा विवाद अभी भी है हालांकि इसका प्रभाव काफी कम हुआ है किंतु पाकिस्तान की जिद और अमेरिका को पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को अपने पक्ष में करने से दक्षिण एशिया में तनाव की स्थिति पैदा हो सकती है। पड़ोसी देशों में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए चिंता का कारण हैं।कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति ने भारत की छवि को स्पष्ट एवं पारदर्शी बनाकर वैश्विक देशों को अपनी और आकर्षित किया है। अब भारत विश्व गुरु और आर्थिक सामरिक तथा वैज्ञानिक वैश्विक शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है। दुनिया का कोई भी बड़ा फैसला भारत की भागीदारी के बिना पूरा नहीं हो सकता है। यही मोदी जी की सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री मोदी की सफल विदेश नीति, बढ़ता वैश्विक प्रभाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने एक नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की है। आज भारत केवल दक्षिण एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर एक सशक्त और निर्णायक आवाज़ बनकर उभरा है। मोदी जी की सरकार ने पड़ोसी पहले की नीति से लेकर एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के विचार तक, विश्व को भारतीय दृष्टिकोण से जोड़ने का प्रयास किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेज़बानी ने भारत की कूटनीतिक शक्ति और आयोजन क्षमता को सिद्ध किया। वहीं, अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की सक्रिय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ सखूत रुख और ऊर्जा सुरक्षा से लेकर तकनीकी सहयोग तक भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से सामने रखती है।

लोकप्रियता में विश्व के शीर्ष पर मोदी जी-

भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आज केवल भारत के नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। अनेक वैश्विक सर्वेक्षणों में उन्हें लगातार नंबर एक स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि उनकी छवि सीमाओं से परे जाकर विश्वजन तक पहुँची है।मोदी की लोकप्रियता का रहस्य केवल उनकी सशक्त नीतियों में नहीं, बल्कि उनके जनक्ष्संपर्क कौशल और सशक्त नेतृत्व में निहित है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया और जापान से लेकर खाड़ी देशों तक, जहाँ भी मोदी जाते हैं, भारतीय प्रवासी ही नहीं, स्थानीय नागरिक भी उन्हें उत्साह से स्वागत करते हैं। विदेश नीति हमेशा चर्चा में रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इसकी दिशा और धारा बदल गई है। अब भारत केवल दूर का दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन गया है। यही वजह है कि मोदी सरकार की विदेश नीति को अक्सर "बहु-संतुलन" (मल्टी एलाइनमेंट)कहा जाता है।

पड़ोसियों से रिश्ते की पहल -

मोदी जी ने 2014 में शपथ लेते ही सभी शार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित कर पड़ोस को प्राथमिकता दी थी और बहुत ही सौहाद्रता पूर्वक रिश्ता बनाने की पहल की थी। बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौता, नेपाल में राहत कार्य और श्रीलंकाक्ष्मालदीव से रिश्तों की मजबूती ने भारत की छवि को निखारा। 1947 में स्वतंत्रता के बाद से पाकिस्तान के साथ रिश्ते जरूर तनावपूर्ण रहे हैं, पाकिस्तान अपनी आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आने के कारण भारत के हमेशा निशाने पर रहा है और अनेक युद्ध हारने के बाद भी वह आतंकवादियों को लगातार वित्तीय पोषण कर रहा है लेकिन आतंकवाद के मुद्दे पर भारत ने उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करने में सफलता पाई और संयुक्त राष्ट्र संघ के कई मंचों पर भारत ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है इसके अलावा उसकी आतंकवादी गतिविधियों को पूरे विश्व के सामने उजागर भी कर दिया है।

अमेरिका,रूस चीन और पश्चिमी देशों से बराबरी के रिश्ते - मोदी की विदेश नीति का सबसे अहम पहलू यह है कि भारत ने हर ध्रुव से संबंध मज़बूत किए।अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी और क्वाड रूस से ऊर्जा और हथियार सहयोग।यूरोप, खासकर फ्रांस के साथ रक्षा सहयोग यानी भारत ने संतुलन बनाए रखा और किसी एक खेमे पर निर्भर नहीं रहा। नाटो के देशों के राष्ट्र प्रमुखों से भारत के प्रधानमंत्री के रिश्ते काफी मजबूत एवं दोस्ताना है, इसराइल फ्रांस कनाडा ब्रिटेन इटली भारत को अपना सच्चा हितैषी और अभिन्न मित्र मानते हैं यह मोदी जी की कूटनीतिक बड़ी सफलता है।

चीन से रिश्ते किंतु सतर्क भारत-

चीन के साथ व्यापार तो बढ़ा, लेकिन डोकलाम और गलवान जैसी घटनाओं ने रिश्तों को कठिन बनाया। इसके जवाब में भारत ने क्वाड और इंडो-पैसिफिक रणनीति के ज़रिए चीन को संतुलित करने की कोशिश की। 2023 में दिल्ली में हुए G20 शिखर सम्मेलन ने भारत की कूटनीति को नई ऊँचाई दी। अफ्रीकी संघ को त्20 का स्थायी सदस्य बनवाने में भारत की पहल को दुनिया भर में सराहा गया। यह संदेश साफथा कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि विकासशील देशों के लिए भी नेतृत्व कर रहा है। अमेरिका में मैडिसन स्क्वायर गार्डन "हाउडी मोदी" जैसे कार्यक्रमों ने प्रवासी भारतीयों को गर्व का अहसास कराया। योग और आयुर्वेद को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाना भारत की सांस्कृतिक ताकत को दर्शाता है। भारत के सामने चुनौतियां अभी बाकी है भारत की विदेश नीति कई मायनों में सफल रही है। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की महत्वपूर्ण मीटिंग में भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने चीन के राष्ट्रपति से जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ जो गठबंधन किया है उससे विदेश नीति में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है उससे यह तो स्पष्ट हो गया है कि भारत चीन और रूस यदि एक साथ हो जाए तो अमेरिका तथा नाटो देश इन्हें चुनौती नहीं दे सकते है। इसके बावजूद में भविष्य में चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हिंदी मेरे हिंद के

हिंदी मेरे हिंद के, मस्तक की है शान। भिन्न बोलियों संग में, बना रही पहचान।। सरल सरस भाषा बड़ी, माता सम अनुकूल। अन्य बोलियाँ गोद में, जैसे माला फूल।। सबकी अपनी मातु है, मेरी हिंदी मातु। मातु गोद में मैं रहूँ, पुलकित रहता गातु।। भाषा की सुंदरता खिले, भूषण भिन्न प्रकार। नाना भाँति सजाइए, दे विवेक उपहार।। छंद रसों में साज कर, किया नवल सम्मान। प्यारी हिंदी ने दिया, राह बड़ी आसान।। - **अन्नपूर्णा बाजपेयी अंजु**

मन से मर चुकी

मन से मर चुकी महिलायें अ क स र प्रतिक्रिया देना बन्द कर देतीं हैं, और सभी सोचते हैं समझदार हो गई,, यही महिलायें,,, संस्कारी त्यागमयी/ममतामयी होती हैं, यत्र नार्यस्तु पूज्यंते इन्हीं के लिए लिखा जाता है माता कभी कुमाता नहीं होती यही स्त्रियाँ होती हैं, पतिव्रता , सती,,राजमाता राजरानी, महारानी , शब्दों से सुशोभित होती हैं जीते जी मरी हुई स्त्रियाँ इस समाज की टॉप डिमांड होती हैं।

- तनु देहलवी

अब गले मिलने से डर लगता है, छुपे

अब गले मिलने से डर लगता है, छुपे खंजर हैं आस्तीनों में! गुमशुदा हो गया है जाने कहाँ, दीन ईमान अब जमीनों में! उनकी सीरत गिरी हुई निकली, जिनको गिनते थे हम जहीनों में! आज घायल जमीं की जन्नत है, मौत के साए हैं संगीनों में! अलम्बरदार थे जम्हूरियत के, वो खड़े हैं तमाशबीनों में! आज इंसानियत भी रुसवा है, हादसे मंदिरों मदीनों में! भाईचारा भी टूट जाता है, चोट लगती है जब यकीनों में!

- कुलदीप मिश्रा

मेरे क़िरदार को हल्का करोगे मुझे मालूम

मेरे क़िरदार को हल्का करोगे मुझे मालूम था ऐसा करोगे बदल जाएंगे सब किस्से कहानी कहानी को अगर जिंदा करोगे पता चल जाएगा खुशबू का घर भी गुलों के साथ गर बैठा करोगे कहां जी पाओगे फिर चैन से तुम किसी के साथ गर धोखा करोगे चला जाएगा आसमां भी सिर से सितारों से अगर झगड़ा करोगे भला क्यों ये सितारे टूटते है अभी ये जानकर तुम क्या करोगे !! - **नीरू श्रीवास्तव**

सत् के मारग अब्बड़ बिच्छल

सत् के मारग अब्बड़ बिच्छल कोन मेर पाँव बिछल जाही काँटा-खूँटी झुँझकुर-झाड़ी देंह कोनो मेर दहल जाही नइए ठिकाना एक्को बिल्कुल कोन भोरका म धँस जाबे फेर धर लेबे गुरु के अँगरी हर बाधा सुट ले निकल जाबे - **सुशील भोले**

कभी तुलसी के ग्रंथों में सिया का राम

कभी तुलसी के ग्रंथों में सिया का राम दिखता है। न मूरत मैं कभी पूजी नहीं मंदिर कभी जाऊँ- निरंकारी! भरोसा है उसी में धाम दिखता है।। - **अंजली यादव**

मनहर घनाक्षरी छन्दस प्रदत्त भाव

मनहर घनाक्षरी छन्दस प्रदत्त भाव विषय विशेष योगछंद ज्ञान लीजिये। ओज शौर्य कीर्तिवान सु प्रज्ञा प्रधान ज्ञान साहित्य संगम मध्य भाव ध्यान दीजिय।। चतुर विधान काव्य कविता में हास्य भाव अलंकार रसराज घोल पान कीजिये। शब्द अर्थ बोध शोध भोग रोग द्वार खोल कामना प्रसंग सार मन्त्र मान पीजिये।। - **राजकिशोर मिश्र**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का लगभग सारा दिन ही अशांति से भरा रहेगा। दिन का आरंभ परिवार में कलह से होगा आज आपका व्यवहार एवं भाषा बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेगी

वृष: आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय अच्छा चलने से धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

मिथुन: आज के दिन आपको अधिकांश कार्यो में दौड़-धूप के बाद ही सफलता मिलेगी। नौकरी करने वाले लोग आज ज्यादा परेशान रहेंगे।

कर्क: आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

सिंह: आज का दिन आपको हानिकर रहेगा। पूर्व में बनाई योजनाए आर्थिक अथवा अन्य कारणों से आरम्भ नही हो सकेंगी।

कन्या: आज के दिन आपकी लाभा-लाभ वाली स्थिति रहेगी। कार्य क्षेत्र पर विरोधी नतमस्तक होंगे।

तुला: आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज दिन के आरम्भ से ही आपके समस्त कार्य व्यवस्थित रहेंगे धन प्राप्ति की आशा प्रातः काल से ही लगी रहेगी।

वृश्चिक: आज के दिन आप धार्मिक कार्यो एवं गूढ विषयो के प्रति रुचि लेंगे तंत्र-मंत्र टोटको के प्रयोग भी कर सकते है।

धनु: आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायी रहेगा। आज आप सोचेंगे कुछ परन्तु होगा उससे उल्टा।

मकर: आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी वाणी में प्रखरता रहेगी।

कुंभ: आज के दिन आपको अधिक भाग दौड़ करनी पड़ेगी। लेकिन आज अपनी महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ति होने पर प्रसन्न भी रहेंगे।

मीन: आज के दिन आपको अपने बुद्धि विवेक से काम लेना होगा तभी सोची हुई योजनाओ को किसी निष्कर्ष पर पहुचा सकेंगे।

सूर्योदय : 06:17, सूर्यास्त : 06:25, चन्द्रोदय : 27:27, चन्द्रास्त : 16:30, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : सिद्ध, प्रथम करण : कौलव (11:28 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:24 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : कर्क, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कन्या (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?

2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) हाल ही में समाचारों में देखी गई एलुलोज़ क्या है?

5) सूदासरी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ब्रीडिंग सेंटर, जो समाचारों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अंटार्कटिका (2) पश्चिम बंगाल (3) [illegible] (4) [illegible] (5) राजस्थान

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 174

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने धमतरी में की शुरुआत

त्योहारों के इस पावन अवसर पर स्वच्छता को जीवन का संकल्प बनाएं, अभियान से जुड़कर एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं : रंजना साहू

■ अर्जुनी में चलाया स्वच्छता अभियान

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम तय किया गया है जिसमें स्वच्छता,रक्तदान शिविर,विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान,वृद्धजनों की सेवा,स्वास्थ्य शिविर जैसे विभिन्न सेवा के कार्य होने हैं,यहाँ प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी में स्वच्छता में भाग लेकर इस इस अभियान की शुरुआत की, ग्राम अर्जुनी में स्वच्छता अभियान भाजपा उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ इसकी शुरुआत करते हुए जनता को इस अभियान से अनवरत जुड़ने का आव्हान किया, श्रीमती रंजना साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आज जन्मदिन है, जिस तरह से उन्होंने देश की सेवा की है हम सभी के लिए प्रेरणादाई है, उनकी सेवा से ही प्रेरित होकर भाजपा द्वारा उनके जन्मदिन पर विभिन्न सेवा से जुड़े कार्य हमारी पार्टी नेतृत्व तय करती है उसी के तहत आज स्वच्छता अभियान से सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ है, स्वच्छ भारत अभियान को प्रधानमंत्री जी ने जनभागीदारी से

जोड़ा, एक समय में हम देखते थे चारों ओर कचरा गंदगी रहती थी,जब से इसे आमजनता ने आत्मसात किया हमारा देश स्वच्छ देश बनने की ओर अग्रसर हो रहा है, स्वच्छ भारत से ही स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है और खासकर त्योहारों के इस पावन अवसर पर हम सभी स्वच्छता को जीवन का संकल्प बनाएँ, और इस अभियान से जुड़कर इसे एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएँ जिससे न सिर्फ़ हमारा गाँव स्वच्छ दिखेगा अपितु कड़ी से कड़ी जुड़ते हुए पूरा देश स्वच्छ होगा और सुंदर भी होगा,आज से रक्तदान सहित विभिन्न अन्य कार्यक्रम भी लगातार होने हैं मैं पार्टी के कार्यकार्यो से अनुरोध करती हूँ की इस पखवाड़े के माध्यम से हर सेवा के कार्य से जुड़ें और वसुधैव कुटुंबकम की भावना वाले भारत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उक्त अवसर पर भाजपा वरिष्ठ कालीदास सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, ललित कुमार, माणिक साहू, ग्राम पंचायत सरपंच इंदु मोहित ध्रुव, उपसरपंच लोकेश सिन्हा, मौर्यध्वज सिन्हा, रेवती सिन्हा, वेदप्रकाश ध्रुव, संदीप सोनवानी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, शंकर प्रजापति, नरगिस बंजारे, द्रोपदी ध्रुव, सुषमा सिन्हा, पिन्ती ध्रुव, राधिका सिन्हा, जितेश सिन्हा, संतराम ध्रुव, भूषण साहू, तेजराम सिन्हा, उग्रसेन सिंह चमेली ध्रुव, शंकर सिन्हा, हितेश्वरी सिन्हा सहित ग्रामवासी सेवा पखवाड़ा में शामिल हुए।

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी जी की जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत नगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शहीद स्मारक परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा नागेंद्र शुक्ला कमल डागा जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम महेंद्र नेताम नरेंद्र नाग सभापति अलका साव शंकर देव राजा पवार देवचरण ध्रुव बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमदान कर साफसफाई की एवं स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया।

■ न्यूज गैलरी

लक्ष्मी ध्रुव ने किया विश्वकर्मा सामुदायिक भवन का उद्घाटन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम दुगली में विश्वकर्मा समाज का सामुदायिक भवन का उद्घाटन पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के करकमलों से हुआ । इस मौके पर सरपंच रामेश्वर मरकाम पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी अनुप वट्टी सिकंदर मंडावी तुलसीराम मंडावी चैतराम नेताम रमाकांत तिवारी गिरधर विश्वकर्मा रतेश्वर नेताम रामचरण विश्वकर्मा देवसिंह विश्वकर्मा गिरधर विश्वकर्मा नंदलाल विश्वकर्मा मलीखम रतनूराम टेशलाल कृष्णा विश्वकर्मा कैलाश प्रताप बृजलाल सगराम कुशराम शैलेंद्र विश्वकर्मा अनीता बाई सोनिया विश्वकर्मा रेखा बाई धनेश्वरी विश्वकर्मा माया विश्वकर्मा देवबत्ती ललिता बाई बासनाबाई रामबाई वेदबती तिलकराम सुदामा कन्हैयालाल पुष्कर पन्नालाल काव्या विश्वकर्मा सपना विश्वकर्मा भाग्यश्री एस.के विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे ।।

घटुला में पीएम के जन्मदिन पर सफाई अभियान चलाया

नगरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत बेलरगांव मंडल के ग्राम घटुला स्थित शिव मंदिर परिसर में साफ-सफाई किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल बेलरगांव के महामंत्री मोनु साहू , अजय नाग, लतखोर पटेल, परमेश्वर साहू, गुडेस साहू, मेहत्तरू कश्यप, कौशलेश कौशल, गणेश्वर साहू, रंजना पटेल एवं नकुल पटेल ,सौरभ साहू उपस्थित थे ।

छिपली में चलाया स्वच्छता अभियान

नगरी/नवप्रदेश। छिपली में स्वच्छता अभियान चलाया गया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर गांधी शास्त्री जी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम छिपली में दशहरा मंच के पास साफसफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया जिसमें जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू,सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच सभी पंचगण, पूर्व सरपंच संत नेताम, गणेशराम नागर्ची,छन्नू नेताम,रुपराय सेन, कोटवार यशवंत नागर्ची, ग्रीन आर्मी के सदस्यों एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियां एकजुट होकर अभियान की शुरुआत की

पिथौरा नगर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ

पिथौरा /नवप्रदेश। पिथौरा नगर पंचायत में 17 सितम्बर 2025 को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष माननीय देव सिंह निषाद के नेतृत्व में तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिरजू राम सोनबेर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम ऐतिहासिक स्वरूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी कर्मचारी, सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियां एकजुट होकर अभियान की शुरुआत का गवाह बने।

शपथ ग्रहण और प्रभात रैली

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया गया। शपथ में नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई गई। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्वच्छता ही सेवा÷ का संदेश गूंजता रहा। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली यह रैली नागरिकों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराने का माध्यम बनी। सीएमओ बिरजू राम सोनबेर ने भी नागरिकों से अपील की कि वे अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें तथा गीले और सूखे कचरे का पृथक् संग्रहण कर नगर पंचायत के प्रयासों को मजबूती दें।

जनजागरूकता का सशक्त संदेश

इस अभियान के माध्यम से नगरवासियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अध्यक्ष देव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज और उन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव है। नगर के नागरिक जब इस दिशा में अपना योगदान देंगे तभी पिथौरा स्वच्छ और आदर्श नगर के रूप में पहचान बनाएगा।

नागरिकों की भागीदारी पर जोर

कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारी और सफाई मित्रों ने भी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

जवान गुरूमेंद्र को गार्ड दिया गया ऑफ ऑनर

डौंडी /नवप्रदेश। बिहार के बरौनी में 2017 से आईओसी सीआईएसए में डौंडी निवासी 32 वर्षीय जवान गुरुमेंद्र कुमार पिता रोमन सिंह भूआर्य ड्यूटी में तैनात थे। गत 11सितंबर को सीआईएसएफबीडब्ल्यूएस भिलाई में अस्थाई कर्तव्य पर कार्यरत हुए थे जहां 15 सितंबर को 12:30 बजे उक्त जवान गुरुमेंद्र का तबियत बिगड़ने लगा,जिसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरटीसी भिलाई सरकारी वाहन से कवाइंट हॉस्पिटल ले जाया गया । वहां से उनके बेहतर उपचार हेतु कम्युनिटी हेल्थ सेंटर उतई रेफर किया गया जहां डाक्टरों द्वारा जांच उपरांत लगभग एक बजे जवान गुरुमेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। शहीद जवान को 16 सितंबर शाम 6:15 को उनके

पैतृक गांव डौंडी लाया गया और 17 सितंबर को 10 बजे सीआईएसएफके जवानों ने मृतक जवान को ससम्मान गार्ड ऑफ ऑनर दिया साथ ही मृतक के परिजनों व नगरवासियों ने शहीद जवान को अंत्येष्टि दी। जवान की एक पत्नी व चार वर्षीय पुत्र हिमांशु रोता बिलखता रो रो रोकर बुरा हाल है।

जपं उपाध्यक्ष हृदय साहू ने किया तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत छिपली में रविवार को जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू ने तीन महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर विकास की नई शुरुआत की। इन कार्यों में प्राथमिक शाला परिसर में प्रार्थना शेड, कोसुम तालाब महावीर पारा स्थित शिव मंदिर के पास टीन शेड, एवं साहू सदन के पास टीन शेड का निर्माण शामिल है। भूमिपूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि भाजपा सरकार गांव-गांव में निरंतर विकास कार्य कर रही है। शिक्षा, धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार से न केवल गांव का वातावरण सशक्त होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से प्रत्येक गांव का धीरे-धीरे समग्र विकास किया जाएगा।

इस मौके पर ग्राम पंचायत छिपली की सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूषण साहू, उपसरपंच घेवरचंद साहू, पूर्व सरपंच संत नेताम, गणेश राम नागर्ची, साहू समाज अध्यक्ष महेश्वर साहू, एवं महाकाल मंदिर के पुजारी गोबिंद सोम विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की सहभागिता देखने को मिली। इनमें टिकेश नवरंग, कर्ण कोषारे, पंचगण डमरू सोम, रूप कश्यप, भोज बोरघरिया, संतुलाल टंडन, दुर्गा सार्वा, सारिका कश्यप, रमशीला सोम, कमलेश्वरी सोम, ईश्वरी कोषमा, लता नवरंग, पुष्पा टंडन, सुशीला टंडन, रम्भा कोषरे समेत कई ग्रामीणजन शामिल रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाएं दुलेश्वरी चंद्रवंशी, हेमपुष्पा साहू, साधना कश्यप एवं स्कूली छात्र-छात्राएं भी मौजूद थीं। बच्चों की उपस्थिति से कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और कहा कि इन निर्माण कार्यों से गांव की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तथा सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

नशे में गाली गलौज मारपीट

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने गाली-गलौज करने के मामले में आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम टोंगोपानी के गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि 11 सितंबर को करीब 2 बजे वह बैंक कार्य से ग्राम खम्हरिया जा रहा था, तभी गांव के बाहर बल्ला ध्रुव के घर के सामने मेन रोड में कुंजन साहू व उनके साथी ने नशे में उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की, जिस पर दोनों में आपसी समझौता हो गया था।

9 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयो और कृषि विकास अधिकारियों की 9 सूत्रीय लंबित मांगो की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ कृषि शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर शासन के ध्यानाकर्षण करते हुए 8, ओर 9 सितंबर को समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीयो एवं कृषि विभाग अधिकारी द्वारा काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन किया गया परन्तु आज तक सभी मांग लंबित हैं सभी लोग विरोध कर 15 सितंबर से संघ के सभी सदस्यों द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन नहीं किया जाएगा। डोंगरगांव कृषि विभाग के सभी अधिकारियों के द्वारा डोंगरगांव एस डी एम श्रीकांत कोराम को 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन

सौंपते समयग्रामीण कृषि विस्तार विभाग के अधिकारी और अध्यक्ष ऋषि पटेल, उपाध्यक्ष डूमेश्वर मिश्रा, कोषाध्यक्ष शेखर हिरवानी, सचिव प्रसन्नजीत बसोड़, मीडिया प्रभारी डोमेश्वर साहू , विशेष सलाहकार सतीश नेवरा, उद्यान विस्तार अधिकारी भूमिका साहू एवं डोंगरगांव विकासखंड के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल हुए थे।

पं रामविशाल पाण्डेय सेजेस स्कूल में हुआ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

■ राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के तत्वावधान में

छुरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के तत्वाधान में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजिम स्थित पंडित रामविशाल पाण्डेय सेजेस स्कूल राजिम में राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण मंच के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष समीर शर्मा ,ऊर्जावान जिलाध्यक्ष रिकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष (अधिवक्ता तुषार तिवारी , दीपक साहू ,ठाकुर राम साहू) कोषाध्यक्ष बादल साहू , डायमंड साहू ,दुर्गेश साहू यश साहू एवं सदस्य गणों द्वारा लगभग पचास पौधे का रोपण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय

आई टी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन विवेक शर्मा , शाला प्रबंधन एवम विकास समिति पं रामविशाल पाण्डेय सेजेस स्कूल राजिम की अध्यक्ष श्री मति सुजाता शर्मा ,शाला के प्राचार्य संजय एक्का ,इको क्लब की इंचार्ज मैडम समीक्षा गायकवाड़ , मधु गुप्ता ,पूजा मिश्रा शिखा मैडम, मार्कण्डेय मैडम व्याख्याता गण ,शिक्षक शिक्षिका गण एनसीसी के कैडेट एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे ,अतिथियों के स्वागत उपरांत वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम अनेक स्थानों पर किया गया और प्रदेश उपाध्यक्ष ,जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के पदाधिकारियों द्वारा बच्चो को मिष्ठान वितरण किया गया,साथ ही सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के प्राचार्य संजय एक्का एवं समीक्षा गायकवाड़ मैडम का भरपूर सहयोग रहा।

गड़बड़ घोटाला ... संबंधित विभागों को हर महीने पहुंचता हैं कमीशन

गरियाबंद जिले में प्रतिबंधित ज़र्दा युक्त गुटखा का खुलेआम बिक्री

छुरा/ नवप्रदेश। तंबाकू युक्त गुटका एवं पान मसाला को प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद गुटका का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। गरियाबंद जिला में तंबाकू युक्त गुटखा युवा, बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान सहित महिला को भी इसका आदि कर दिए है।जिस पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे है।या यू कहे कि जिला प्रशासन और सरकार गुटखा कारोबारियों के साथ मिलकर लोगो को कैंसर के रूप में मौत बेच रहा है।वही जिले की बात की जाए तो क्षेत्र में सबसे ज्यादा होलसेल बिक्री ग्राम बरभाठा, ब्लॉक सहित पूरे छुरा, फिंगेश्वर ब्लॉक में घूम घूम कर सारे नियम कायदा कानून की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम नशीली समान बेच रहे है।वही उसके गृह ग्राम में एक बड़ा गोदाम इस नशीली पदार्थ

का है।जिसका तार नवापारा राजिम के एक बड़े भ्रष्ट और अवैध गुटखा कारोबारियों से जुड़ा हुआ है।जो लोगों को जानबूझकर मौत का आमंत्रण दे रहा है।वही ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री जारी है। गुटका खाना और दूसरों को खिलाना अब फैशन बन गया है। प्रतिबंधित तंबाकू युक्त पान मसाला व गुटका का कारोबार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा है। गुटके के इस कारोबार में बड़े थोक विक्रेता भी शामिल हैं। अधिकांश छोटे-बड़े किराना दुकान व पान की दुकानों पर आसानी से लोगों को तंबाकू युक्त गुटखा उपलब्ध है। पान की दुकानों में भी गुटखे की लड़ियां सजा के रखी जाती है। लेकिन इसका कारण बड़े अवैध कारोबारी है।वहीं दूसरी ओर लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार गुटखा एवं पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, प्रदर्शन, खरीद-बिक्री और परिवहन पर 10 जून 2019 से ही प्रतिबंध घोषित है। हालांकि खुलेआम हो रही बिक्री को रोकने के लिए अभी तक कोई अभियान नहीं चलाया गया। जिसके कारण इस धंधे में लिप्त अवैध कारोबारियों के इरादे बुलंद है।

तंबाखू युक्त पान मसालों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही

गुटखे की बिक्री प्रतिबंधित होने के बावजूद क्षेत्र में तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। मुनाफाखोर अपनी जेब भरने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न नामों के तंबाकू युक्त पान मसालों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इस मामले पर जल्द और बड़ा खुलासा होगा।खुलासा बोरसी के सेलर सहित नवापारा राजिम के कैंसर व्यापारी पर होगा।जब मामले पर उक्त गुटखा व्यापारी से बात कर उनका जानने प्रयास किया गया तो उन्होंने शिष्टाचार जैसे शब्दों की बात कहकर टालमटोल किया।

बांसपानी में स्कूल साइकिल वितरण



नगरी/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल बांसपानी में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना तहत् दिन बुधवार को मुख्य विधायक सिहावा एवं अतिथियों के द्वारा साइकिल वितरण किया। साथ ही उद्बोधन में गत वर्ष की भांति 100प्र परीक्षा फल के साथ दसवीं के विद्यार्थियों को मेरिट सूची में नाम दर्ज करने हेतु पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने कहीं ,साथ ही शिक्षकों, पलकों, नागरिकों को भी छात्रों की समय अनुसार पढ़ाई में सहयोग एवं उत्साहित करने की बात कही, जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य टी .एल.साहू द्वारा किया गया तथा विशेष अतिथि प्रभा नेताम जनपद सदस्य नगरी, दुर्गावती कोडोपी सरपंच ग्राम पंचायत बासपानी ,उप सरपंच नरसिंह जुर्री, राजेश मरकाम ग्राम पटेल बांसपानी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक रतिराम नेताम छेदु राम नेताम, ग्राम बांसपानी के पांच दसलाल , भावसिंह तथा अन्य नागरिक गण सरजू राम कवाडे, जगत राम नेताम ,जयराम यादव , शाला परिवार से एम. आर. देवांगन व्याख्याता, आर. ध्रुव व्याख्याता, एल. मरकाम व्याख्याता, संध्या बघेल व्याख्याता, की कार्यक्रम संचालन एवं संपन्नता में विशेष सहयोग रहा।

न्यूज गैलरी

पंडाल सजाते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

बालोद/नवप्रदेश। दल्लीराजहरा में गुप्ता चौक के पास एक दुर्गा पंडाल टेंट में काम कर रहे युवक डेमन लाल रावटे पिता अजीत राम रावटे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम घोटिया की करंट लगने से मौत हो गई। दरअसल में दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग गुप्ता चौक के पास नवरात्रि आगमन के पूर्व तैयारी के दौरान टेंट पंडाल निर्माण कार्य किया जा रहा था। रात्रि 3 बजे से 3:30 बजे के बीच टेंट में कार्य करने के दौरान डेमन नामक युवक ऊपर चढ़कर कार्य कर रहा था। तभी बांस टूटने से अचानक संतुलन बिगड़ने से हड़बड़ा कर बाजू से जा रहे बिजली तार को पकड़ लिया। जिससे करंट लगने से युवक की मौत हो गई। करंट से झुलसे युवक को तत्काल शहीद अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चेक किया तो उसकी मौत हो चुकी थी।

शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर छ ग महतारी को किया नमन

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के राजनांदगांव आगमन पर संस्कारधानी के गौरव स्थल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ,नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, राष्ट्रीय सचिव एस ए संपत कुमार के साथ पहुंचकर गौरव स्थल में शहीदों की मूर्ति,प्रतीकात्मक मशाल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी को माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, के अगुवाई में विधायक बालोद संगीता सिन्हा,पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया, पी सी सी संयुक्त महामंत्री पदम कोठारी, सचिव मेहुल मारु पार्षद सतीश मसीह,मुकेश साहू, संगीता साहू, रीना पटेल, संजय रिजवानी, खैरुन्निशा सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

9 साल से अनुकंपा नियुक्ति लंबित, संगठन में आक्रोश

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। बीते 9 वर्षों से दिवंगत पंचायत शिक्षा कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने से संगठन में गहरा रोष व्याप्त है। इस लम्बे इंतजार ने अब नाराजगी को आंदोलन का रूप दे दिया है। चाहे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की किसी ने भी अब तक इनकी मांगों का निराकरण नहीं किया है। शासन की इस उपेक्षा से संगठन के कई लोग मानसिक दबाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम तक उठाने को मजबूर हो चुके हैं। इसी सिलसिले में हाल ही में संगठन का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिला था। लेकिन वहां से भी इन्हें ठोस आश्वासन नहीं मिला। अब संगठन ने राजधानी रायपुर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में धरना-प्रदर्शन आज शुरू कर दिया है। आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक अनुकंपा नियुक्ति की मांग पूरी नहीं हो जाती।

देखिए शिक्षा मंत्री जी ट्रायबल क्षेत्र डौंडी मुख्यालय का शिक्षा व्यवस्था

डौंडी/ नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2025 का एक तिहाई भाग बीत चुका है, लेकिन डौंडी स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों को अब तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इससे बच्चों की शिक्षा और शिक्षकों की कार्यप्रणाली पर गहरा असर पड़ रहा है। इस विद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए चार महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक बालोद जिले से पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति नहीं हुई है। तिमाही परीक्षाएं भी हो चुकी हैं, और अब शिक्षक बिना पाठ्य सामग्री के वार्षिक पाठ्यक्रम की तैयारी में असमर्थ हैं। जब इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। उनकी जगह कार्यालयीन कर्मचारी आकाश से बातचीत में बताया गया कि÷पूर्व के मांग पत्र रद्द कर दिए गए हैं। नए वर्क ऑर्डर जारी हुए हैं, किताबें जल्द पहुंचा दी जाएंगी। जब पूछा गया कि चार महीने के शैक्षणिक नुकसान की भरपाई कैसे होगी, तो उन्होंने सवाल डीईओ के पाले में डालकर पल्ला झाड़ लिया।

राहुल गांधी चुनाव आयोग को स्वहस्ताक्षरित घोषणापत्र के साथ वोट-चोरी

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा लगाये गये वोट-चोरी के आरोपों को निराधार, मनगढ़ंत एव भ्रामक दुष्प्रचार करार देते हुए कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि वो राहुल गांधी के स्वहस्ताक्षरित घोषणापत्र के साथ चुनाव आयोग के समक्ष वोट-चोरी के साक्ष्य प्रस्तुत करे वर्ना देश की जनता से झूठ बोलने के लिये माफी मांग लें, अन्यथा वो बच न हीं सकते हैं, उन्हें वोट-चोरी का सफेद झूठ बोलने के लिये माननीय न्यायालय से जमानत लेनी पड़ सकती है। महापौर मधुसूदन ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जंगलराज में पॉच सालों तक

चॉवल चोर, शराब चोर, कोयला चोर, नौकरी चोर रहे, घोटालेबाज कांग्रेसी नेतागण एवं उनके साथ भ्रष्टाचार में शामिल रहे कई तात्कालीन अधिकारीगण जो आज भी जेल में बंद हैं, वो सभी अपनी चोरी के कारण छत्तीसगढ़ की सत्ता गवॉने के बावजूद, अब भाजपा के सुशासन में शोर मचा रहे हैं। प्रदेश में भजपा की सरकार बनते ही, भ्रष्ट कांग्रेस पार्टी अब उल्टे सत्तासीन भाजपा पार्टी पर वोट-चोरी का तथ्यहीन, काल्पनिक एवं जनता को दिग्भ्रिमित करने वाला आरोप लगा रही है। पूरे देश में लुप्त होते जनाधार से चिंतित एवं राजनीतिक जमीन तलाश रही मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी एवं इंडी गठबंधन द्वारा अब जनाधार जुटाने के लिये वोट चोरी के भ्रामक दुष्प्रचार को महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं बिहार राज्य में प्रारंभ किया गया था, जहॉ उनके वोट चोरी के दावे केवल खोखले साबित हुए हैं।

महापौर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन द्वारा वोट चोरी के नाम पर फुलाया जा रहे गुब्बारे की हवा पहले ही तीन बार निकल चुकी है, पहला जब सर्वोच्च न्यायालय ने 28 जुलाई 2025 को बिहार में मतदाता सत्यापन (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) पर रोक लगाने संबंधी विपक्ष कि मांग को अस्वीकृत कर दिया।

दूसरा जब महाराष्ट्र में मतदाता सूची में विसंगतियों के आंकड़े जारी करने वाली संस्था सीएसडीएस ने अपने गलत आंकड़े सोशल मीडिया से 60 घंटे के भीतर वापस ले लिए और सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली। तीसरा जब बिहार एवं कर्नाटक में विपक्ष ने महिलाओं के नाम लेकर ''डबल वोट'' या ''नाम काटने'' के झूठे आरोप लगाये, जिन्हें बाद मे उन्हीं महिलाओं ने खारिज किया।

वोट चोरी पर महापौर के कांग्रेस पार्टी से पूछे गए प्रश्न

- 1. यदि वोट-चोरी हुई थी, तो बूथ में बैठे अधिकृत एजेन्ट क्या कर रहे थे उन्होंने आक्षेप क्यों नहीं किया, एवं आज तक कभी भी विपक्ष द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण में लिखित आपत्ति एवं शिकायत दर्ज क्यों नहीं करायी गयी ?
- 2. यदि वोट-चोरी संभव होती तो, सन् 2018, के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान में कांग्रेस की सरकार क्यों बनती ?
- 3. वर्तमान में भारत देश में कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं इंडी गठबंधन की सरकार हैं, जिसमें प्रमुख रूप से पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, पंजाब जैसे अनेक राज्य शामिल है, क्या इन राज्यों में विपक्ष ने वोट-चोरी के बल पर ही चुनाव जीतने में सफलता प्राप्त की हैं ?
- 4. यदि वोट-चोरी हुई है तो भाजपा पार्टी जिसने सन् 2014 के लोक सभा आम चुनाव में 282 सीट जीती एवम् सन् 2019 के लोक सभा आम चुनाव में 303 सीट जीती, वह सन् 2024 के लोक सभा चुनाव में 240 सीट की जीत तक सीमित क्यों रह गई ?
- 5. अविभाजित राजनांदगांव जिला में 6 विधानसभा क्षेत्रों में से 5 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विधायक के रूप में निर्वाचित है, ऐसी स्थिति में कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के द्वारा राजनांदगॉव शहर में वोट-चोरी दुष्प्रचार संबंधी सभा ली जा रही है, वह अप्रासंगिक ही नहीं, वरन अविवेकपूर्ण एवं औचित्यहीन है।
- 6. सन् 2018 के विधानसभा निर्वाचन में भी राजनांदगॉव लोकसभा संसदीय क्षेत्र के 8 में से 7 सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विधायक के रूप में निर्वाचित हुए थे, तब क्या कांग्रेस पार्टी ने वोट-चोरी की थी ?

सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग के खेल का पर्दाफाश

- महिला सूदखोर अमीना ताज और उसके सहयोगी राकेश साहू पर FIR दर्ज
- दोनों को कबीरधाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा/ नवप्रदेश। 77 लंबे समय से सूदखोरी और धमकी के मामलों में संलिप्त अमीना ताज निवासी कवर्धा एवं उसके सहयोगी ड्राइवर राकेश साहू के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 410/2025 धारा 308(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता और धारा 4 ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पीड़ितों ने बताया कि अमीना ताज जरूरतमंद लोगों को रकम देकर उस पर कई गुना अत्यधिक ब्याज वसूलती थी। प्रार्थी ने मात्र 50 हजार रुपये का कर्ज लिया, जिस पर उसने करीब 6 लाख रुपये वसूल लिए, फिर भी ब्लैंक चेक के सहारे लगातार धमकी और ब्लैकमेल किया जाता रहा। रकम न देने पर गाली-गलौज, मारपीट, सामाजिक अपमान और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती थी।

उसका सहयोगी राकेश साहू लोगों के घर जाकर जबरदस्ती वसूली करता था और मारपीट व धमकी देकर आतंक का माहौल फैलाता था। हाल ही में वायरल एक ऑडियो में अमीना ताज एक पीड़ित को यह कहकर धमका रही थी कि यदि कोई उसके खिलाफ थाना में आवेदन देगा, तो FIR तो दूर, उसका आवेदन तक स्वीकार नहीं होगा। इस प्रकार वह पुलिस और कानून से ऊपर होने का झूठा भय दिखाकर लोगों का शोषण कर रही थी।

पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके घर और कार्यालय में दबिश दी। दबिश के दौरान उधारी लेनदेन के कागजात और पीड़ितों द्वारा हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, लेनदेन संबंधी रजिस्टर एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है, जिसकी जांच जारी है। इससे उनके सूदखोरी और अवैध गतिविधियों का और बड़ा जाल सामने आने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त अमीना ताज के खिलाफ प्राप्त अन्य चार प्रार्थियों के आवेदन भी जांच में शामिल किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली की टीम ने तत्काल संज्ञान लेकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया और कानूनी कार्रवाई प्रारंभ क दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में रिमांड हेतु पेश कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, उप निरीक्षक श्रीमती शालिनी वर्मा, ृस्ढ्ढ संजीव तिवारी, बंदे सिंह मरावी, राजकुमार चंद्रवंशी, एवं साइबर सेल टीम व थाना कोतवाली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कबीरधाम पुलिस स्पष्ट करती है कि किसी भी अपराधी की यह धमकी कि पुलिस उसका कुछ नहीं कर सकती या पुलिस में उसकी ऊपर तक पहुंच है उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी पूरी तरह निराधार है। पुलिस हर आवेदन और शिकायत को गंभीरता से दर्ज करती है और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करती है। जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है।

इसके साथ ही, पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी स्थिति में अवैध सूदखोरों से कर्ज न लें। ऋण की आवश्यकता होने पर केवल अधिकृत बैंक या सहकारी संस्थाओं से ही ऋण लेना उचित और सुरक्षित है।इसके अलावा जिले के कुछ अन्य सूदखोरों के खिलाफ भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है। पर्याप्त आधार मिलने पर उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। कबीरधाम पुलिस हर पीड़ित को न्याय दिलाने और हर अवैध सूदखोर को कानून के शिकंजे में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में युवा कांग्रेस और NSUI का शक्ति प्रदर्शन

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। युवा कांग्रेस और NSUI ने ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ कार्यक्रम में शक्ति प्रदर्शन किया और AICC महासचिव सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया। इस दौरान बाइक रैली निकाली गई और वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए गए।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

वोट चोरी का आरोप

राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस निखिल द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनांदगांव में भी चुनाव दौरान पीठासीन अधिकारियों पर दबाव बनाकर वोट चोरी की और चुनाव आयोग ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जो की लोकतंत्र और प्रजातंत्र की हत्या का प्रयास है।

युवाओं का उत्साह

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि युवाओं का उत्साह आने वाले समय में राजनांदगांव के लिए नई दिशा दिखा रहा है प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया ने युवा कांग्रेस के हजारों की संख्या में भव्य बाइक रैली को देख खुद भी बाइक पर बैठ अगुवाई की है।

नेताओं की कार्यक्रम की बधाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैंस,विधायक देवेंद्र यादव ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

कार्यक्रम में शामिल हुए लोग

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश सेन,शहर अध्यक्ष गुरभेज माखीजा, उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री,मानव देशमुख, राजा यादव,ऋषभ निर्मलकर,उज्ज्वल निर्मलकर अन्य युवा कांग्रेस और हस्ढ्ढ के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

सेवानिवृति होने वाले शिक्षक ने लगायाडिलिंग क्लर्क पर दस्तावेजों को रोकने का आरोप

- मानसिक,आर्थिक रूप से कर रहे परेशान कर रहे आपत्ति लगाकर कर रोक रहे कागजात

खैरागढ़/नवप्रदेश। माह भर बाद सेवानिवृत होने वाले क्रीड़ा शिक्षक ने जिला शिक्षा कार्यालय के डिलिंग क्लर्क पर सेवा निवृति के पूर्व होने वाले कार्यो मे मनमानी करने, राशि की मांग करने और नही देने पर दस्तावेजी कार्य मे लगातार आपत्ति लगाने का आरोप लगाया है ।

जिले के पाडादाह हाईस्कूल मे पदस्थ क्रीड़ा शिक्षक बिमल सिंह बैस अगले माह अक्टूबर मे सेवानिवृत होने वाले है । उन्होंने स्कूल मे अपना कार्यभार सहित अपने विभाग की जवाबदारी भी दूसरे शिक्षक को सौंप दी है । बैस ने बताया कि खेल विभाग की जवाबदारी और पदभार दूसरे को सौंपने के बाद उनके सेवानिवृति दस्तावेज को समयपूर्व पूर्ण कराने जिला शिक्षा कार्यालय मे दस्तावेज प्रस्तुत किए थे । इन दस्तावेजो की जांच पड़ताल के बाद इसे संभागीय कार्यालय दुर्ग भेजा जाना है । ताकि सेवानिवृति के दौरान शिक्षकीय कार्यकाल के सभी भुगतान समय पर मिल सके । लेकिन जिला शिक्षा कार्यालय मे पेंशन, सेवानिवृति कार्य देखने वाले डीलिंग क्लर्क उमराव रजक पर क्रीड़ा शिक्षक बिमल सिंह बैस ने बार बार दस्तावेजों में कमी बताकर आपत्ति लगाने, मनमानी करने और बार बार मानसिक , शारारिक और आर्थिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है ।

पशु चिकित्सा विभाग में लापरवाही

- वर्षों से खाली पद, सर्जन तीन साल से अटैच मुद्दा लगातार

डौंडी/नवप्रदेश। डौंडी पशु चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय में वर्षों से जरूरी पद रिक्त पड़े हैं, वहीं एकमात्र सहायक पशु चिकित्सक सर्जन डॉ. सोमेश जोशी को पिछले तीन वर्षों से जिला कार्यालय बालोद में अटैच रखा गया है। यह स्थिति न केवल विभागीय अनियमितताओं की ओर इशारा करती है, बल्कि डौंडी ब्लॉक के ग्रामीण पशुपालकों के साथ भी अन्याय प्रतीत होती है। सूत्रों के अनुसार डौंडी पशु चिकित्सालय में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु ड्रेसर, चित्रक अधिकारी एवं पशु परिचारक के पद लंबे समय से रिक्त हैं। इससे क्षेत्र में पशुओं के उपचार एवं देखरेख की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पशुपालक दूर-दराज के इलाकों से आने के बावजूद उचित चिकित्सा सुविधा से वंचित रह जाते हैं।

बालोद के लिए सौभाग्य, डौंडी के लिए दुर्भाग्य

वहीं दूसरी ओर, डॉ. सोमेश जोशी, जो कि डौंडी में पदस्थ हैं, उन्हें तीन साल से बालोद जिला कार्यालय में अटैच रखा गया है। यह तथ्य क्षेत्रीय असंतुलन और विभागीय प्राथमिकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब डौंडी में स्टाफकी भारी कमी है, तो वहाँ पदस्थ चिकित्सक को जिला मुख्यालय में रखने का क्या औचित्य है? इस पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। यह कैसे संभव है कि विभाग को डौंडी में स्टाफकी कमी की जानकारी होने के बावजूद तीन साल तक वहां का प्रमुख चिकित्सक किसी अन्य स्थान पर सेवाएं दे रहा है? डौंडी जैसे ग्रामीण एवं पशुपालन-आधारित क्षेत्र में पशु चिकित्सा सेवाओं की यह उपेक्षा, न केवल प्रशासनिक असफलता है, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन का उदाहरण भी है। ऐसे में आवश्यक है कि जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के उच्चाधिकारी इस प्रकरण का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को उनके अधिकार और आवश्यक सेवाएं मिल सकें।

पेज 1 का शेष

आज दुर्ग में रहेगी पूरी छत्तीसगढ़ ...

राजनांदगांव, धमधा, कवर्धा और बेमेतरा की ओर जाने वाली बसों के लिये शहीद चौक पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पाटन की ओर से आने वाली बसों के लिये समृद्धि बाजार के सामने हाकी मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहीं से बसें रवाना होगी।

ज्ञानेश कुमार वोट चोरों ...

आईपी बताएं, जहां से ये फॉर्म भरे गए थे। दूसरा- हमें वह डिवाइस डेस्टिनेशन पोर्ट बताएं, जहां से ये आवेदन दाखिल किए गए थे। तीसरा- सबसे महत्वपूर्ण बात हमें ओटीपी ट्रेल्स बताएं, क्योंकि जब आप आवेदन दाखिल करते हैं, तो आपको ओटीपी प्राप्त करना होता है। 18 महीनों में 18 बार कर्नाटक की सीआईडी ने इसके लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा। वे इसे नहीं दे रहे हैं। वे इसे क्यों नहीं दे रहे हैं? क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि ऑपरेशन कहां किया जा रहा है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि यह कहां जाएगा।'

'लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए व्यवस्थित रूप से निशाना बना रहा'

वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए ...

जांच के लिए चुनाव आयोग ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

भारत के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर ट्वीट कर भी राहुल के आरोपों का खंडन किया। निर्वाचन आयोग ने लिखा, 'लोकसभा के नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को जनता द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी बदलाव या विलोपन नहीं हो सकता है। 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे। मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकारी की ओर से स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।चुनाव आयोग ने क्या कहा?

चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए उन आरोपों को गलत और निराधार बताया, जिनमें कहा गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे हैं। आयोग ने कहा, 'आरोप गलत और निराधार हैं। जनता का कोई भी सदस्य किसी भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटा सकता, जैसा कि राहुल ने गलत धारणा बनाई है।' आयोग ने जोर देकर कहा कि प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता।

आदेश की अनदेखी पर...

विभागीय समीक्षा बैठक ली, जिसमें शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने नेपाल की ..

हाल की दुखद घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को मेरी गहरी संवेदनाएं। शांति और स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के निरंतर समर्थन की बात दोहराई।

पीएम मोदी ने नेपाल के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सुशीला कार्की और नेपाल के लोगों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी थीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री के रूप में पद ग्रहण करने पर सुशीला कार्की को हार्दिक शुभकामनाएं।

बता दें कि सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। बीते शनिवार को उनके नाम का ऐलान हुआ और उसी शाम सुशीला कार्की को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शपथ दिलाई। अंतरिम सरकार के गठन के साथ नेपाल की संसद को भंग करते हुए आम चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया गया है। नेपाल में यह सत्ता-परिवर्तन जेन-जी आंदोलन के बाद हुआ है, जिन्होंने केपी शर्मा ओली की सरकार को गिराया। 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध के खिलाफनेपाल के युवाओं ने अपना विरोध शुरू किया था, लेकिन यह विरोध हिंसक प्रदर्शन में बदल गया था।

ईडी ने 10 अलग-अलग ...

कस्टम मिलिंग घोटाला, जिसमें कथित तौर पर चावल खरीद और मिलिंग रिकॉर्ड में हेराफेरी शामिल है, अपने बड़े पैमाने और संभावित राजनीतिक परिणामों के कारण ध्यान आकर्षित कर रहा है। जांचकर्ताओं का मानना है कि बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए बिल, फर्जी मिलें और जाली दस्तावेजों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ होगा।

छत्तीसगढ़ का प्रयाग...

विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग सहित सभी के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग, राजिम अब रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अब और अधिक सुगम, सुविधाजनक और किफायती बन गया है।

19 महीनों से विकास ...

्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे की लगभग 45,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में लगभग 7,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश में रेल सेवाओं का तीव्र विस्तार और विकास सुनिश्चित हो रहा है।

तीन इनामी नक्सली...

की टीम ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें यह सफलता मिली। वहीं, बीजापुर जिले की मुठभेड़ में दो इनामी नक्सली मारे गए। यह मुठभेड़ 17 सितंबर को हुई। बीजापुर के दक्षिण-पश्चिमी जंगलों में भी माओवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में दो इनामी माओवादी ढेर कर दिए गए। ये दोनों हाल ही में ग्रामीणों और एक शिक्षादूत की हत्या में शामिल थे। मारे गए माओवादियों की पहचान रघु हपका (33) के रूप में हुई है। इसके ऊपर 5 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। दूसरे माओवादी की पहचान सुक्कु हेमला (32) के रूप में हुई है, जो बीजापुर थाना का रहने वाला था। इसके ऊपर 2 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। इनके पास से 303 रायफल, मैग्जीन, जिंदा कारतूस, बीजीएल लांचर, सेल, बैटरी, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, पिट्ठू बैग, माओवादी वर्दी, दवाइयां और अन्य नक्सली सामग्री बरामद हुई है। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा 202 एवं 205 की टीम ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन में इन दोनों इनामी माओवादियों को ढेर किया।

■ न्यूज गैलरी

दुर्ग में नशीली दवाओं की बिक्री के बड़े रैकेट का खुलासा

दुर्ग। पुलिस ने फर्जी दवा कंपनी बनाकर दुर्ग में चल रहे नशीली दवाओं की बिक्री के रैकेट का खुलासा किया है। इस मामले में बड़े स्तर पर कारोबार करने वाले वैभव खंडेलवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से बड़ी तादाद में नशीली गोलियां और सिरप बरामद किया गया है। बरामद माल को देखकर पुलिस हैरान रह गई। आईजी दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग और एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बंशी बिहार, बोरसी निवासी वैभव खंडेलवाल को गिरफ्तार किया। आरोपी वैभव पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि वैभव नकली लाइसेंस और फर्जी जीएसटी नंबर के जरिए दवाओं का कारोबार कर रहा था। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म इंडिया मार्ट से प्रतिबंधित दवाएं मंगाकर नशेड़ियों तक दवाओं की खेप पहुंचाता था।

सेजेस में शिक्षकों का सम्मान

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी में शाला प्रबंधन समिति द्वारा बहुत ही धूमधाम से शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 शिक्षकों और 28 बीएड शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उपस्थित थे। कौशिक ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। हमें आगे बढ़ाने में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीके ग्रुप के डायरेक्टर दिलीप साहू ने कहा कि शिक्षक व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर होते है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्या मिनी गोपी नाथन ने शाला प्रबंधन समिति को कार्यक्रम आयोजन के लिये धन्यवाद दिया।

स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46.50 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अहिवारा विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ एटीम मशीन के लिए 46 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिवारा और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेड़ेसरा व विकासखण्ड पाटन स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई-3 में एक-एक क्लाउड बेस्ड हेल्थ कियॉस्क हेल्थ एटीएम मशीन स्थापना के लिए 15.50-15.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

स्कूली छात्र-छात्राओं को आहार-विहार संबंधी जानकारी दी

दुर्ग/ छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयुष विभाग दुर्ग द्वारा ''हर दिन, हर घर आयुर्वेद'' थीम पर 1 से 21 सितम्बर तक विभिन्न प्रकार के आयुर्वेद जागरूकता संबंधी कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित किये जा रहे है। आज आयुष विभाग के समस्त संस्थाओं में आहार-विहार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्कूली छात्र-छात्राओं और आमजनों को विशेष रूप से मौसम अनुसार आहार-विहार की जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व चिकित्सा के लिये नजदीकी आयुष संस्थाओं में संपर्क करने कहा गया। समस्त संस्थाओं में प्रतिदिन स्वास्थ्य जागरूकता हेतु पॉम्पलेट वितरण किये जा रहे हैं।

वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली में जुटी भारी भीड़ कांग्रेस नेता करते रहे शक्ति प्रदर्शन

■ **पोस्टर और होर्डिंग-फ्लैक्स लगाने पर होती रही तकरार**

दुर्ग/नवप्रदेश। वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली के दौरान आज कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों की भीड़ जुटी। पिछले विधानसभा चुनाव में करारी पराजय के बाद आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट सहित भूपेश बघेल, दीपक बैज, चरणदास महंत, टीएस बाबा, ताम्रध्वज साहू सरहित अन्य दिग्गज नेताओं की मौजूदगी से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया। लेकिन रैली और सभा के दौरान कांग्रेस नेताओं के बीच एकजुटता का अभाव दिखा। कांग्रेस नेता अपने-अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन की होड़ करते दिखाई दिये। सभा से कुछ देर पहले तक पोस्टर, होर्डिंग और फ्लैक्स लगाने को लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच लगातार तकरार होती रही। दो दिनों से सभास्थल पर फ्लैक्स, होर्डिंग और पोस्टर लगाने में कांग्रेस नेता जुटे थे। रैली मार्ग में कई प्रमुख चौक चौराहों पर फ्लैक्स लगाने को लेकर कांग्रेस नेताओं के बीच जमकर बहस हुई। खास तौर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेंद्र साहू के बीच पोस्टर, फ्लैक्स लगाने को लेकर कई बार तकरार हुई। कांग्रेस नेता सभास्थल पर अपने फ्लैक्स लगाने के साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर भी स्वागत-अभिनंदन के फ्लैक्स लगाने की होड़ करते रहे। मिनीमाता चौक पर धीरज बाकलीवाल ने ढोल-नगाड़ों और फूलमाला के साथ कांग्रेस नेताओं का अभिनंदन किया। बाकलीवाल के नेतृत्व में मिनीमाता चौक से गांधी प्रतिमा तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली में कांग्रेस के बड़े नेता खुद बाइक चला कर युवाओं में जोश और उत्साह का संचार करते रहे। रैली में सचिन पायलट, दीपक बैज, भूपेश बघेल, संपत कुमार, उमेश पटेल सबसे आगे बाइक पर नजर आए। रैली में झंडे, बैनर के साथ सैकड़ों मोटरसाइकिलों पर सवार कांग्रेसी नारेबाजी करते रहे। बाइक रैली के बाद गंजपारा पहुँचने पर युकां प्रदेश महासचिव संदीप वोरा, विवेक मिश्रा ने स्वागत किया।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिवस के अवसर प्राचार्य वर्षा ठाकुर के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा श्रम दान किया गया साथ ही स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता शपथ लिया गया। पूरे विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की अशेष बधाईयां दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी व्याख्याता गण पी बुरहान, कर्महे, बी मैथ्यू , एशमी बंजारे, प्रतिमा भारद्वाज, रूपेश्वरी साहू, संजय यादव, रूखमणी विश्वकर्मा छात्र आर्यन कुमार, चंदन, अरमान, कुमारी सुभी, दीपिका सूर्यवंशी, कुमारी अंकिता बारले, झमिता यादव, राधा, गुलशन भारती भूपेंद्र भारती आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

वार्षिक भाड़ा मूल्य पर आधारित संपाकिर की दर का होगा निर्धारण

दुर्ग नगर निगम की सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित, मुक्तिधाम व गंजमंडी दुकानों के आबंटन का फैसला भी

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक मोतीलाल वोरा सभागार में आज सुबह 10 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति श्याम शर्मा ने की। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार,आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण और निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कुल आठ एजेंडे रखे गए। चर्चा के बाद सभी एजेंडे पारित कर दिये गए।

सभा में रायपुर नाका मुक्तिधाम परिसर की दुकानों के आबंटन पर चर्चा हुई। यहां 10×12 आकार की चार दुकानें निर्मित की गई थीं। इनमें से दुकान क्रमांक 1 और 4 का आबंटन पूर्व में किया जा चुका है। दुकान क्रमांक 2 (अनारक्षित) और 3 (अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु आरक्षित) के लिए 29 जुलाई 2019 को निविदा आमंत्रित की गई थी। इसमें दुकान क्रमांक 2 के लिये आशीष वर्मा की निविदा प्राप्त हुई, जिसे स्वीकार किया गया।

गंजमंडी व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स की दसवीं निविदा 13 नवम्बर 2024 को जारी की गई थी। निविदा में दुकानों के लिए ऑफर दर प्राप्त हुए। अग्रसेन चौक सुभाष स्कूल की सीढ़ी के नीचे निर्मित दुकान के लिये 5 अगस्त को चतुर्थ निविदा आमंत्रित की गई, जिसमें चार निविदाकारों ने भाग लिया। शहर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कुल 61 आवेदन निगम में जमा हुए थे। इनकी जांच वार्ड एआरआई को सौंपी गई। जांच में 9 आवेदन पात्र और 52 अपात्र पाए गए।

संपत्तिकर का पुनर्निर्धारण एजेंडे में शामिल था। वर्ष 2017-18 में भवन/भूमि मूल्य पर आधारित कर में 50 प्रतिशत वृद्धि की गई थी। इसके बाद अब तक कोई संशोधन नहीं किया गया था। अन्य नगर निगमों की भांति दुर्ग में भी 2025-26 से वार्षिक भाड़ा मूल्य पर आधारित संपत्तिकर दर निर्धारित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसमें किसी भी प्रकार की अतिरिक्त कर वृद्धि नहीं होगी।

सामान्य सभा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई बड़ी कटौती का स्वागत किया गया। सदन ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इस कदम से किसानों, मध्यम वर्ग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ मिलेगा। सभा ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन करते हुए बहुमत से स्वागत प्रस्ताव पारित किया।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम की यह सभा शहर के विकास कार्यों को गति देने और जनता के हित में ठोस निर्णय लेने का मंच है। सभापति श्याम शर्मा ने सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि पारित प्रस्तावों से निगम के प्रशासनिक कार्य और अधिक पारदर्शी और जनहितैषी बनेंगे।

22 से होगी कुर्की

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन-भूमि पर संपत्ति कर की बकाया राशि की वसूली करने नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किये गये हैं। बकाया राशि की वसूली के लिये अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार 22 सितम्बर से कार्यवाही करने समिति गठन किया गया है। प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही कुर्की के माध्यम से करेंगे। भवन या भूमि के स्वामी से संपर्क कर राशि की वसूली के लिये एक दिन पहले अवगत कराया जाएगा। भूमि स्वामी द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर कुर्की के माध्यम से वसूली की जाएगी। इसकी जवाबदारी भूमि स्वामी की स्वयं की होगी।

महापौर की मांग पर मंत्री गजेंद्र ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिये मंजूर किये 40 लाख

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में काफी समय से प्रकाश व्यवस्था की समस्या को देखते हुए महापौर अलका बाघमार ने आज कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास पर मुलाकात की। महापौर ने शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने नई लाइट लगाने की आवश्यकता बताते हुए राशि की मांग की। महापौर की मांग पर केबिनेट मंत्री ने 40 लाख रुपए की राशि मंजूर की।

महापौर ने बताया कि निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटों को बदलने और नई लाइट लगाने की आवश्यकता है। महापौर निधि, पार्षद निधि और निगम मद से इतनी बड़ी राशि का प्रावधान कर पाना संभव नहीं है। कई वार्डों में नागरिकों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली पर्व के पहले प्रकाश व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। महापौर की मांग पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने तत्काल 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करते हुए शासन को भेज दी। मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि दीपावली के पहले शहर की प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और वार्डों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस राशि से नगर निगम को बड़ी राहत मिलेगी और दीपावली पर पूरा शहर रोशनी से जगमग होगा।

रूंगटा यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह, छात्रों ने दिखाया उत्साह

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़-50 एवं विकसित छत्तीसगढ़-50 की थीम पर हुए समारोह में यूनिवर्सिटी के विभिन्न सांस्कृतिक क्लबों के माध्यम से छात्रों को विकसित भारत के संकल्प को यथार्थ बनाने में योगदान देने का आह्वान किया गया।

यूनिवर्सिटी के रंगमंच आरएसडीसी ने भारत विशेषकर छत्तीसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक परंपराओं को नृत्य के माध्यम से समझाया। रोनित, श्यामली, अनुश्रिया, तनीश, अदिति, रिचा का पंथी नृत्य सराहनीय रहा। सृष्टि, प्रियांशु, प्रिया, शिवानी के समूह ने झिझिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

रूंगटा आर्ट गैलरी द्वारा छात्रों से पोस्टर निर्माण भी कराया गया। रनविजय क्लब ने फिट इंडिया के अनुरूप पुशअप, आर्म रैसलिंग, रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं से शारीरिक स्वास्थ्य और चेस, कैरम जैसे इंडोर खेलों से मानसिक विकास सुनिश्चित किया।

राडिक्शन क्लब द्वारा थीम पर आधारित वाद विवाद, भाषण, क्विज आदि आयोजित किए गए। एनएसएस दल एवं राइज आरएसडीसी द्वारा रूमाल झपट्टा जैसे देसी खेल खिलाए गए। समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास की प्रेरणा दी गई। रूबी क्लब ने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप की जानकारी दी। इनफिनिटी कोडर क्लब ने तकनीकी हैकाथान में प्रॉब्लम सॉल्व किया।

यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरी शेट्टी और कुलसचिव डॉ. एजाजुद्दीन ने युवाओं को छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए योगदान देने मोटिवेट किया। इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने युवाओं को भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रमों में डॉ सत्यधर्म भारती, डॉ अल्बर्ट जॉन वर्गीस, डॉ रेजो राय, डॉ समीर सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही।

विधायक ललित ने किया शिक्षकों का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम हनोदा में आयोजित शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य जितेंद्र टंडन, सरपंच लक्ष्मी साहू और शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमानंद चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्प कर किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ प्रज्ञा सिंह का भी सम्मान किया गया। उन्होंने गणित लैब और नवसाक्षर उल्लास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए नवाचारपूर्ण शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर विधायक ललित ने कहा कि हमारे गांव के लिए आज गौरव का विषय है कि हमारे स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका को इस साल राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया गया। डॉ प्रज्ञा सिंह स्कूल में पदस्थ होने के बाद से बच्चों को गणित की कठिनाइयों को दूर करती रही।

स्वच्छता ही सेवा अभियान, रजत जयंती महोत्सव का सांसद बघेल ने किया शुभारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। विवेकानंद भवन में स्वच्छता ही सेवा अभियान, अंगीकार-2025 और छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में नागरिकों के लिए अनेक योजनाओं के स्टॉल लगाए गए जिनमें स्वतंत्र होम लोन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, माँ ब्राम्हणी सोलर सॉल्यूशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी, आधार कार्ड सेवा केंद्र के स्टाल मुख्य आकर्षण रहे। लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर बच्चों और युवाओं ने स्वच्छता व विकास से जुड़े गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति दी। सांसद बघेल ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में हर गरीब परिवार को पक्का मकान और हर घर को मुफ्त बिजली पहुँचाने का संकल्प तेजी से पूरा हो रहा है। महापौर बाघमार ने कहा कि निगम ने स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप दिया है। नागरिकों की भागीदारी से ही हम स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध दुर्ग का सपना पूरा कर सकते हैं। आज जिन हितग्राहियों को आवास मिला है, यह योजना की सफलता का प्रमाण है। पीएम आवास योजना के 11 हितग्राहियों के नए घर का सपना साकार हुआ। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन मौजूद थे।

स्वच्छता के लिये मिशन मोहसिने आजम और गणेशोत्सव समितियों का सम्मान

कार्यक्रम में स्वच्छ गणेश उत्सव अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने वाली समितियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति पद्मनाभपुर, आदर्श गणेश उत्सव समिति महाराजा चौक, जगन्नाथ गणेश उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में स्वच्छता के लिये मिशन मोहसीने आज़म के युवाओं को दिया विशेष सम्मान पत्र दिया गया।

खिलाड़ियों को खेल के दौरान होने वाली दंत समस्याओं के उपचार की सुविधा मिलेगी

भिलाई में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स डेंटिस्ट्री का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भिलाई एक और महत्वपूर्ण कदम की ओर बढ़ गया है। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कैंपस में सेंटर फॉर स्पोर्ट्स डेंटिस्ट्री का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किया। केंद्र के माध्यम से अब दंत चिकित्सकों को खिलाड़ियों के दांतों से जुड़ी समस्याओं के निदान और उपचार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस फेलोशिप कार्यक्रम का संचालन रुंगटा कॉलेज ऑफडेंटल साइंसेज़ एंड रिसर्च द्वारा इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा। यह 9 महीने का विशेष प्रशिक्षण कोर्स है, जिसमें हर बैच में 20 प्रशिक्षुओं को दाखिला दिया जाएगा। कोर्स में दांत टूटने, माउथ गार्ड के उपयोग और खेल के दौरान होने वाली अन्य दंत समस्याओं पर फोकस किया जाएगा। यह प्रशिक्षण बीडीएस डिग्री प्राप्त चिकित्सकों के लिए खुला रहेगा। इस मौके पर सांसद बघेल ने कहा कि भिलाई शिक्षा का हब बन चुका है। इंजीनियरिंग, तकनीकी, कला और अब चिकित्सा के क्षेत्र में भी यह शहर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। खिलाड़ियों की दंत सुरक्षा के लिए यह पहल सराहनीय है। भिलाई के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल जैसे खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। इस केंद्र की स्थापना से अब खिलाड़ियों के दांतों से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा। इस अवसर पर डॉ. अशोक धोबले जनरल सेक्रेटरी, डॉ.अतुल सर्वे हेडऑफ एजुकेशन संस्थान, डॉ. साकेत रूंगटा डायरेक्टर, डॉ. विपिन अरोरा, डायरेक्टर व एग्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर, डॉ. कार्तिक कृष्ण, डीन, डॉ. फातिमा खान, डॉ. शाहीन हमदानी, डॉ. सविता खाबड़वाल, डॉ. गौरव अग्रवाल, प्रमोद सिंह सहित रुंगटा कॉलेज के स्टाफ मेंबर मौजूद रहे।

अंशकालिक संगीत शिक्षक हेतु आवेदन 21 तक

दुर्ग। पीएमश्री योजना अंतर्गत विद्यालयों में अंशकालिक संगीत शिक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय पीएम श्री प्राथ.शा जरवाय, रुआबांधा, आदर्श नगर उतई, विनायकपुर, बोरसी, पथरिया, बानबरद, अखरा, गभरा बिजली नगर, बालाजी नगर खुर्सीपार और पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामुल, कुम्हारी, अहिवारा, बोरी, नगपुरा तथा बालाजी नगर खुर्सीपार में अंशकालिक संगीत शिक्षक की सेवाएं लेने के लिये आवेदन पत्र 21 सितम्बर तक आमंत्रित किये गए हैं।

नशे के विरूद्ध अभियान में लाएं तेजी, खाद दुकानों की आकस्मिक जांच करें : संभागायुक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। संभागायुक्त एसएन राठौर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने पांचों जिलों में उर्वरक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करने और कृषि विभाग के मैदानी अमले को नियमित फील्ड विजिट करने कहा। संभागायुक्त ने कहा कि नकली खाद, दवा पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की जाए। संभागायुक्त ने जिलों में नशे के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नशे के खिलाफजन-जागरूकता अभियान में तेजी लाने स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनसीसी ग्रुप के अलावा सामाजिक संस्थाओं को भी अभियान से जोडऩे के निर्देश दिये। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा से कहा कि स्कूलों के पास नशीले पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों पर कोटप्पा एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की जाए। समीक्षा के दौरान सेतु निगम के अधिकारी को मालूद-बेलौदी मार्ग पर शिवनाथ नदी पुल की मरम्मत कराने और कोटनी-नगपुरा मार्ग पर नवनिर्मित पुल के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को किसानों की मांग पर जरूरत के मुताबिक नहरों से सिंचाई पानी देने के निर्देश दिए। संभाग के पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोडऩे के संबंध में मत्स्य एवं वनोपज समिति को प्राथमिकता देने संयुक्त पंजीयक सहकारिता को निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि संभाग अंतर्गत 2444 ग्राम पंचायतों में से 1114 पंचायत प्राथमिक सहकारी समिति से कव्हर्ड कर लिया गया है। संभागायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय से प्राप्त पत्रों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत का सर्वाधिक गौरव बढ़ाया : विकास मरकाम

❒ मोदी के 75वें जन्म दिवस पर 75 सिंदूर के पौधों का वृक्षारोपण

नगरी/नवप्रदेश। विकासखण्ड नगरी के ग्राम साकरा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में बुधवार को वैद्यराज सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विकास मरकाम, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधीय पादप बोर्ड। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ के अध्यक्ष भोपाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व महामंत्री कमल डागा, जनपद सदस्य नंदनी साहू, हेमलता साहू, सरपंच जीवन नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने आगे कहा कि

भारत ने विश्व पटल पर अपना सर्वाधिक गौरव बढ़ाया

अपने उद्बोधन में विकास मरकाम ने कहा कि "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत ने विश्व पटल पर अपना सर्वाधिक गौरव बढ़ाया है।" पाकिस्तान जैसे देश को भी भारत की ताकत और निर्णय क्षमता के आगे घुटने टेककर माफी माँगनी पड़ी। मोदी जी ने देश की माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस अवसर पर ग्राम पंचायत साकरा के रीपा सेंटर में 75 सिंदूर के पौधों का पौधारोपण किया गया। ÷सिंदूर भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान का प्रतीक है। आज का यह पौधारोपण परंपरागत चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। श्री मरकाम ने आगे सम्मेलन में बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में परंपरागत वैद्यराज संघ की सदस्य संख्या लगभग 2200 है। संगठन की ओर से मांग की गई कि सभी पंजीकृत वैद्यराजों को मासिक मानदेय एवं प्रमाण पत्र राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही गांव-गांव और स्कूलों में हर्बल

इस अवसर पर बोर्ड के सीईओ राव ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि माताएं-बहनें यदि सिंदूर के पौधे को घरों में लगाएं तो वे एक बेहतर मासिक आमदनी कमा सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि औषधीय पौधों का व्यवसायिक तरीके से रोपण और उत्पादन कर इन्हें बेहतर जीविका का साधन बनाया जा सकता है।

गार्डन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि परंपरागत चिकित्सा पद्धति हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है। इसे आगे बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक है।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों धमतरी, गरियाबंद, कांकेर सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में वैद्य समाज के सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों में प्रांतीय उपाध्यक्ष रामप्रसाद निवारे, प्रांताध्यक्ष निर्मल कुमार अवस्थी (सचिव, वनौषधि राज्य संघ छ.ग.) तुलसीराम ओटी (अध्यक्ष, वैद्यराज संघ), सचिव उत्तम ध्रुव, कोषाध्यक्ष मानाराम साहू, संतोष पटेल, द्वारका प्रसाद साहू सहित अनेक वरिष्ठजन मौजूद रहे।

न्यूज गैलरी

डॉ. नीरेंद्र साहू से मिले सांसद संतोष पाण्डेय

डोंगरगांव/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय का गत दिनों डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। सांसद ने प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। सांसद पाण्डेय ने डॉ नीरेंद्र साहू के निर्विरोध निर्वाचन को साहू समाज में डॉ नीरेंद्र साहू के योगदान की परिणीति निरूपित करते हुए गुलदस्ता भेंटकर बधाई व शुभकामनाएँ दी। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, रामकुमार गुप्ता, सतीष पाण्डेय, युवानेता सागर वर्मा, प्रवेश ठाकुर, शरद वैष्णव, सिद्धम चोपड़ा, मयंक साहू, छोटू साहू, नंदलाल कुम्भकार, हिमांशु साहू सहित अनेक भाजपाई एवं साहू समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

29वें वर्ष भी परदेशी राम साहू बने सचिव

बीरसिंह सारथी अध्यक्ष, परदेशी साहू को मिली फिर से जिम्मेदारी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम भेड़ीकला स्थित नव जागृति कालिका उत्सव समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन हुआ। समिति के संस्थापक सचिव परदेशी राम साहू को एक बार फिर सम्मानित करते हुए लगातार 29वें वर्ष सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के नवगठित पदाधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष बीरसिंह सारथी, सचिव परदेशी राम साहू, कोषाध्यक्ष भगत देवांगन, उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, निर्देशक गोपी राम साहू, उपकोषाध्यक्ष गुलाब दास साहू, संचालक प्रेमलाल देवांगन, सह निर्देशक डॉ. आलोक जैन, प्रचार सचिव भुपेश साहू, संरक्षक बंशीलाल देवांगन, भूधर लाल देवांगन, सुकाल राम निषाद, पुजारी मंगतू राम निषाद इसके अलावा बड़ी संख्या में सदस्यगण भी समिति में शामिल हुए, जिनमें पूनम देवांगन, बिष्णु देवांगन, श्याम मनोहर साहू, चैतूराम सिन्हा, हीरादास, सत्यजीत साहू, संजय चंद्राकर, राजीव साहू, श्रवण साहू, हरीश निषाद, मुकेश साहू, गैलेन्द्र निषाद, चिंतामणि बघेल, सुरेश साहू, अनुक, पवन साहू, बंटी साहू, दीनाराम देवांगन, लोकनाथ, भूषण लाल साहू, ओमलाल, दुलेश सारथी, हीरामन, धीरज साहू, सूर्यप्रकाश साहू, उमेश साहू, परदेशी साहू, आत्माराम साहू, लिमेश साहू, विक्की साहू, विक्रम नेताम, राहुल साहू आदि शामिल हैं। समिति ने जानकारी दी कि इस वर्ष आयोजन के 29वें वर्ष में आस्था की 10 ज्योतियां प्रज्वलित की जाएंगी।

5 लाख की उठाईगिरी, आरोपी गिरफ्तार

❒ आरोपियों से 3,19,500 रुपए बरामद

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर में हुई 5 लाख रूपये की उठाई गिरी के मामले में शहर पुलिस ने घटना में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 319500 रुपए बरामद कर लिया है।आरोपियों द्वारा रेल्वे अंडरब्रिज के पास घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी शांति नगर संत कंवर राम वार्ड भाटापारा के रहने वाले है तथा ट्रेन में चना-फल्ली बेचते है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी सचिन सचदेव निवासी संत कंवर राम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके द्वारा बैंक ऑफ़बड़ौदा भाटापारा से करीबन 01:00 बजे चेक से कुल रकम ?9,95,000 (तीन बंडल रुपए) को निकालकर लैपटॉप वाली बैग में रखकर, अपने कंधे में लटका कर रखा गया था। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि बैग में से 5,00,000 रकम का बंडल नहीं था। तब उसके द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा जाकर सीसीटीवी चेक कराया गया। वही अंडरब्रिज के पास गुरु नानक होटल के सामने गाड़ी रोककर मोबाइल से बात करते समय किसी अज्ञात आरोपी द्वारा कंधे में लगे बैग के पीछे से 5,00,000 बंडल को चोरी कर लिया गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में धारा 303 (2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उठाईगिरी करने वाले आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ किया गया। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का भी गहन अवलोकन। इस दौरान तीन संदेही घटनास्थल के आसपास घूमते पाए गए, जो की ट्रेन एवं रेलवे स्टेशन में चना फल्ली आदि बेचते हैं।

तीन आरोपी गिरफ्तार, रकम बरामद

तत्पश्चात तत्काल पुलिस टीम द्वारा तीनों आरोपियों प्रेमलाल निषाद, अंकित निषाद और विशाल दास मानिकपुरी तीनों निवासी शांति नगर संत कंवर राम वार्ड भाटापारा को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से 5,00,000 रकम उठाईगिरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से उठाईगिरी किए गए रकम में से 3,19,500 बरामद किया गया है। प्रकरण में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की प्रक्रिया शहर पुलिस कर रही है।

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वे जन्मदिन पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत स्कूल मैदान में काजू एवं आंवला फलदार छायादार पेड़ लगाया गया। शिक्षक माधव साहू ने बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ पौधें जल संरक्षण में महत्व भूमिका निभाती है एवं हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करता है ।इसलिए पेड़ पौधों की सुरक्षा अति आवश्यक हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, प्रधानपाठक गैंद लाल डहरे, शिक्षक माधव साहू ,शिक्षिका दीपिका साहू, अंजु देवांगन, , टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी,मीरा साहू उपस्थित थे।

मर्हिष विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को दिए 11 हजार

महासमुंद/नवप्रदेश। पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए मर्हिष विद्या मंदिर के कक्षा पहली से बारहवीं के 853 छात्र-छात्राओं ने 11001 रुपये कलेक्टर को भेंटकर मदद पहुंचाने की मांग की। विद्यार्थियों का कहना है कि हम वहां जाकर उनकी मदद तो नहीं कर सकते, इसलिए हम सभी विद्यार्थियों ने आर्थिक रुप से मदद करने की सोची और राशि एकत्रित कर प्राचार्य के साथ कलेक्टर के माध्यम से भेजने के लिए आए हैं। स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि पंजाब में प्रकृति का ऐसा प्रकोप हुआ कि जन-धन का काफी नुकसान हुआ, इसलिए हम सभी ने आर्थिक मदद करने के उद्देश्य उक्त राशि एकत्रित की है जिससे पंजाब के निवासियों की थोड़ी ही सही, मदद हो सके ।

साहू समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने शोभराय साहू

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। करियाटोला वार्ड नं 9 मे साहू समाज के निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में शोभराय का चयन किया गया है समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया, जहां समाज के प्रमुख सदस्य एवं समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे । शोभराय ने समाज के विकास, एकता और समाजिक कार्यों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और समाज के कल्याण के लिए काम करूंगा अपने उद्बाटन संबोधन में शोभराय ने कहा, ÷यह एक बड़ा सम्मान है और मैं इसे अपने समाज की सेवा में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा।

जंगल यात्रा का आयोजन

❒ जल-जंगल की रक्षा करने तथा स्वच्छ व हरित पर्यावरण बनाए रखने लिया संकल्प

कसडोल/नवप्रदेश। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बुधवार को अमगांव सर्किल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल ढेबीखार से रवान तक जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल-जंगल की रक्षा करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को बनाए रखने का संकल्प लिया।

कवि सुरजीत को दी गई श्रद्धांजलि

धमतरी/नवप्रदेश। प्रेस क्लब धमतरी द्वारा प्रेस क्लब भवन में बुधवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर। सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप एवं शहर के वरिष्ठ नागरिक के के ढांड को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर , वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश पांडेय व उमेश वशिष्ठ सहित अन्य पत्रकारों ने कवि सुरजीत नवदीप के जीवनी पर प्रकाश डाल उनके साथ बिताए यादगार पलों को साझा किया। उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए साहित्य जगत के लिए इसे बड़ी क्षति बताया। उभरते कवि मोहम्मद तारिक ने अपने कविता के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नरेश श्रोति, सचिव राज सोनवानी, सह सचिव सत्येंद्र शर्मा,सांस्कृतिक प्रभारी दिनेश देवांगन, सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

महाविद्यालय में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर कार्यशाला का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। जी एन ए महाविद्यालय परिसर में रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ''विकसित छत्तीसगढ / 2025'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद मिंज ने की। उन्होंने अपने उद्बाटन वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन छात्रों की बौद्धिक दृष्टि को विस्तृत करने में सहायक होते हैं। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के पिछले स्वर्णिम 25 वर्षों की चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजन तिवारी ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिकए सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशेषताओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. तिवारी अपने वक्तव्य में समस्त श्रोतागणों को छत्तीसगढ़ की पिछली 25 वर्षीय यात्रा पर ले गये। उन्होंने छात्रों को राज्य की धरोहर एवं समकालीन संदर्भों से अवगत कराते हुए विषय की गहन समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशीष तिवारी ने छात्रों को छत्तीसगढ़ के सामाजिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर IQAC समिति के सदस्य डॉ. दीपिका त्रिपाठी एवं डॉ. सुमित पंत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में प्रकोष्ठ की भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में डॉ. दीपक यादव एवं सुश्री इंद्राणी मरकाम सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं ने भागीदारी की और संवादात्मक वातावरण निर्मित कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

गोकुलपुर में रामधुनी प्रतियोगिता संपन्न

धमतरी/नवप्रदेश। गोकुलपुर वर्ड में त्रिदिवसीय रामधुनि प्रतियोगिता राम नाम महायज्ञ का समापन महापौर रामू रोहरा के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामू रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि रामधुनी कार्यक्रम केवल सनातन धर्म को ही मजबूत नहीं बनाता बल्कि भगवान राम के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । धर्म की राह पर चलकर आदमी मर्यादित व संस्कारवान बनता है। उन्होंने आगे कहा कि हर व्यक्ति को अपने धर्म के प्रति आस्थावान होना चाहिए ।

स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए राजधानी पहुंचे बच्चे, विस अध्यक्ष से की मुलाकात

डोंगरगांव/नवप्रदेश। स्टार्ट अप इंडिया स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित निः शुल्क कोचिंग क्लास के 30 बच्चे कृषक प्रशिक्षण केंद्र लभान्डी, रायपुर में सम्मिलित हुए। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय घरेलू उत्पाद यथाद्ध हर्बल साबुन, फिनायल, वाशिंग पाउडर बनाने की विधि एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, शिक्षक भीष्म चंद्राकर, सलाहकार चंद्रभूषण साहू के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निर्देशक तुषार सरोटे एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती जागृति साहू ने लाभदायक जानकारियां दीं। सभी प्रशिक्षणार्थी छ ग विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चो को और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बच्चों ने विगत तीन वर्षों से संचालित निः शुल्क कोचिंग क्लास के लिए 85 इंच डिजिटल बोर्ड की मांग की। डॉ. साहब ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू,महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू,नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सलाहकार परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, अनिल साहू , मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, तिजेंद्र साहू, भोज गंजीर, हृदय हिरवानी, पवन साहू, हेमनाथ साहू, डॉ चेतन साहू, भगवती साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव, लीना साहू, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा हिरवानी कुंजबिहारी साहू आदि ने बधाइयां दी हैं।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104100122

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी वीणा भरधडे पिता/पति लक्ष्मीकांत भरधड़े पता पंचशीला गृह निर्माण संस्था के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 25/112(0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजय भरधडे पिता/पति स्व. लक्ष्मीकांत भरधड़े पता एमआईजी 658 पद्मनाभपुर दुर्ग, राहुल भरधड़े पिता/पति स्व. लक्ष्मीकांत भरधड़े पता एमआईजी 658 पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202508104300243 /अ-2/वर्ष 2024-25
ग्राम-खपरी, प.ह.न.21, तह. अहिवारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहन पिता स्वामीनाथ मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला निवासी रामपुर चोरहा, द्वारा ग्राम खपरी प.हमें 21 रा.नि.गं. दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 421/9 रकबा 0.026 हे. भू-राजस्व 0.02 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 05.09.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 05.09.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400181/अ-2/ वर्ष 2024-25 — पक्षकार का नाम दीप्ति यादव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीप्ति यादव आ./पति सतीश यादव निवासी भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1503/3	0.0232 हें वर्गफीट 2500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400218/अ-2/ वर्ष 2024-25 — पक्षकार का नाम श्री नारायण गुप्ता

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नारायण गुप्ता आ./पति रामचंद्र गुप्ता निवासी अन्टोफिल मुम्बई महाराष्ट्र द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	1/197	0.0204 हें वर्गफीट 2200	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202509100700004 /अ-27/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अरविन्द कुमार बंजारे पिता स्व. गोवर्धन लाल बंजारे एवं अन्य 01 सहखातेदार निवासी मठपारा, वार्ड क्रं. 03 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 856/37 रकबा 0.1381 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को आपसी सहमती के आधार पर आवेदक एवं अनावेदक के मध्य दो बराबर भागों में खाता विभाजन कर पृथक-पृथक ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202509100600034 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री सुरेश कुमार शर्मा पिता/पति श्री भोला प्रसाद शर्मा, अन्य 2. निवासी प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), के द्वारा ग्राम अमलेश्वर, प.ह.न. 03. तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 603/51 रकबा 0.5060 हे. भूमि पर वाणिज्यिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 24.09.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400233/अ-2/ वर्ष 2024-25 — पक्षकार का नाम मधुसूदन खांडा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मधुसूदन खांडा आ./पति सुरान्द्र नाथ खांडा निवासी वार्ड नं. 4 गयानगर जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	850/163	0.0130 हें वर्गफीट 1440	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400180/अ-2/ वर्ष 2024-25 — पक्षकार का नाम कुंती यादव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका कुंती यादव आ./पति कृष्ण यादव निवासी खेदामारा जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तह. व जिला दुर्ग	545/8	0.0137 हें वर्गफीट 1500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

जीएसटी में कटौती से व्यापारियों में खुशी : पंकज

महासमुंद/नवप्रदेश। जीएसटी के जिला सदस्य पंकज चंद्राकर ने जीएसटी में की गई कटौती को व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे छोटे और बड़े व्यापारियों में खुशी की लहर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हो रहा है। 28 प्रतिशत वाले जीएसटी 18 प्रतिशत और 18 वाले जीएसटी को 5 प्रतिशत करने से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होगी और मध्यमवर्गीय परिवार को बजट में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से सभी को लाभ मिलेगा।

रायपुर प्रवास के चलते विधायक रोहित साहू का जनदर्शन स्थगित

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय बैठक के चलते दिनाँक 19 सितंबर शुक्रवार को रायपुर प्रवास पर रहेंगे। शुक्रवार को उनका निर्धारित जनदर्शन कार्यक्रम आगामी तिथि में आयोजित होगा। तथा क्षेत्रवासियों के लिए पूर्व की भांति उपलब्ध रहेंगे। उक्त जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधम और उल्लास से मनाई

कुरूद/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति भगवान विश्वकर्मा जयंती कुरुद वितरण केंद्र परिसर मे 33/11 के. वी. सब स्टेशन मे विश्वकर्मा जी के तैल चित्र का माल्यार्पण एवं विधिवत पूजन कर बड़े धूमधाम और उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम मे संभागीय कार्यालय से सहायक अभियंता श्री एल. एल. ध्रुव , उप संभाग से सहायक अभियंता श्री सुरेश कोसरे, कुरुद वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता श्री राकेश सिन्हा , के. डी. देवांगन ,अश्विनी पटेल, तेजेन्द्र सिन्हा , पीयूष सिन्हा, शेष राज वर्मा, दिलीप शोरी , लोकेश्वर साहू, रोशन ध्रुव, विक्रांत ठाकुर, परमेश्वर निषाद, श्याम सुन्दर साहू के साथ ही साथ अन्य कार्यालयीन तथा तकनीकी कर्मचारियों, संविदा कर्मचारी और ठेका कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

कूंरा में विश्वकर्मा जयंती मनाई

कूंरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत सहित धरसीवां क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत धरसीवां , चरौदा , परसतराई , बरतनारा, तिवरैया , कपसदा , टाड़ा , मोहदी , गोढ़ी , नगरगांव , सिलतरा सहित आदि गांवों में भक्त जन शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी का मूर्ति स्थापित कर एवं उनके विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर और मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर विश्वकर्मा स्थापना दिवस को बड़े ही घूम धाम से मनाया गया । उनके ठीक दूसरे दिवस को बाजे गाजे के साथ बहते नदी के धार सोमनाथ धाम में विसर्जित किया गया ।

राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस पर कांग्रेसियों ने बनाया चाय और भजिया

महासमुंद/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगार दिवस मनाया और चाय, भजिया बनाकर मोदी जी को जन्मदिन पर तोहफा दिया। अमन चंद्राकर ने कहा कि केवल युवाओं को ठगने का काम मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। मोदी के जन्मदिन पर साल बदला, लेकिन बेरोजगारी का हाल नहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी आस मोहम्मद व प्रदेश महासचिव विराज चंद्राकर, अमन चंद्राकर जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस युवराज साहू, अक्षय साकरकर, नितिन चंद्राकर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बागबाहरा शहर के बीच से निकली नेशनल हाईवे जर्जर

■ मरम्मत के अभाव में उखड़ने लगी सड़क

महासमुंद/नवप्रदेश। नदी मोड़ से ओडिशा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 353 की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। अरसे से मेंटेनेंस न होने से पचेड़ा से खोपली पड़ाव तक सड़क उखड़ने लगी है। खासकर, बागबाहरा शहर के बीच से गुजरी नेशनल हाईवे 4 किलोमीटर का हिस्सा बेहद जर्जर हो चुका है। इस रोड पर ही स्कूल, आफिस, बैंक, व्यवसाय होने से भीड़ रहती है, पर सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो जाने से बागबाहरा नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि महासमुंद नदी मोड़ से बागबाहरा ओडिशा बार्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर जिला मुख्यालय सहित बागबाहरा शहर बसा है। इस मार्ग का 2018 में चौड़ीकरण हुआ था। तब से आज तक कोई बड़े पैमाने पर कोई सुधार कार्य नहीं हुआ है। नदी मोड़ से ग्राम पचेड़ा तक तो मार्ग की हालत ठीक है पर उससे आगे वाहन हिचकोले खाने लगते हैं। जगह-जगह गढ्ढे, जर्जर हो रही सड़क के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। मार्ग की स्थिति बागबाहरा में दयनीय है। शहर से होकर गुजरे इस मार्ग पर नेशनल हाईवे-353 पर 4 किमी पर बागबाहरा शहर बसा हुआ है। इस 4 किलोमीटर में कई जगह गड्ढे हो गए हैं, जिसमें पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इन गड्ढों का पानी सूख जाने के बाद गिट्टी छिटक कर दुकानों में जाती है। इस प्रमुख मार्ग पर अस्पताल, शासकीय कार्यालय, एफसीआई, बैंक, स्कूल, मंदिर, गुरूद्वारा, चर्च आदि स्थित हैं। इस खराब सड़क से रोजाना हजारों नागरिक गुजरते हैं। यहां के नागरिकों का कहना है कि बरसात में सड़क में हुए गड्ढों में पानी भर जाने से आएदिन दुर्घटना हो रही है वहीं गर्मियों में धूल से राहगीर और दुकानदार परेशान हो रहे हैं।

> नेशनल हाईवे 353 में 0 से 66 किलोमीटर तक मेंटेनेंस काम का टेंडर लगा हुआ है। जैसे ही इसकी औपचारिकता पूरी होगी मेंटेनेंस का काम शुरू हो जाएगा।
>
> **कोकिला घोड़ेसवार**
> उप अभियंता, नेशनल हाईवे महासमुंद

सोनई रूपई मंदिर में 22 को घटस्थापना

महासमुंद/नवप्रदेश। क्वांर नवरात्र पर ग्राम खट्टी स्थित माता सोनई रूपई मंदिर में आश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार घटस्थापना, वेदी पूजन, शैल पुत्री पूजन प्रात 11:36 बजे से दोपहर 12:24 तक किया जाएगा। आश्विन (क्वांर) शुक्ल पंचमी 27 सितंबर शनिवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन प्रात: 8 बजे, अश्विन (क्वांर) शुक्ल अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को महागौरी पूजन, हवन शाम 4 बजे होगा।

शिक्षा सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को भेजी शिकायत

शिक्षा विभाग में वरिष्ठता घोटाला: डीईओ विजय लहरे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

पिथौरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पूरी तरह उजागर हो गया है। वर्ष 2022 से चले आ रहे वरिष्ठता घोटाले में 18 शिक्षकों ने फर्जी दस्तावेजों एवं अन्य तरीके से कर और कथित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध पदोन्नति हासिल की, जिससे शासन को लाखों रुपये का अपूरणीय नुकसान हुआ। इस घोटाले की जड़ें जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे की घोर उदासीनता और दोषियों को खुलेआम संरक्षण देने की साजिश में गहराई तक समाई हुई हैं। इस गंभीर मामले को लेकर नगर के प्रबुद्ध नागरिक शिकायत पत्र शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों को भेजा गया है, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे की तत्काल निलंबन और कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत पत्र में खुलासा किया गया है कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्राप्त आधिकारिक दस्तावेजों से सिद्ध हो चुका है कि इन 18 शिक्षकों ने संगठित रूप से फर्जीवाड़ा किया। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से केवल दो शिक्षकों–दिनेश प्रधान और ज्योति दीवान–को ही पदानत किया गया, जबकि उनसे हुए भारी आर्थिक नुकसान की वसूली आज तक शुरू नहीं हुई। दोष सिद्ध होने के बावजूद उनके खिलाफ कोई आपराधिक या अनुशासनात्मक कार्रवाई न करना विजय लहरे की जानबूझकर की गई निष्क्रियता को उजागर करता है। शेष 16 दोषियों के खिलाफ केवल औपचारिक 'कारण बताओ नोटिस' तक सीमित रहकर पूरे मामले को दबाने की कोशिश की गई, जो विभागीय भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली साजिश का स्पष्ट प्रमाण है।

शिकायत में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे की भूमिका दोहरे मापदंड की हैं कि उनकी यह लापरवाही न केवल शासन के हितों के खिलाफ है, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था को सड़ाने वाली है। शिकायत में मांग की गई है कि शेष दोषी शिक्षकों की अवैध पदोन्नति तत्काल रद्द हो, शासन को हुए नुकसान की पूरी वसूली हो, सभी दोषियों के खिलाफएफआईआरदर्ज हो और सेवा नियमों के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई (जैसे निलंबन और बर्खास्तगी) अमल में लाई जाए। विशेष रूप से विजय लहरे की भूमिका की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, जिसमें उनका तत्काल निलंबन, उनके सेवा अभिलेख में लापरवाही का उल्लेख और आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी उन पर थोपने की बात कही गई है।

प्रशासनिक सुधारों पर जोर

यह शिकायत पत्र शिक्षा सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल और SCERT संचालक रितुराज रघुवंशी को भेजा गया है। साथ ही, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को भी दी गई है, कलेक्टर लंगेह ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रशासनिक सुधारों पर जोर दिया है, शिकायत में कहा गया है कि यह प्रकरण भ्रष्टाचार का महज एक उदाहरण नहीं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की सड़ांध और विजय लहरे जैसे अधिकारियों की संरक्षणकारी मानसिकता का घिनौना चेहरा है।

शिक्षा विभाग की साख पड़ सकता है खतरे में

स्थानीय स्तर पर यह मामला तूल पकड़ रहा है। शिक्षक संगठनों और अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है, जो इस भ्रष्टाचार से बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। शिक्षा सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल, जो हाल ही में महासमुंद के स्कूलों का निरीक्षण कर चुके हैं, इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करेंगे या नहीं, यह देखना बाकी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। यदि इस घोटाले पर पर्दा नहीं उठा तो शिक्षा विभाग की साख गंभीर खतरे में पड़ जाएगी।

नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

राजिम/नवप्रदेश। राजिम त्रिवेणी संगम के पैरी नदी किनारे में एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मामला गरियाबंद जिले के राजिम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राजिम के त्रिवेणी संगम में आज गुरुवार सुबह एक अधेड़ का शव गंगा आरती स्थल के पास मिला है। सुबह नहाने गए लोगों ने शव को देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। प्रारम्भिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शव में किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं मिले है। आशंका जताई जा रही है कि डूबने से उसकी मृत्यु हुई है। जांच के दौरान मृतक के पहचान के कोई कागजात नहीं मिले हैं। व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा आसपास के जिलों और अन्य जगहों में भी सूचना प्रसारित की जा रही है।

मृतक के परिजनों की तलाश जारी

राजिम थाना प्रभारी अमृतलाल साहू ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि नदी किनारे एक अधेड़ का शव मिला है प्रारम्भिक जांच में कोई चोट के निशान नहीं मिले है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। किसी को जानकारी हो तो स्थानीय थाने में इसकी सूचना दे सकते है।

शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने के विरोध में उतरे 48 गांव वाले

महासमुंद/नवप्रदेश। महानदी में बने समोदा बैराज से शराब फैक्ट्री पिकाडिली को पानी दिए जाने का विरोध अब तेज होने लगा है। इस बैराज से क्षेत्र के 48 गांवों तक समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी पहुंचाने की योजना है। अब इसी बैराज से शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने की अनुमति जल संसाधन विभाग द्वारा 29.10.2024 को दी गई है। इससे नाराज क्षेत्र के सैकड़ों ग्राम प्रमुखों की बैठक बुधवार को पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में तुमगांव के संत माता कर्मा सदन में आयोजित की गई।बैठक में समोदा बैराज से पिकाडिली शराब फैक्ट्री को पानी दिए जाने का विरोध करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से इस मुद्दे पर चर्चा हुई कि समोदा बैराज से जब क्षेत्र के 48 गांवों को पानी दिए जाने की योजना है, तो पिकाडिली शराब फैक्ट्री को पानी क्यों दिया जा रहा है। यदि शराब फैक्ट्री को पानी दिया गया, तो गाँवों तक पानी कैसे पहुँच पाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में क्षेत्र के 48 गांवों में जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए समोदा बैराज से गांवों तक पानी पहुंचाने की योजना बनी थी, जिसे वर्तमान सरकार द्वारा विफल करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सरकार के इस तानाशाही निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं। हम सरकार के हर उस निर्णय का विरोध करते हैं, जो जनहित के विरुद्ध हो। उन्होंने कहा कि समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों के 15238 परिवारों के 70 हजार आबादी को 12909 नल कनेक्शन के माध्यम से समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना के तहत पानी देना प्रस्तावित है।

विरोध-प्रदर्शन करने ग्रामीण तैयार

बैठक में उपस्थित ग्राम बंदोरा, छपोराडीह, खड़सा, जलकी, भोरिंग, पासिद, परसाडीह, अछरीडीह, अचानकपुर, बांसकुड़ा, अमलोर, सुकुलबाय, लहंगर, अछोला, गढ़सिवनी, घोड़ारी, बिरकोनी, सिरपुर, खैरझिटी, तेंदूवाही, अछोली, बोरिद, बिरबिरा, केडियाडीह, बरबसपुर, कुकराडीह, मोहकम, जोबा, मालीडीह, बेलटुकरी, पिरदा, चुहरी, पीढ़ी, करार्डीह, मुड़ियाडीह, नांदबारू, बड़गाँव, केसलडीह, फुसेराडीह, खिरसाली, गुडरूडीह, खट्टीडीह, खमतराई, रायकेरा, मरौद, सेनकपाट, कुहरी, अमावस के ग्रामीणों ने एक स्वर में शराब फैक्ट्री को समोदा बैराज से पानी दिए जाने का विरोध किया और आगामी समय में वृहद रूप से विरोध-प्रदर्शन करने हामी भरी।

मवेशी चराने वाले से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने भीखापाली गौशाला के मवेशी चराने वाले वाले व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस को सन्नी चौहान ने बताया कि वह गणेश अग्रवाल के गौशाला भीखापाली में विगत एक माह से बैल-भैंस चराने का काम करता है। 16 सितंबर की दोपहर करीब 3.30 बजे बैल-भैंस को चराकर बुंदेली चौक तेंदूकोना की ओर से वापस गौशाला भीखापाली ले जा रहा था।

नाली निर्माण की बात पर सरपंच से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम बिरकोनी के वार्ड नंबर 2 साहूपारा में नाली निर्माण की बात को लेकर सरपंच से मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक बिरकोनी सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर ने बताया कि पंचायत के वार्ड नंबर 2 में सीसी रोड निर्माण हुआ है। पानी निकासी के लिये सीसी रोड के किनारे नाली का निर्माण विगत 3 दिनों से चल रहा है। गांव के भेखलाल साहू, जागेश्वर साहू एवं गीता साहू द्वारा नाली निर्माण नहीं करने दिया जा रहा था। उन्हें विगत 3 दिनों से उन्होंने, वार्ड-02 के पंच व अन्य पंचों ने समझाया लेकिन वे लोग नहीं मान रहे थे। 16 सितंबर को मजदूरों ने नाली निर्माण शुरू किया, तो उक्त तीनों नाली निर्माण करने से मना कर गैंती, फावड़ा छीन रहे थे। इसकी सूचना वार्ड-02 के पंच पवन साहू ने उन्हें दी।

वे करीब 4 बजे पंच गिरीश चंद्राकर, दीप कुमार चंद्राकर, भागवत पटेल, महावीर निषाद, महेंद्र यादव, फागूलाल साहू, तुकेश साहू, हेमराज चंद्राकर के साथ पवन साहू के घर के पास गया, वहां भीड़ लगी थी। इस दौरान फिर भेखलाल साहू, जागेश्वर साहू तथा गीता साहू को समझाया गया कि नाली निर्माण होने दो। लेकिन, वे लोग कहने लगे कि नाली निर्माण हमारे घर के सामने नहीं होगा, जो करना है कर लो। बाद वे लोग आक्रोशित होकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

सीएम का युवा भाजपा नेता देवांगन ने किया ऐतिहासिक स्वागत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गुरुवार दोपहर गोबरा नवापारा पहुंचकर राजिम-रायपुर नाम से चलने वाली बहुप्रतीक्षित मेमू ट्रेन का शुभारंभ किया। इसके लिए श्री साय हेलीकॉप्टर से गोबरा नवापारा पहुंचे थे। उनके साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और वन मंत्री केदार कश्यप भी थे। गोबरा नवापारा के हरिहर स्कूल प्रांगण में बने हेलीपैड से श्री साय उनके साथ कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसके पहले कार्यक्रम स्थल के समीप मैडम चौंक में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन को अपने युवा साथियों और बड़े हुजूम के साथ हाथों में फूलों का गुलदस्ता लिए देखकर श्री साय ने गाड़ी रुकवाई, जिसके बाद देवांगन के नेतृत्व में श्री साय का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के विभिन्न इकाई के कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधिगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल थे। इस दौरान देवांगन ने श्री साय से कार्यक्रम पश्चात पास में ही स्थित अपने निवास में स्वल्पाहार हेतु चलने आग्रह किया गया, जिस पर श्री साय द्वारा देवांगन को आमंत्रण हेतु धन्यवाद देते हुए व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए आश्वस्त किया गया कि निकट भविष्य में होने वाले किसी भी कार्यक्रम के दौरान वे उनके निवास जरूर जाएंगे। देवांगन ने भी श्री साय को रुककर स्वागत करने का सुअवसर प्रदान करने के लिए आभार जताया।

उठाईगिरी | **कलेक्टर और एसपी को बताया, भीड़ में बढ़ जाती है जेबकतरे और उठाईगिरी**

नवरात्रि में भीड़ नियंत्रण करने मंदिर महासंघ ने मांगा अतिरिक्त पुलिस बल

महासमुंद/नवप्रदेश। शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर महासंघ ने कलेक्टर और एसपी को मांग पत्र सौंपकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और विशेष प्रबंधन की मांग की है। मंदिर महासंघ संयोजक मंडल के प्रमुख दाऊलाल चंद्राकर, दानवीर शर्मा और डॉ. नीरज गजेंद्र ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के लिए जिले भर से श्रद्धालुजन उमड़ते हैं। इस दौरान मंदिरों तक पहुंचने वाले मार्गों पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। वहीं भीड़ का लाभ उठाकर जेबकतरे और उठाईगिरों जैसी असामाजिक गतिविधियों के सक्रिय होने की आशंका भी बनी रहती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग का सहयोग आवश्यक है। महासंघ ने मांग की है कि जिले के प्रमुख देवी मंदिरों और उनके आसपास के मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जाए। दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की सक्रिय तैनाती हो। साथ ही महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। संयोजक मंडल के सदस्यों ने कहा कि मंदिर महासंघ से जुड़े सभी ट्रस्ट और समितियां अपनी ओर से तैयारियां कर रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतारबद्ध व्यवस्था, पीने के पानी, सफाई और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा की भी तैयारी की जा रही है। फिर भी इतनी बड़ी संख्या में उमड़ने वाली भीड़ को संभालने में केवल समितियों के प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। प्रशासनिक और पुलिस विभाग की सहभागिता से ही नवरात्रि का पर्व सुचारु और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सकेगा।

सीसीटीवी की व्यवस्था करने की मांग

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नवरात्र के दौरान मंदिर परिसरों और उनके मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करवाया जाए। ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड की सहायता से पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर महासंघ ने प्रशासन से अपील की है कि समय रहते सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की तैयारी की जाए, जिससे नौ दिनों तक श्रद्धालुजन निर्बाध रूप से दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें और जिले की धार्मिक परंपरा गरिमा के साथ निर्विघ्न बनी रहे।

सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ अजय चन्द्राकर ने धंवन्तरी की पूजा अर्चना के साथ किया

कुरुद/नवप्रदेश। स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल कुरुद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ विधायक अजय चन्द्राकर ने भगवान धंवन्तरि की पूजा अर्चना के साथ किया। इस मौके पर उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दिर्घायु जीवन एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने श्रृजन के देवता विश्वकर्मा जयंती की सभी को बधाई दी। बुधवार को सिविल हॉस्पिटल में आयोजित एक दिवसीय विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि मोदी जी ने देश के मुखिया के तौर पर जो काम किया है उसे देश याद रखेगा, लेकिन उन्होंने प्राचीन भारतीय योग, ध्यान जैसी विधाओं का वैश्विक पटल पर स्थापित कर हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर अपनी सभ्यता और परम्परा पर गर्व करना सिखाया है। इस मौके पर विधायक श्री चन्द्राकर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र हासिल उपल्बधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेंडर एक्वल्टी के बिना नारी सशक्तिकरण की बात बेमानी है। हमें इस दिशा में काम करना होगा। क्योंकि देश और समाज के लिए अर्पित जीवन ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है?। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने सेवा पखवाड़ा एवं महिला सशक्तिकरण की बात कही। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं सौ बिस्तर अस्पताल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

न्यूज गैलरी

पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल 6 थाना प्रभारियों का तबादला

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर पुलिस विभाग में एक बार फिर से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। शहर के अलग-अलग थानों के 6 थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, अजीत सिंह राजपूत को थाना प्रभारी कोतवाली से हटाकर र.आ. केंद्र भेजा गया है। वहीं शिव नारायण सिंह को डीडी नगर थाना प्रभारी से हटाकर कोतवाली का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। मौदहापारा थाना प्रभारी रहे रविन्द्र सिंह को डीडी नगर की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मुकेश शर्मा को र.आ. सेंटर से स्थानांतरित कर मौदहापारा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनीष तिवारी को र.आ. केंद्र से हटाकर माना थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा शील आदित्य कुमार सिंह को यातायात से स्थानांतरित कर पुरानी बस्ती थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

नवरात्रि से पहले बाजार में उछाल, वित्तमंत्री चौधरी ने कहा-देश हित में निर्णय लेते हैं मोदी

रायपुर/नवप्रदेश । जीएसटी रिफार्म से नवरात्रि के पहले ही बाजारों में उछाल के साथ पितृ-पक्ष में सामानों की बुकिंग का श्रेय वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वो निर्णय लेते हैं, जो देश हित में होता है. मोदी ने 12 लाख की छूट भारत की जनता को दी है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है, और जनता का ध्यान रखना भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है. 22 तारीख के बाद देखिए देश की अर्थव्यवथा को कैसे मजबूती मिलती है. लोगों की जेब में पैसा जाता है, तो असर बाजार में दिखता है. तस्ञ्ज रिफार्म से लोगों के पैसे बच रहे हैं, ऋयशक्ति बढ़ी है. 22 तारीख के बाद बाजार में और भी ज्यादा असर दिखेगा। ओपी चौधरी ने वहीं भाजपा के पोस्टर पर कहा कि एक-दूसरे को उछालने की राजनीति कांग्रेस में होती है. राजस्थान में उछलने का खेल चलता था. सचिन पायलट मन मारकर काम कर रहे है, सब देख रहे हैं. कांग्रेस की राजनीति ही सत्ता लोलुपता की राजनीति है।

श्रीरामलला दर्शन योजना: 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

रायपुर/नवप्रदेश । श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत भारत गौरव ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर इस विशेष ट्रेन को जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुंगेली जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, बिलासपुर जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल, पूर्व महापौर वाणी राव और नगर निगम के सभापति विनोद सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी तथा रेलवे के कर्मचारी उपस्थित थे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य के साथ तिलक लगाकर भक्तों का स्वागत किया गया। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। दर्शन के लिए जा रहे इन श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्मार्ट चैटबॉट से घर बैठे मिलेगी नागरिक सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश । बिलासपुर प्रदेश का पहला ऐसा नगर निगम बनने जा रहा है, जहां नागरिक अब स्मार्ट चैटबॉट के जरिए अधिकांश सेवाओं का लाभ घर बैठे ले सकेंगे। बिलासपुर नगर निगम ने डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए वॉट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा शुरू कर रही है। इसके माध्यम से लोग प्रॉपर्टी टैक्स की जानकारी और भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं चंद मिनटों में प्राप्त कर सकेंगे।इस चैटबॉट का उपयोग करना बेहद आसान होगा। इसके लिए निगम एक विशेष वॉट्सऐप नंबर 91 88157 82574 जारी करेगा। उस नंबर को मोबाइल में सेव करने के बाद केवल हाय या नमस्ते लिखकर मैसेज भेजना होगा। इसके जवाब में ऑटोमेटेड रिप्लाई आएगा, जिसमें विभिन्न सेवाओं की सूची होगी। नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार विकल्प चुनकर प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। यह चैटबॉट एआई और मेटा की तर्ज पर काम करेगा। इसकी जानकारी निगम अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचारित करेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। नगर निगम बिलासपुर द्वारा शहर को स्वच्छ रखने और पूरे देश में पहले स्थान पर लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ वार्ड चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की जा रही है।

पीएम सूर्यघर योजना में डबल सब्सिडी से डबल हुई आवेदन और लगाने की गति

अब तक 58,500 आवेदन, 6,500 स्थापना व 17,000 स्थापना प्रक्रियाधीन

■ हॉफ बिल से मुफ्त बिजली की ओर तेजी से बढ़ रहा आकर्षण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र की तर्ज पर राज्य सरकार द्वारा भी सब्सिडी देने से आवेदनों तथा रूफ्टॉप सोलर पॉवर प्लांट की औसत मासिक संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ता हॉफबिजली बिल से शून्य बिजली बिल की ओर कदम बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे हैं जिसका असर आने वाले महीनों में बड़ी उपलब्धि के रूप में दिखाई पड़ेगा। शासन की मंशानुसार उपभोक्ताओं का रूझान अब सस्ती बिजली हेतु सरकारी योजना के बदले आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने लगा है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा एक किलोवाट के लिए 30,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 60,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए 78,000 रूपये सब्सिडी प्रदान की जा रही थी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 18 जून, 2025 को आयोजित राज्य मंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से भी सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत एक किलोवाट के लिए 15,000 रूपये, दो किलोवाट के लिए 30,000 रूपये तथा तीन किलोवाट के लिए भी 30,000 रूपये सब्सिडी देने की घोषणा की गई। जिससे एक से लेकर तीन किलोवाट तक कुल सब्सिडी क्रमशः 45,000 रूपये, 90,000 रूपये तथा 1,08,000 रूपये हो गई है। मार्जिन मनी के लिए बैंकों से 10 वर्षों के लिए 6 प्रतिशत की ब्याज दर पर आसान ऋृण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय की विशेष पहल पर राज्य सब्सिडी का प्रदाय जल्दी से जल्दी करने के निर्देश दिये गये। जिसके कारण 8 सितम्बर को आयोजित एक कार्यक्रम में 618 हितग्राहियों के बैंक खाते में 1.85 करोड़ रूपये की सब्सिडी उनके बैंक खातों में अंतरित कर दी गई। साथ ही यह व्यवस्था की गई है कि अब स्थापना के एक माह के भीतर स्टेट सब्सिडी दे दी जाएगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने किया सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

सेवा पखवाड़े में दिव्यांगों को वितरित किया सामान, सहायक उपकरण

रायपुर/ नवप्रदेश। केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासपुर के तिफरा स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता दिव्यागजनों को सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग जनों को सशक्त करने विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक धरम लाल कौशिक ने की।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान कुल 62 दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता 17 प्रतिभागियों और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट 17 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। रजत महोत्सव कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि तोखन साहू द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सम्मान प्रदान किये गये। इस दौरान 05 ब्रेल किट, 05 श्रवण यंत्र एवं 10 स्मार्ट केन वितरित किए गए। तोखन साहू ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को दिए गए उपकरण उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक होंगे तथा बिलासपुर जिले में किसी भी दिव्यांगजन को सहायक उपकरण की कमी नहीं होने दी जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय बांस दिवस के अवसर बच्चों के संग बांस पौधों का रोपण

■ बांस हरा सोना-बीबंबू फाउंडेशन ने बच्चों को दिया हरित संदेश

रायपुर/ नवप्रदेश। आज अंतरराष्ट्रीय बांस दिवस के अवसर पर बीबंबू फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खपरी, पहारा (वि. खं. धमधा) में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीबंबू फाउंडेशन के संस्थापक मोहन वर्ल्यानी ने विद्यालय के बच्चों को बांस के महत्व और उसके बहुआयामी उपयोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बांस को हरा सोना कहा जाता है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी है, बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों स्तर पर रोजगार का एक सशक्त साधन भी है। बांस सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला पौधा है, जो वातावरण से बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करके ऑक्सीजन प्रदान करता है। इसका उपयोग घर बनाने, फर्नीचर, हस्तशिल्प, कागज़, वस्त्र, बायोचार, यहां तक कि औषधीय कार्यों में भी किया जाता है।

बांस रोपण से भूमि का कटाव रुकता है, भूजल स्तर सुरक्षित रहता है और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि वे बांस को केवल पौधा न समझें, बल्कि इसे भविष्य की हरित अर्थव्यवस्था का आधार मानें। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में बांस एवं आम के पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मेश पाटिल एवं शिक्षकगण सुरेश देवांगन, देवनती निषाद, प्रकाश देवनानी, अनिल निषाद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश में अब तक 1030.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 1030.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1463.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 494.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 900.0 मि.मी., बलौदाबाजार में 751.9 मि.मी., गरियाबंद में 904.6 मि.मी., महासमुंद में 733.3 मि.मी. और धमतरी में 933.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1083.6 मि.मी., मुंगेली में 1045.5 मि.मी., रायगढ़ में 1255.4 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 895.3 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1233.1 मि.मी., सक्ती में 1125.5 मि.मी., कोरबा में 1051.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 987.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 796.1 मि.मी., कबीरधाम में 751.4 मि.मी., राजनांदगांव में 870.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1242.8 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 753.1 मि.मी. और बालोद में 1080.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 733.0 मि.मी., सूरजपुर में 1096.6 मि.मी जशपुर में 1010.4 मि.मी., कोरिया में 1146.6 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1048.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

एग्रीस्टैंक पोर्टल: पंजीकृत साढ़े तीन लाख किसानों का मेल नहीं खा रहा खसरा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एग्री स्टैक पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों के चलते किसानों के पंजीयन कराने की गति धीमी है. राज्य में अब तक 13 लाख 15 हजार से कुछ अधिक किसान ही एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन करा पाए हैं. जबकि 57 हजार से ज्यादा किसान ऐसे हैं जिनका पंजीयन एग्री स्टैक पोर्टल में अनुपलब्ध है. इनमें भी लगभग साढ़े 3 लाख किसान ऐसे हैं, जो पंजीयन हो चुके हैं, लेकिन उनका खसरा कहीं मेल नहीं खा रहा है. इसके चलते फील्ड में विभागीय अमले को भी जूझना पड़ रहा है. इसके बावजूद औसत



तौर पर नजर डालें तो बीते साल की तुलना में अब तक 50 फीसदी ही किसान पंजीयन करा पाए हैं, इनमें भी कई किसानों के खसरा मेल नहीं खाते हैं।

धान खरीदी से पहले पंजीयन के लिए इस बार किसानों को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है. प्रदेश में अब तक कुल 13 लाख 73 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है. इनमें से एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने वाले किसानों की तादाद 13 लाख 15 हजार से कुछ अधिक हैं. हालांकि अभी पंजीयन के लिए अक्टूबर माह का तक का समय बाकी है. माना जा रहा है कि इस अवधि तक पंजीकृत किसानों की तादाद में बढ़ोतरी होगी. अब तक 9 लाख 66 हजार किसानों पंजीयन हो चुका है, उनके खसरे का भी मिलान हो चुका है।

मुंगेली की तीन सिंचाई योजनाओं के लिए 11.80 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा मुंगेली जिले की तीन सिंचाई योजनाओं के कार्यों के लिए 11 करोड़ 80 लाख 9 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत योजना में विकासखण्ड लोरमी के अंतर्गत मनियारी जलाशय के डी-1 मुख्य नहर की मसना माईनर के लाईनिंग कार्य हेतु तीन करोड़ 32 लाख 74 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के कार्य पूर्ण होने पर योजना का रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 502 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हो जाएगी।

11 साल छोटे नाबालिग से युवती का अफेयर

■ आयोग ने सुनवाई से किया इंकार, बाल आयोग को सौंपा मामला

■ शादी से इंकार करने पर मांगे 50 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में रहने वाली एक युवती का 11 साल छोटे नाबालिग से अफेयर का मामला सामने आया है। 28 साल की युवती ने 17 साल के लड़के से दोस्ती की फिर दोनों रिलेशनशिप में आ गए। जब युवती ने लड़के से शादी करने की बात रखी तो लड़का पीछे हट गया। इसके बाद युवती ने 50 लाख की डिमांड की और नहीं देने पर थाने में शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं यह मामला महिला आयोग भी पहुंचा। बुधवार को हुई आयोग की जनसुनवाई में लड़की ने कहा कि उसे लड़के के उम्र के बारे में मालूम नहीं था। महिला आयोग ने इस मामले में सुनवाई से इंकार करते हुए इस मामले को बाल आयोग को सौंपने की बात कही।

रायपुर की 28 साल की युवती ने बुधवार को महिला आयोग में मामले की शिकायत की थी। युवती ने कहा, एक लड़के ने उसका शारीरिक शोषण किया है। शादी करने की बात रखी तो लड़का पीछे हट गया। उसने लड़के से 50 लाख रुपए की मांग भी की थी। वहीं नाबालिग के माता-पिता जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने महिला आयोग के सामने जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और स्कूल दस्तावेज पेश कर यह साबित किया कि उनका बेटा केवल 17 साल का है। इसके बाद महिला आयोग ने इस मामले को बाल आयोग को सौंपने की बात कही है।

छग मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चुने गए चंद्रकांत पांडे

उमेश सिंह बने सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मंत्रालय कर्मचारी संघ के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए आज मतदान हुआ। इस चुनाव में 772 वोटरों में से 725 ने मतदान किया था। शाम को वोटों की गिनती के बाद नतीजे घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर चंद्रकांत पांडे और सचिव पद पर उमेश सिंह ने जीत हासिल की।

अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें चंद्रकांत पांडेय को 233 वोट, हीराचंद बघेल को 107 वोट, कांति सूर्यवंशी को 194 और महेंद्र सिंह राजपूत को 188 वोट मिले। वहीं तीन वोट निरस्त हुए. चंद्रकांत पांडेय नव जागृति पैनल और हीरा चंद बघेल समधान पैनल से प्रत?याशी थे। अजीश मिरे उपाध्यक्ष चुने गए. उपाध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे. इसमें से अजीश मिरे को 276 वोट, कृष्ण लाल कश्यप को 202 वोट, मनोज कुमार साहू को 105 वोट, संतोष कुमार त्रिपाठी को 37 वोट और वीरेंद्र कुमार मिर्चे को 103 वोट प्राप्त हुए।

राग व द्वेष को कंट्रोल कर जीवन जीना चाहिए

चारित्र ही मोक्ष का मार्ग है : महेंद्र सागर जी महाराज

रायपुर/नवप्रदेश। टेगौर नगर पटवा भवन में जारी भेद विज्ञान शिविर के चौथे दिन बुधवार को उपाध्याय भगवंत आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब ने मोक्ष का भेद समझाया। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि चारित्र्य ही मोक्ष का मार्ग है। एक मोक्ष सिद्धशिला में पहुंचना है। दूसरा मोक्ष मोह का क्षय करना है। द्रव्य मोक्ष सिद्धशिला में जाता है। भाव मोक्ष मोह का क्षय करता है। अपने मन में व्याप्त आसक्ति और भ्रम को समाप्त करना ही मोक्ष का क्षय है। वास्तव में मोक्ष की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अज्ञानी जीव कर्म बंधन करता रहता है। ज्ञानी जीव कर्म बंधन नहीं करता। अज्ञानी जो चीज़ अपनी नहीं है उसे भी अपना बना लेता है। ज्ञानी बस संयोग मांगता है और यह मेरा नहीं है सोचता है। जो मेरा नहीं उससे जुड़कर हम राग व द्वेष करते हैं। संसार में कर्म के उदय से ही संयोग मिला है। जीने के दो तरीके हैं। पहला इस संयोग में राज व द्वेष नहीं करना और जीते रहना।

कर्म ही पाप और पुण्य के बंध का कारण

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कर्म दो प्रकार का फ्ल देता है। एक घातीय कर्म और दूसरा अघातीय कर्म होता है। घातीय कर्म आपकी ताकत का घात करता है। अघातीय कर्म आपको बाहर की व्यवस्था देता है। मनुष्य कर्म के चक्कर में फंसा होता है। कर्म का लगातार संचय होता रहता है। ये कर्म ही हमें फ्ल देते रहते हैं। अनादिकाल से ये चक्र चलता रहता है।

केनरा बैंक द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। केनरा बैंक द्वारा दिनांक 17.09.2025 को अभनपुर विकासखंड के सोनपैरी ग्राम पंचायत में भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,वित्तीय सेवाएं विभाग, के निर्देशों के अनुसार वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केनरा बैंक के प्रधान कार्यालय से महाप्रबंधक श्री धनंजय सिंह जी, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक श्री एस के शुक्ला जी, भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक श्री दीपक अभिषेक जी, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मोहम्मद मोफीज़ जी, भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रबंधक श्री अविनाश टोप्पो जी तथा केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से मंडल प्रबंधक श्री राहुल वर्मा और वित्तीय समावेशन अनुभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में ग्रामीणों, स्व-सहायता समूह सहित अन्य लाभार्थियों ने री-केवाईसी, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि जनसुरक्षा योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर में वित्तीय साक्षरता, साइबर क्राइम से सतर्क रहने के उपाय, जन सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने से लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई।

महाप्रबंधक श्री धनंजय सिंह ने ग्रामवासियों को शिविर में री-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लाभ के बारे में जानकारी दी और देश के व्यापक हित में बैंक से जुड़ने का आग्रह किया। इस शिविर का आयोजन केनरा बैंक ने किया और साथ ही, शिविर् में बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और् बैंक ऑफ इंडिया के स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिलासपुर में बी एन आईइवेंट एस बी आई कैप सिक्योरिटीज ने बढ़ाई क्षेत्रीय भागीदारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड ने बिलासपुर में आयोजित बीएनआई डायमंड ग्रैंड विज़िटर डे मीट में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस बैठक में अग्रणी उद्यमियों और पेशेवरों ने एक साथ आकर नए व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने और स्थानीय व्यापारिक समुदाय के भीतर विश्वास-आधारित संबंधों को मजबूत करने के लिए एक गतिशील मंच प्राप्त किया। बैठक के दौरान, कई व्यवसाय मालिकों ने संभावित निवेश के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एसबीआई कैप सिक्योरिटीज के बिलासपुर कार्यालय का दौरा करने में रुचि व्यक्त की – जो ग्राहक संबंधों को गहराने और क्षेत्र में कंपनी की ब्रांड उपस्थिति को विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी सुरेश शुक्ला ने कहा- बीएनआई डायमंड ग्रैंड विज़िटर डे मीट में हमारी भागीदारी, पूरे भारत में जीवंत व्यावसायिक समुदायों के साथ जुड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बिलासपुर उद्यमशीलता ऊर्जा का एक उभरता हुआ केंद्र है, और हम स्थानीय व्यापारिक नेताओं के साथ सहयोग करने को लेकर उत्साहित हैं।

बाजार की बेहतरीन ओपनिंग निफ्टी 25,250 के पार

मुंबई। मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बीच 17 सितंबर बुधवार को भारतीय सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स बढ़त के साथ खुले. शुरुआती कारोबार में सुबह निफ्टी 25,250 से ऊपर निकल गया। वहीं सेंसेक्स 146.22 अंक यानी 0.18 फीसदी बढ़कर 82,526.91 पर कारोबार कर रहा था.

एशिया कप में पाकिस्तान को धोने के बाद भारतीय खिलाड़ियों का टी20 रैंकिंग में धमाल

नईदिल्ली। टीम इंडिया टी20 फॉर्मेट में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में हिस्सा ले रही है. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने सिर्फ 2 मैच खेले हैं. इसी दौरान भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने धमाल मचा दिया है. उन्होंने रातों-रात टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का नंबर 1 गेंदबाज बनकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. वरुण को 2025 में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है और उन्हें ताजा आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज़ का दर्जा मिला है। इसके साथ ही जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई के बाद चक्रवर्ती आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले केवल तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं. चक्रवर्ती पिछले 12 महीनों में ही भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एक प्रमुख खिलाड़ी बन पाए हैं, लेकिन 34 वर्षीय इस गेंदबाज ने लगातार दमदार प्रदर्शन करके अपनी शानदार गेंदबाजी का परिचय दिया है, जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने स्क्वाड का किया ऐलान

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के साथ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने वाली है. इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने बीती रात अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. 14 अक्टूबर तक चलने वाली दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज के लिए रोस्टन चेज को कप्तान बनाया गया है, जबकि जोमेल वारिकन को उप-कप्तान बनाया गया है। इस समय टीम इंडिया एशिया कप 2025 में हिस्सा ले रही है. इसके बाद भारत और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम अगले महीने दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 2-6 अक्टूबर से शुरू होगा, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. इस सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 10-14 अक्टूबर तक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। ये दोनों ही मैच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे, इसलिए ये और भी महत्वपूर्ण हैं. इस बीच वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने सीरीज से काफी पहले ही टीम की घोषणा कर दी है. इस टीम में कुछ नए और युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है. इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि भारत की धीमी पिचों पर कौन अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। टीम की घोषणा करते हुए वेस्टइंडीज क्रिकेट निदेशक माइल्स बास्कोम्ब ने कहा कि, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम जयंत कुमार सोनी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400234/अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता ...
यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./20250910400008/अ-6/वर्ष 2024-25/प.ह.न. 01
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सचित किया जाता है कि आवेदक मणि राम उर्फमनी राम पिता भूखन निर्मलकर एवं अन्य साकिन पोटियाकला, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कोडिया, ...
मुहर — तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम स्वाति सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400246/अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता ...
यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री संतोष कुमार जायसवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400219/अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता ...
की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार किरण कुमार वेलजी आ. श्री सेवक वेलजी, निवासी मिस्त्री फरियू, देवलिया, कच्छ (गुजरात) ने सुरेशचंद जेठवा आ. श्री वी.के. जेठवा से एक जमीन, जिसका खसरा 1287/27, रकबा 0.004 हेक्टयर 460 वर्गफीट जो कि दुर्ग, मोहन नगर पश्चिम वार्ड क्र. 12, प.ह.नं. 24/19, रा.नि.म. दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), संपत्ति नगर पालिक निगम अंतगर्त में स्थित ...
... आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।
शुभ्रो चक्रवर्ती
अधिवक्ता- वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स, 12, नगर निगम परिसर सुपेला भिलाई (छ.ग.)
मो. 9302887265

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/202509111500028/अ-6/ वर्ष 2024-25 रायपुर दिनांक 08/09/2025
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38,
तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण आनलाईन भुईयां नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदिकागण, अभीराखन, कुंवरबाई, कुमारी बाई, बुधवंतीन सभी पिता स्व. सुकलाल सभी निवासी- सतनामी पारा खमतराई रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिकागण की माता खेदिया पिता फिरतु एवं बैय्यन पिता फिरतू के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि ...
... 26/09/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 8/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
सील — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम मनोज कुमार साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400235/अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता ...
की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम परमहेश प्रसाद कुशवाहा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400177/अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता ...
यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
04 रायपुर
...
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/09/2025 को जारी किया जाता है।
सील — अतिरिक्त तहसीलदार Rakesh Dewangan रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
आम-सूचना
...
व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
...
नियत दिनांक 30/09/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। यह ईश्तहार आज दिनांक 15/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।
सील — तहसीलदार भाटापारा

कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

क्र./एफ-357/1/रा.प्र.वि./शि.जां/2025/1225/231 — भिलाई, दिनांक 16/09/2025

अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति के संबंध में अंतिम सूचना पत्र

प्रति,
श्री अर्जुन सोनी
सहायक ग्रेड-3 (निलंबित)
नगर पालिक निगम भिलाई
पता-रामबैग गली कैलाशपुरी
रायपुर पिन.नं. 492001

विषय :- विभागीय जांच प्रतिवेदन पर अपना पक्ष रखने हेतु।

आप दिनांक 03.10.2023 से बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप अनुपस्थित है, आपके विरूद्ध विभागीय जांच पत्र क्रमांक/एफ-357/1/सा.प्र.वि./24/1491 भिलाई दिनांक 19.01.2024 के द्वारा संस्थित की गई है, आरोप पत्र का जवाब एवं अपना पक्ष रखने हेतु आपको दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से अंतिम सूचना प्रकाशित किया गया है कि किंतु आप कार्यालय एवं विभागीय जांच में भी अनुपस्थित रहे है। संस्थित विभागीय जांच में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के लिए आपको दोषसिद्ध पाया गया तथा दण्ड के प्रश्न पर पक्ष रखने हेतु दिनांक 02.08.2025 को आपको अनाधिकृत अनुपस्थिति के विषय में सूचना का प्रकाशन कराया गया था। इसके पूर्व भी आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति के विषय में स्थानीय समाचार पत्र नवभारत व हरिभूमि में दिनांक 28.03.2024 को सूचना पत्र का प्रकाशन कराया गया था, किंतु आप कर्तव्य/विभागीय जांच कार्यवाही में अनुपस्थित है अतः इस अंतिम नोटिस के माध्यम से आपको विभागीय जांच अधिकारी के प्रतिवेदन पर आयुक्त के समक्ष 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जा रहा है। अनुपस्थित पर आपके विरूद्ध अधिरोपित दीर्घ शास्ति हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
शुद्धि पत्र क्रमांक 01

सिस्टम निविदा क्रमांक 175010/निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./2025-26 गरियाबंद दिनांक 10.09.2025

गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा की पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य, कटआफ, राक टो, फिल्टर एवं पिंचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाफल का निर्माण कार्य।

विवरण	पूर्व में	संशोधित
1. निविदा देखने/डाउनलोड करने की तिथि	दिनांक 17.09.2025, 17:31	दिनांक 25.09.2025, 17:31
2. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि	दिनांक 01.10.2025, 17:30	दिनांक 09.10.2025, 17:30
3. निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 03.10.2025, 11.30	दिनांक 10.10.2025, 11.30

नोट : निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
विज्ञापन क्रमांक 252603481/दिनांक 12.09.2025

जी-252603584/6

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.स.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं. लिमि. कसडोल संभाग के वितरण केन्द्र गिधौरी के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. बरपाली सब स्टेशन में आरएसएस स्कीम के अंतर्गत बसवार का कार्य किया जाना है, जिसमें निम्नांकित दिनांक को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दर्शाये गए क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	उपकेन्द्र का नाम	प्रस्तावित फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता
1	20.09.2025	बरपाली	11 के.व्ही. गिधौरी फीडर	कोटियाडीह, बरपाली, अमलीडीह, सेमरा, परसापाली, गिधौरी, घटमडवा
2			11 के.व्ही. पुरगांव फीडर	खपराडीह, टूण्डरा- कटिया, नवरंगपुर, लिमतरी, मौहाडीह, तौलीडीह

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।
''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।''

बी.के. वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि.-कसडोल

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

'मिनी रत्न कम्पनी'
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/निर्माण/2025-26/ 2146 — कोरबा, दिनांक 16/09/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर नीचे लिखे कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 15.10.2025 है।

क्र.	कार्य का नाम	वि.ख.	निविदा राशि	अमानत राशि (लाख में)
1	2	3	4	5
1	आदिवासी कन्या आश्रम बिंझारा का भवन निर्माण	पोड़ीउपरोड़ा	162.69	1,22,018/-
		योग :-	162.69	

नोट :-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 18 माह (वर्षा ऋतु सहित)
2. ठेकेदारों की श्रेणी ''सी'' क्लास या उससे ऊपर।

टीप :- निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

जी-252603595/8

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग- सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक-3385/एन.आई.टी.-06/2025-26/व.ले.लि. — दिनांक 16.09.2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 26.09.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 06.10.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 07.10.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

एन.आई.टी. क्र./निविदा क्र.	कार्य नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)/अमानत राशि (रु.में)/बैंक साल्वेंसी (रु.में) कार्य पूर्णता हेतु अवधि
6 T0046	परिवार न्यायालय भवन सूरजपुर में मध्यस्थता कक्ष, विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष एवं शौचालय मरम्मत कार्य।	5.88/4410.00/88200.00 02 माह (वर्षा ऋतु सहित)
6 T0047	पालिटेक्निक हास्टल सूरजपुर में वाटर प्रुफिंग, एफ टाईप क्वार्टर में रिपेयरिंग एंड रंगाई-पोताई बाउण्ड्रीवाल में व्हाईट वाशिंग एवं नाली निर्माण कार्य।*	9.96/7470.00/149400.00 02 माह (वर्षा ऋतु सहित)

नियम व शर्तें :-
ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' में पंजीकृत ठेकेदार निविदा में भाग ले सकेंगे, निविदा प्रपत्र की कीमत 750.00 प्रति निविदा फार्म है, निविदा संबंधी अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

* Special Condition For Tender No. T0047
1. It's compulsory for bidder to show 80% of tender amount work has been done in last two year of similar nature.
2. It's obligatory to use material mentioned in SOR only. 3. It's mandatory to provide experience certificate from government department of doing similar work in government significant buildings Same Nature of Work

जी-252603601/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग सूरजपुर

केनरा बैंक Canara Bank — भिलाई एसएमई शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
1. श्रीमती उषा मिश्रा पत्नी बम बम मिश्रा, बंगला नं. 35/2, कादंबरी नगर, गोयल मेडिकल के पास, दुर्ग, तह. एवं जिला- दुर्ग(छ.ग.)-491001 एवं 796, कैलाश नगर, वार्ड नं. 16, भिलाई, तह. एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.)-490026 2. श्री बम बम मिश्रा पुत्र श्री देव नाथ मिश्रा, बंगला नं. 35/2, कादंबरी नगर, गोयल मेडिकल के पास, दुर्ग, तह. एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.)- 491001	स्वामित्व धारक का नामः श्रीमती उषा मिश्रा, चतुर्थ तल, ब्लॉक-डी, "श्रीराम हाइट्स", कैलाश नगर, क्रिश्चियन कॉलेज रोड, कुरुद, वार्ड नं. 16, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल- 80.19 वर्ग मीटर में स्थित फ्लैट नं.402 के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 403, दक्षिण- फ्लैट नं.401, पूर्व- मार्ग व फ्लैट नं. 405, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि।	HOUSING LOAN ₹ 25,65,000/- 09.09.2025 से कुल देय धनराशि ₹ 24,82,696.31 एनपीए तिथि 07.09.2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, भिलाई एसएमई शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 18.09.2024 — स्थानः भिलाई (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.)

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(8) के अंतर्गत मोचन नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित (अचल संपत्ति के लिए)

जबकिः
अधोहस्ताक्षरी, सुरक्षित ऋणदाता केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत उक्त अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षित ऋणदाता केनरा बैंक को आपकी देनदारियों से मुक्ति के लिए नोटिस जारी किए हैं। विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	उधारकर्ता/ जमानतदार विवरण/ शाखा का नाम	संपत्ति का विवरण	13(2) की तिथि / 13(4) की तिथि	मांग राशि
01	1. श्री संदीप जेठानी पुत्र राजकुमार जेठानी मार्फत- भूषण लाल चंद्राकर 2. श्रीमती सोनिया जेठानी पत्नी संदीप जेठानी मार्फत भूषण लाल चंद्राकर, दोनों का पता- 1881, डब्ल्यू- 32, गणेश प्रोविजन के पास, सीता विहार, अवंति विहार,रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001.	खसरा नं. 20/8-9-10, 1108 वर्गफीट, प.ह.नं. 110/63, मौजा- शंकर नगर, दूसरी मंजिल, जीटी हाइट्स, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 29, तह. व जिला- रायपुर। क्षेत्रफल -1108 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 204, चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 201, दक्षिण- खुला क्षेत्र, पूर्व- फ्लैट नं. 203, पश्चिम- खुला क्षेत्र।	02/07/2025 / 06/09/2025	₹ 46,99,854.93

नोटः उक्त सांकेतिक/भौतिक कब्जे की सूचना हरिभूमि एवं सेंट्रल क्रॉनिकल (रायपुर मुख्य संस्करण) समाचार पत्रों में दिनांक 11.09.2025 को विधिवत प्रकाशित की गई थी।

आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर और/या सार्वजनिक नीलामी आदि के लिए नोटिस के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय बैंक की बकाया राशि को भविष्य के ब्याज, सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों आदि के साथ चुका दें। इस प्रकार, आपका ध्यान धारा 13(8) के अनुसार उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए आकर्षित किया जाता है।

यदि आप इस नोटिस के अनुसार कार्य करने में विफल रहते हैं, तो बैंक भविष्य के ब्याज, लागतों, प्रभारों और व्ययों आदि के साथ अपनी बकाया राशि वसूलने के लिए SARFAESI अधिनियम, 2002 और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ेगा।

कृपया ध्यान दें कि यह बैंक के अधिकारों और वर्तमान में लागू कानून के तहत उपलब्ध विवादों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना है।

दिनांक- 18.09.2025 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली में गरजे पायलट, लगाया धांधली का आरोप

रविंद्र बोले - वोट चोरी कर केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में साय सरकार बनी

दुर्ग/ नवप्रदेश। वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में आज दुर्ग-भिलाई में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट जमकर गरजे। पायलट ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही हैं। चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में वोट चोरी का बड़ा खुलासा किया है। खुलासे के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल लगातार पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं।

पायलट ने कहा कि वोट देना आम नागरिक का अधिकार है। वोट चोरी कर इस अधिकार का हनन कर जनता के साथ अन्याय है। इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना हमारी जिम्मेदारी है। पायलट ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत लोगों से आव्हान किया कि लोकतंत्र की ताकत को कमजोर करने वाली भाजपा से सावधान रहें। उन्होंने वोट का महत्व समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त बनता है, जब आम जनता जिम्मेदारी के साथ अपने अधिकार का इस्तेमाल करती है। भाजपा आम जनता के अधिकार की चोरी कर रही है।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी कर केंद्र में सरकार बनाई है। अगर भाजपा वोट चोरी नहीं करती तो केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बन पाती। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि जिस तरह केंद्र में वोट चोरी कर मोदी सरकार बनी है। उसी तरह प्रदेश में वोट चोरी कर साय सरकार बनी है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वोटर लिस्ट लेकर चेक करना शुरू करें। प्रदेश के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में वोट चोरी का खुलासा होने पर इस मामले को प्रदेश स्तर पर उठाया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को भी इस मामले की जानकारी दी जाएगी।

मंच पर कांग्रेसियों की भीड़ से परेशान रहे कांग्रेस नेता

सभा के दौरान मंच पर कुल 32 चेयर लगाई गई थी, लेकिन मंच पर करीब तीन गुना लोग चढ़ गए। केवल वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों के ही मंच पर बैठने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन पांच दर्जन से ज्यादा कांग्रेस नेता मंच पर चढ़ गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को बार-बार उठकर व्यवस्था बनाने कहा गया, लेकिन युवा कांग्रेस एनएसयूआई के कई कांग्रेस नेता मंच से उतरने के लिये तैयार ही नहीं थे।

क्रेन से पहनाई गई 21 किलो की माला

राजनांदगांव से रैली के दुर्ग पहुंचने पर मिनीमाता चौक पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। चौक पर विशाल क्रेन से पायलट को 21 किलो की पुष्पमाला पहनाई गई। यहां से बाइक रैली के रूप में गांधी प्रतिमा के सामने सभास्थल पर पहुंचे। पायलट का गंजपारा, पटेल चौक पर भी भव्य स्वागत किया गया। सभास्थल पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों के अलावा संगठन कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

बाइक रैली में उमड़ी भारी भीड़, ट्रैफिक जाम

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मिनीमाता चौक से दुर्ग और भिलाई में बाइक रैली के रूप में दुर्ग पहुंचे। यहां से भिलाई भी बाइक रैली निकालकर पहुंचे। पायलट की बाइक रैली में भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। पायलट के दुर्ग पहुंचने से पहले ही सड़कों पर भारी भीड़ के कारण बार-बार ट्रैफिक जाम होता रहा। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के दौरान दिन भर दुर्ग में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। दुर्ग में यह प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की पहली रैली है जिसमें कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

वोरा निवास पहुंचे पायलट

गांधी प्रतिमा स्थल पर रैली को संबोधित करने के बाद पायलट वोरा निवास पहुंचे। वोरा निवास पर पायलट का स्वागत किया गया। इस दौरान पायलट ने पूर्व विधायक अरुण वोरा की माता शांति देवी वोरा से मुलाकात की। सचिन पायलट ने पूर्व कांग्रेस कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा की सादगी और सरलता को याद किया। पायलट ने पिता राजेश पायलट और मोतीलाल वोरा के आत्मीय संबंधों का स्मरण भी किया। वोरा निवास पर पायलट के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, टीएस सिंहदेव, विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेस की एक सभा को संबोधित किया और उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट और में गड़बड़ी की जा रही हैं।

नारेबाजी, भड़के बैज, वोरा ने भी नाराजगी जताई

भाषण के दौरान लगातार नारेबाजी होती रही। भाषण के दौरान नारेबाजी रोकने के लिये बार-बार कांग्रेस नेता अपील करते रहे। लेकिन युवा कांग्रेस के नेता नारेबाजी करते रहे। पूर्व विधायक अरुण वोरा के भाषण के दौरान उनके समर्थक बड़ी संख्या में नारेबाजी कर रहे थे। वोरा ने उन्हें रोका। बाद में पाटन क्षेत्र से आए कुछ ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के पक्ष में नारेबाजी करने लगे। इससे बैज भड़क गए। उन्होंने उठकर नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं को शोर मचाने से रोका।

सचिन पायलट की बाइक पर संपत, भूपेश की बाइक पर बैठे ताम्रध्वज

बाइक रैली में सचिन पायलट बाइक चलाते नजर आए। उनकी बाइक के पीछे प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संपत कुमार बैठे थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की बाइक पर पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता अरुण वोरा सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बाइक पर वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू बैठे थे।

'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत शराब और गांजा बेचने वाले दबोचे गए

नशे के सौदागरों के खिलाफ बालोद में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई

बालोद/ नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में रेंज स्तरीय 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत नशे के सौदागरों पर की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बालोद पुलिस के द्वारा नशे के विरुद्ध अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों पर संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी एक्ट/एनडीपीएस एक्ट तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के साथ अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग श्री रामगोपाल गर्ग के निर्देशन पर एवं बालोद पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए। नशे के सौदागरों पर नकेल कसते हुए बालोद पुलिस एक्शन मोड पर छापेमार कार्यवाही की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों के कुशल नेतृत्व में थाना/चौकियों स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। गठित टीमों ने जिलेभर में एक साथ रेड की कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और खपत में संलिप्त लोगों के विरुद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया। जिसमें 04 आबकारी एक्ट 34(1) के तहत कार्यवाही और 04 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही हुई, साथ ही 23 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। इस अभियान में नशे के कारोबार में संलिप्त कई संदिग्ध व्यक्तियों एवं पूर्व में शिकायत व्यक्तियों की धरपकड़ की गई ।

तथा उनके कब्जे से अवैध नशे के पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस की यह कार्यवाही नशे के फैलाव पर रोक लगाने और जिले के युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है।

ये हैं आबकारी एक्ट की कार्यवाही/आरोपियों के नाम

1. दिनेश साहू पिता आशाराम सा. परसूली थाना देवरी। जप्त माल 18 पौवा देशी शराब। 2. भूपेंद्र राव पिता मुकुंद राव सा. संबलपुर थाना डौंडी लोहारा। जप्त माल 16 पौवा देशी शराब। 3. चित्ररेखा पति नरेंद्र मनहरे सा. भाटापारा परसदा थाना गुण्डरदेही। जप्त माल 14 पौवा देशी शराब। 4. बिसेसर सिन्हा कोंडे पॉवर हाउस थाना राजहरा। जप्त माल 21 पौवा देशी शराब शोले।

एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में आरोपियों के नाम

1. श्रृंगार राव पति अभिषेक राव वार्ड क्रमांक 7 टीचर कॉलोनी थाना दल्लीराजहरा। जप्त माल गांजा 1.5 किलो।
2. नेमसिंह सा. नर्रा थाना बालोद। जप्त माल गांजा 800 ग्राम।
3. दिनेश खत्री उर्फदीनू पिता स्व. छगनलाल वार्ड क्रमांक 7 बाजार चौक थाना गुरूर। जप्त माल गांजा 300 ग्राम।
4. अमित पारधी निवासी सांकरा (ज) थाना बालोद। जप्त माल गांजा 01 किलो 200 ग्राम।

दे सकते हैं अपराधियों की सूचना, नाम रहेगा गोपनीय : बालोद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे के कारोबार से संबंधित कोई भी सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। सूचना देने वाले का नाम और पहचान गोपनीय रखा जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक स्थगित

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 19 सितंबर को दुर्ग में आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह बैठक सुबह 11 बजे पी.डब्ल्यू.डी., मीटिंग हॉल, जी. ई. रोड, दुर्ग में आयोजित की जानी थी। प्राधिकरण की अगली बैठक की सूचना पृथक से दी जाएगी।

रोटी मेकर मशीन घोटाला: 50 हजार की मशीनें लगभग 9 लाख में खरीदी गई

■ **मंत्री नेताम ने विभागीय सचिव से मांगा जवाब**

रायपुर/नवप्रदेश। । छत्तीसगढ़ के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग पर एक बार फिर खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं. इस बार मामला रोटी मेकर मशीन से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि जिस मशीन की बाजार में वास्तविक कीमत 50 से 60 हजार रुपये है, वही विभाग ने करीब 7 लाख 95 हजार रुपये में खरीदी. मामले की गंभीरता को देखते हुए आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने विभागीय प्रमुख सचिव से 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विभाग द्वारा पहले भी महंगी दरों पर सामान खरीदे जाने की शिकायतें आती रही हैं. सोशल मीडिया पर हाल ही में उठे सवालों ने इस प्रकरण को और तूल दे दिया है. लोगों का आरोप है कि विभाग की खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है. आदेश में कहा गया है कि बाजार मूल्य की तुलना में कई गुना अधिक राशि पर सामान खरीदे जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं. रायपुर जिले में संचालित 'प्रयास संस्था' के तहत खरीदी गई रोटी मेकर मशीन को लेकर भी गड़बड़ी की लिखित शिकायत कलेक्टर स्तर पर दर्ज हुई है।

विकास उपाध्याय का वार पर पुरंदर मिश्रा का पलटवार

■ **निर्वाचन आयोग के माध्यम चुनाव जीतने का प्रयास करती है भाजपा :विकास**

■ **कार्यक्रम में लोगों को पैसा देकर बुलाया : पुरंदर मिश्रा**

रायपुर/नवप्रदेश। वोट चोरी का आरोप के बाद वोटर अधिकार रैली को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेता आमने-सामने हैं. कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि भाजपा निर्वाचन आयोग के जरिए चुनाव जीतने का प्रयास करती है. वहीं भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने वोटर अधिकार रैली पर कहा कि लोगों को पैसा देकर कार्यक्रम में बुलाया गया, कई लोगों को तो पैसा भी नहीं दिया गया।

कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वोट चोरी का खुलासा हो रहा है. दो-दो सिटिंग विधायक के परिवार का नाम तक दो विधानसभा में हैं. लोग खुद सामने से निकल कर आ रहे हैं. भाजपा निर्वाचन आयोग के माध्यम से चुनाव जीतने का प्रयास करती हैं।

वहीं बीजेपी विधायक पुरंदर मिश्रा ने कांग्रेस के वोटर अधिकार रैली पर कहा कि कार्यक्रम में लोगों को 300-300 रुपए देकर बुलाया गया था. कार्यक्रम में आने के बाद भी कई लोगों को पैसा नहीं दिया गया. जनता का दुरुपयोग कर पैसा नहीं दिया जा रहा, कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए।

रायपुर निगम में नेता प्रतिपक्ष के विवाद को लेकर विकास उपाध्याय ने कहा कि संदीप साहू को मौका मिला था, अब आकाश तिवारी को नियुक्त किया है. यह पूरा मामला घर में बैठ कर सुलझाया जाएगा. दोनों कर्मठ साथी है. दोनों से बात करके ही चीजे सेटल की जाएगी।

वहीं इस विवाद पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि नगर निगम में संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था. फिर अचानक आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया। यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है. कांग्रेस 140 साल से नेताओं को आपस में लड़ने का काम कर रही है।

राहुल को पुरंदर ने बताया मंदबुद्धि

इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस को लेकर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जो नेता आलू से सोना बनाने की बात कर सकता है, वह कुछ भी बात को बोल सकता है. ये मंदबुद्धि बालक सबको डूबाएगा. कांग्रेस के पास जो बचा है, वह भी स्वाहा हो जाएगा।

बारिश का कहर, खेत के साथ मेनरोड से 5 फीट ऊपर बहा पानी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम बीरुटोला मे रविवार को रात्रि मे हुई अचानक तेज बारिश और गर्जना से मेनरोड से 5 फीट ऊपर बहने लगा , पानी सुबह से ही इस बारिश से मेनरोड पर बह रहा है जिससे आवागमन में श्रेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है अचानक हुई बारिश से बधित इस पानी के कारण स्कूल कालेजों के साथ साथ इस श्रेत्र में काम मे आने आने और शिक्षकों तथा स्कूली बच्चों को आने जाने समस्या उत्पन्न हुई है बारिश के पानी का बहाव तेज गति से चल रहा है ग्राम बीरूटोला के नवयुवको ने इस दौरान जरूरतमंदो को आने जाने वाले राहगीरो को तेज पानी के बहते हुए पानी से रास्ता पार करवाया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com